स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

स्वतंत्र भारत

कानपुर, शुक्रवार
16 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 4
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -264 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

मोहम्मद यूनुस ने फिर शुरू की भारत के खिलाफ गोलबंदी

(पेज-12)

विधेयकों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर राष्ट्रपति ने उठाए सवाल

समय सीमा का प्रावधान संविधान में नहीं : मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 8 अप्रैल 2025 को दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सवाल उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में आदेश दिया था कि राज्यपालों और राष्ट्रपति को एक तय समय में उनके समक्ष पेश विधेयकों पर फैसला लेना होगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर काफी हंगामा हुआ। अब राष्ट्रपति ने इस पर आपत्ति जताई है और कहा कि देश के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, तो सुप्रीम कोर्ट किस आधार पर यह फैसला दे सकता है।

राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से राज्यपाल की शक्तियों, न्यायिक दखल और समयसीमा तय करने जैसे विषयों पर स्पष्टीकरण मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में दिए अपने फैसले में कहा था कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की ओर से भेजे गए विधेयक पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। अगर तय समयसीमा में फैसला नहीं लिया जाता तो राष्ट्रपति को राज्य को इसकी वाजिब वजह बतानी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में ये भी कहा कि राष्ट्रपति किसी विधेयक को पुनर्विचार के लिए राज्य विधानसभा के पास वापस भेज सकते हैं। अगर विधानसभा उस विधेयक को फिर से पारित करती है तो राष्ट्रपति को उस पर अंतिम फैसला लेना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है।

राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे ये सवाल

राज्यपाल के समक्ष अगर कोई विधेयक पेश किया जाता है तो संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उनके पास क्या विकल्प हैं? क्या राज्यपाल इन विकल्पों पर विचार करते समय मंत्रिपरिषद की सलाह से बंधे हैं? क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा लिए गए फैसले की न्यायिक समीक्षा हो सकती है? क्या अनुच्छेद 361 राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों पर न्यायिक समीक्षा को पूरी तरह से रोक सकता है? क्या अदालतें राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों की समयसीमा तय कर सकती हैं, जबकि संविधान में ऐसी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है? क्या अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा लिए गए फैसले की समीक्षा हो सकती है? क्या अदालतें अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा फैसला लेने की समयसीमा तय कर सकती हैं? अगर राज्यपाल ने विधेयक को फैसले के लिए सुरक्षित रख लिया है तो क्या अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कोर्ट की सलाह लेनी चाहिए? क्या राज्यपाल और राष्ट्रपति द्वारा क्रमशः अनुच्छेद 200 और 201 के तहत लिए गए फैसलों पर अदालतें लागू होने से पहले सुनवाई कर सकती हैं। क्या सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 142 के द्वारा राष्ट्रपति और राज्यपाल की संवैधानिक शक्तियों में बदलाव कर सकता है? क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की मंजूरी के बिना राज्य सरकार कानून लागू कर सकती है? क्या सुप्रीम कोर्ट की कोई पीठ अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या से जुड़े मामलों को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच को भेजने पर फैसला कर सकती है? क्या सुप्रीम कोर्ट ऐसे निर्देश/आदेश दे सकता है जो संविधान या वर्तमान कानूनों मेल न खाता हो? क्या अनुच्छेद 131 के तहत संविधान इसकी इजाजत देता है कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच विवाद सिर्फ सुप्रीम कोर्ट ही सुलझा सकता है?

कैबिनेट फैसले : बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा यूपी

योगी सरकार ने 'सीड पार्क' स्थापना को दी मंजूरी

ग्रामीण विधान सभा क्षेत्रों में बनेंगे पंचायत उत्सव भवन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश में पांच 'सीड पार्क' की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। लोक भवन सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को आयोजित मंत्रिपरिषद बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ बैठक में कुल 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर स्थापित किए जाने वाले 'सीड पार्क' को प्रदेश के पांच 'क्लाइमेटिक जोन' में चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जाएगा। 'सीड पार्क' (बीज पार्क) माध्यम से बीज उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, 'स्पीड ब्रीडिंग व हाइब्रिड लैब' जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि सरकार इन 'सीड पार्क' में निवेश करने वाले बीज के व्यवसायियों को विभिन्न रियायतें प्रदान करेगी, ताकि निजी निवेश को बढ़ावा मिल सके। बीज उद्योगों को 30 वर्ष की पट्टे पर पर भूमि दी जाएगी, जिसे आवश्यकता अनुसार 90 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि एक 'सीड पार्क' से करीब 1200 लोगों को प्रत्यक्ष तथा 3000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। समूचे प्रदेश में पांच 'सीड पार्क' की स्थापना से 6000 प्रत्यक्ष एवं 15,000 अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही करीब 40,000 बीज उत्पादक किसान इन पार्क से सीधे तौर पर जुड़ेंगे। योगी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में मांगलिक आयोजनों की सुविधा बढ़ाने के लिए ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में एक विवाह घर बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। मंत्रिपरिषद ने इसे पंचायत उत्सव भवन का नाम दिया है। प्रथम चरण में 71 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में इन उत्सव भवनों का निर्माण कराया जाएगा, जिस पर 100 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान है। प्रत्येक उत्सव भवन पर 1.41 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत आएगी। इसमें उत्तर प्रदेश मातृ भूमि यजना के अंतर्गत दानदाता द्वारा 60 प्रतिशत और राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत धनराशि दी जाएगी।

'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की ताकत

उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को एक बधाई प्रस्ताव पारित किया, जिसमें उसके और प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भारतीय सेना को 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए बधाई दी गई।मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा, प्रस्ताव में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन की सराहना की गई, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता और आतंकवाद के खिलाफ उसके मजबूत रुख का प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि मंत्रिपरिषद ने भारतीय सेना की वीरता और साहस की सराहना की और उन्हें हार्दिक बधाई दी। प्रस्ताव में कहा गया है, पूरे उत्तर प्रदेश को देश की सुरक्षा के लिए समर्पित हमारे बहादुर सैनिकों पर गर्व है। मंत्री ने कहा कि मंत्रिपरिषद ने ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन की खातिर राष्ट्र को सफल नेतृत्व प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रस्ताव में इस बात पर जोर दिया गया कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और ऑपरेशन सिंदूर हमारी ताकत और एकता तथा देश की रक्षा के लिए हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है।

चलती बस बनी आग का गोला, भाई-बहन समेत पांच की मौत

बिहार से दिल्ली जा रही थी यात्रियों से भरी बस

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के हरिकंशगढ़ी किसानपथ अंडर पास के ऊपर गुरुवार तड़के करीब पौने पांच बजे चलती बस में आग लग गई। देखते-देखते लपटें विकराल हो उठी। आग में फंसे लोग मौत सामने देख छटपटा रहे थे। कोई खिड़की का शीशा तोड़कर निकला तो गेट से। भीषण अग्निकांड में मासूम-भाई बहन समेत पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। दमकल और पुलिस कर्मियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया और

रेस्क्यू कर लोगों को निकाला। हादसे में पांच सवारियां आशिंक रूप झुलस गई और सात चोटिल हुए। घायलों का ट्रामा-टू और मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराया गया। बस सवार सभी यात्रियों के रुपये, कपड़े और सारा सामान भी जलकर राख हो गया।

चालक और हेल्पर बिहार के बेगूसराय से स्लीपर कोच बस में ठसाठस करीब 100 सवारियां बैठाकर दिल्ली जा रहे थे। हादसे के दौरान चालक और हेल्पर केबिन से कूदकर भाग निकले। चालक, हेल्पर और मालिक के खिलाफ मोहनलालगंज थाने में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। दोनों की गिरफ्तारी के पुलिस की दो टीमें दबिश दे रही हैं। बस बेगूसराय ट्रैवेल एजेंसी से सवारियां लेकर दिल्ली आनंद विहार जा रही थी। सवारियों के मुताबिक बताया कि चालक दिल्ली के लिए बुधवार शाम सवारियां लेकर चला था।

हरदोई में सड़क हादसा, सात मरे

हरदोई। हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र में संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ऑटो पलट गया, जिसमें दबकर ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई। संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर बड़ी संख्या में ऑटो चलते हैं। इसी तरह का एक ऑटो बृहस्पतिवार को नौ सवारियां लेकर संडीला की तरफ जा रहा था। हरदलमऊ गांव के पास ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो में सवार सात लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

विभिन्न दुर्घटनाओं में दो घायल

स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नावः कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित नसिरपुर मार्ग मोड़ के निकट बुधवार की शाम तेज रफ्तार दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक बाइक सवार जाहिर (53) ग्राम हैबतपुर बांगरमऊ गंभीर रूप से घायल हो गया। जब कि दूसरा बाइक सवार मौके से भाग निकला। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सुबह एक अन्य सड़क दुर्घटना में गोपाल (22) गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय सरकारी सरकार ने भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर देख उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

दबंगों द्वारा पूजा स्थल परिसर पर जबरन निर्माण

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आज गुरुवार को दबंगों द्वारा पूजा स्थल परिसर पर जबरन निर्माण कर अवैधानिक ढंग से कब्जा करना शुरू कर दिया गया। यह देखकर गांव के करीब दो दर्जन महिला और पुरुष तहसील कार्यालय आ धमके और एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर दबंग कब्जेदारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग उठाई। ग्राम अतरधनी के मजरा नगरा के ग्रामीणों द्वारा उपजिलाधिकारी शुभम यादव को सौंपे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि गांव की आबादी के बगल में ही देवी जी का प्राचीन मंदिर स्थित है। मंदिर परिसर की भूमि राजस्व अभिलेखों में आबादी और खाद के गड्ढे के नाम सुरक्षित दर्ज है। किंतु यह भूमि पुरातन से आध्यात्मिक कार्यक्रम के प्रयोग में होती रही है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाया गया है कि गांव के ही दो दबंगों द्वारा आज सुबह मंदिर परिसर की सरकारी भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों ने जब निर्माण कार्य रोकने का प्रयास किया तो दबंग झगड़े को आमादा हो गए। तब गांव के संतोष कुमार, राम कुमारीए सियारामए शांती देवीए कल्लेए रामदेवीए संध्याए भैयालाल व देशराज सहित करीब दो दर्जन से अधिक ग्रामीण यहां के तहसील कार्यालय आ धमके और एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर दबंग अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की। एसडीएम ने ग्रामीणों से राजस्व अभिलेखों के आधार पर मौके की जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

गंगा नदी पर बनेगा नया फोरलेन पुल

235 करोड़ की मिली मंजूरी, पहली किश्त 82 करोड़ जारी

स्वतंत्र भारत उन्नावः जिले के लिए एक महत्वपूर्ण विकास में गंगा नदी पर नए फोरलेन पुल के निर्माण को मंजूरी मिल गई है।

शासन ने इस परियोजना के लिए 235 करोड़ 25 लाख 63 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 82 करोड़ 33 लाख 97 हजार रुपये की पहली किश्त दर दी गई है। ब्रिटिश काल का पुराना पुल, जो शुक्लागंज और कानपुर को जोड़ता था, जर्जर होने के कारण लगभग चार वर्ष पहले बंद कर दिया गया था। इससे स्थानीय लोगों को कानपुर आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नवीन पुल पर ट्रैफिक का अधिक दबाव होने से यहां रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती थी। स्वीकृति की खबर पर नगर में खुशी का माहौल है। विधायक पंकज गुप्ता का नगरवासियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। दुर्गा मंदिर में विशेष पूजन भी किया गया। विधायक ने आश्वासन दिया है कि पुल का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा और गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाएगा। समारोह में बड़ी संख्या में विशिष्ट नागरिक भी उपस्थित थे।

लापरवाह शिक्षक का बीएसए ने एक दिन का वेतन काटा

विद्यालय बंद करने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा

फतेहपुर चौरासी उन्नावः ग्राम प्रधान द्वारा शिक्षा विभाग सहित उच्चाधिकारियों से ग्राम पंचायत स्थित एक परिषदीय विद्यालय में शिक्षकों की मनमानी की शिकायत करने के मामले को समाचार पत्रों द्वारा प्रमुखता दिए जाने पर विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक से स्पष्टीकरम देने का आदेश देने के साथ ही शिक्षक का एक दिन का वेतन रोक दिया है। ज्ञातव्य हो कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत समसपुर अटिया कबूलपुर के कमजरा ग्राम कबूलपुर में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को साढ़े आठ बजे तक शिक्षक के विद्यालय न आने से स्कूल के बच्चे बाहर खेलते रहे। प्रधान अनुराधा सिंह के पति रणधीर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को जानकारी मिली कि कबूलपुर विद्यालय के बच्चे स्कूल के बाहर खेल रहे थे यह देखकर प्रधानपति ने बच्चों से पूछा तो बच्चों ने बताया कि विद्यालय में अभी तक कोई भी शिक्षक नहीं आए हैं। प्रधानपति ने सुरक्षा की दृष्टि से सभी बच्चों को कक्षाओं में बैठाया इसके बाद उन्होंने विभागीय उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी। प्रधानपति रणधीर सिंह ने बताया कि विद्यालय में नियुक्त एक शिक्षक हमेशा लापरवाही करते है तथा एक बार निलंबित भी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को विद्यालय समय से न खुलने पर विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई इसके बाद भी विद्यालय को समय सेपहले बंद करके चले शिक्षक चले गए।शिक्षकों की मनमानी की ग्राम प्रधान अनुराधा सिंह ने सहायक विकास अधिकारी फतेहपुर चौरासी हेमंत कुमार के माध्यम से खंड विकास अधिकारी एवं भारतीय डाक विभाग के माध्यम से जिलाधिकारी से शिकायत की है। उक्त परिषदीय विद्यालय में नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ को गंभीरता से लेते हुए बीएसए संगीता सिंह ने बुधवार को आदेश जारी कर लापरवाह शिक्षक राजेश यादव का एक दिन का वेतन अवरूद्ध कने के साथ ही उनसे समयपर विद्यालय न पहुंचने एवं समय से पूर्व विद्यालय बंद करने का स्पष्टीकरण भी मांगा है।

आंख बंद करके बैंठे हैं अफसर: राज्यपाल

30 फीसद बेटियां जन्म से पहले मारी जा रहीं, एफआईआर कर डाक्टरों को जेल भेजें

स्वतंत्र भारत उन्नावः प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंची। उनका हेलीकाप्टर सुबह करीब 10 बजे रिजर्व पुलिस लाइन में उतरा, जहां कमिश्नर डा.रोशन जैकब, जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सांसद साक्षी महाराज, सदर विधायक पंकज गुप्ता समेत जनप्रतिनिधियों ने भी पुष्पगुच्छ भेंटकर राज्यपाल का अभिनंदन किया। राज्यपाल ने बेटियों की गर्भ में या जन्म लेते ही मौत पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 30 प्रतिशत बेटियों को जन्म से पहले या तुरन्त बाद मार दिया जाता है। भ्रूण हत्या के मामलों में निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत है। हमारे अफसर भी आंख बंद करके बैठे हैं। कहा कि ऐसे डाक्टरों पर एफआईआर दर्ज करके जेल भेजा जाए। उन्होंने मंच से कहा कि आज का दिन गौरव का दिन है। एक सप्ताह पहले हमारी सेनाओं और सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान और आतंकवाद को करारा जवाब दिया। राज्यपाल ने अपने भाषण में कहा कि भारत की सेनाओं ने जिस तरह से साहस और सटीक रणनीति से आतंकवाद पर प्रहार किया, वह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा आज भी हमारे समाज में एक गंभीर अपराध का रुप ले चुकी है। कल जब मैं सीतापुर जेल के भ्रमण पर गई थी तो पता चला कि वहां 30 प्रतिशत कैदी दहेज से जुड़े मामलों में बंद हैं। राज्यपाल ने आगे कहा कि समाज में आझ भी 30 प्रतिशत बेटियों को जन्म से पहले या तुरन्त बाद मार दिया जाता है। जो अत्यन्त पीड़ादायक और चिंताजनक है। भ्रूण हत्या और दहेज प्रथा पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि बेटी की जानकारी मिलते ही आपरेशन करवा देते हैं। यह अमानवीय है। बेटा हो या बेटी जन्म का अधिकार सबका है। राज्यपाल ने कहा कि भ्रूण हत्या के मामलों में निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत है। हमारे अफसर भी आंख बंद करके बैठे हैं। मैं कल भी अधिकारियों को निर्देश दे चुकी हैं कि औचक निरीक्षण करें। जांच करें, एफआईआर दर्ज करें और दोषी डाक्टरों को जेल भेजें। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान मानने को तैयार नहीं हुआ लेकिन हमारे जवानों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो दृढ़ संकल्प और साहस दिखाया, वह असाधारण था। देश की सीमाओं की रक्षा में लगे सैनिकों के सटीक निशाने और समर्पण से आतंकवाद की कमर तोड़ दी गई है। हमारी सेनाओं को हम सलाम करते हैं, अभिनंदन करते हैं। यही है नया भारत, जो सहता नहीं जवाब देना जानता है। राज्यपाल ने आगे कहा कि देश भर में निकाली गई तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशवासियों ने जवानों को सलाम किया। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिकों को अपनी सेनाओं पर गर्व है और ऐसे मौके पर देश एकजुट होकर अपनी ताकत दिखाता है। उन्नाव में गिरते लिंगानुपात पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि यहां 1000 बेटों के मुकाबले में सिर्फ 886 बेटियां हैं। यह समाज की सोच पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। राज्यपाल ने अधिकारियों से इस दिशा में कठोर कार्रवाई करने और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई उन्होंने गुजरात में की थी। इसके बाद वहां भ्रूण हत्या पर रोक लगी। राज्यपाल ने कहा कि बेटियों को पढ़ाओ, उन्हें सम्मान दो। बेटी को बेचो मत क्या बेटा कोई बिकने वाली चीज है जो उसके लिए दहेज लिया जाए।उन्होंने कहा कि यह स्थिति समाज की सोच में बदलाव की आवश्यकता दर्शाती है। उन्होंने हत्या के मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि जेलों में 21 प्रतिशत कैदी हत्या के अपराध में बंद हैं। वहीं, जमीन से जुड़े विवादों की संख्या भी कम नहीं है। करीब 30 प्रतिशत मामले जमीन विवाद से जुड़े हैं। राज्यपाल ने स्वामित्व योजना की सराहना करते हुए कहा कि अब आपकी जमीन आपके नाम पर दर्ज है, कोई आपसे छीन नहीं सकता। उन्होंने समाज में जागरूकता और कानून का सम्मान करने की अपील की। राज्यपाल ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विषयक कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों से आए बच्चों को पोषण किट का वितरण किया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि कुपोषण को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार लगातार प्रयासकर रही है और इसमें जनभागीदारी अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित माताओं से पोषणयुक्त आहार देने और बच्चों को नियमित जांच कराने का आह्वान किया।कार्यक्रम में 1200 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत सहायता प्रदान की गई।इनमें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, और पोषण अभियान जैसे योजनाएं शामिल रहीं। राज्यपाल ने लाभार्थियों को प्रमाणपत्र देकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने जिले के अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में प्रशासन की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षआ और पोषण पर विशेष जोर दिया और कहा कि सशक्त नारी ही समृद राष्ट्र की नींव होती है। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। महिला पुलिसकर्मियों की भी विशेष तैनाती की गई थी।

कंटेनर में लगी आग से लाखों की सामान जलकर नष्ट

स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नावः कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित ग्राम सिरधपुर के सामने एक कंटेनर के इंजन से अचानक धुआं उठने लगा। यह देख चालक ने तुरन्त पार्किंग में कंटेनर खड़ा कर दिया। देखते ही देखते कंटेनर सें आग की लपटें उठने लगीं। चालक की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया। किन्तु तबतक कंटेनर में लदा आनलाइन शापिंग का लाखों रुपये कीमत का सामान जलकर राख हो गया। जिला मैनपुरी निवासी चालक लवलेश कंटेनर में गुड़गांव हरियाणा से आनलाइन शापिंग का माल लादकर गौहाटी असम जा रहा था। तभी रास्ते में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित ग्राम सिरधरपुर के सामने बुधवार को दोपहर अचानक कंटेनर के इंजन से तेज धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं। यह देख चालक ने तुरन्त ही कंटेनर को सड़क के किनारे खड़ा कर आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और पानी की बौछार कर किसी तरह आग पर काबू पाया। किन्तु तब तक कंटेनर में लदा आन लाइन शापिंग का लाखों रुपये कीमत का माल आग में जलकर भस्म हो गया। सूचना पाते मौके पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने कंटेनर को सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराने के बाद मार्ग पर आवागमन बहाल कराया। शांपिंग माल एजेंसी के अधिकारियों के मौके पर आने के बाद ही आग से हुई क्षति का आंकलन हो सकेगा।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर थाने में महिला आरक्षी नोडल अधिकारी

शिकायतों पर होगी तुरंत कार्रवाई

स्वतंत्र भारत उन्नावः पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के लिए आपरेशन भरोसा की शुरूआत की है। यह पायलट प्रोजेक्ट पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के नेतृत्व में शुरू किया गया है। जिले के सभी 21 थानों में एक-एक महिला आरक्षी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। ये अधिकारी पीड़िता से सीधे संपर्क में रहती है। वे शिकायत दर्ज होने से लेकर चार्जशीट दाखिल होने तक की प्रक्रिया की निगरानी करती हैं। सीओ सिटी सोनम सिंह इस परियोजना को जमीनी स्तर पर लागू कर रही हैं। हर थाने में एक समर्पित टीम महिलाओं की शिकायतों पर कार्रवाई करती है। एक विशेष रजिस्टर में

शिकायतों का गोपनीय विवरण रखा जाता है। इस रजिस्टर में शिकायत की तारीख, केस की स्थिति, पीड़िता से संपर्क का समय और फीडबैक काल की जानकारी दर्ज की जाती है। इससे यह सुनिश्चित होत है कि कोई शिकायत लंबित न रहे। यह पहल यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, महिला अपहरण और गुमशुदगी के मामलों पर विशेष ध्यान देती है। यह योजना मिशन शक्ति, 1090 हेल्पलाइन और महिला हेल्प डेस्क जैसे मौजूदा अभियान का पूरक है। इससे महिलाओं का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास बढ़ा है। आपरेशन भरोसा, सिर्फ एक योजना नहीं बल्कि महिलाओं की आवाज को महत्व देने और न्याय दिलाने की दिशा में एक संवेदनशील कदम है। यह न केवल सुरक्षा का भरोसा देता है बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। आने वाले समय में इस मॉडल को राज्य के अन्य जिलों में भी लागू करने की संभावना जताई जा रही है।

जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच 10 राउंड फायरिंग, आरोपी फरार

स्वतंत्र भारत उन्नावः गंगाघाट थाना क्षेत्र के डकारी गांव में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विगत दिवस देर शाम दो पक्षों के बीच कहासुनी होने के बाद फायरिंग हुई। यह घटना ब्रजकिशोर सिंह उर्फ ननके सिंह और दद्दन सिंह उर्फ कन्हैया सिंह के बीच हुई। जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में पहले वाद-विवाद हुआ। इसके बाद दद्दन सिंह ने अवैध हथियार से करीब 10 राउंड फायरिंग कर दी। घटना के समय दोनों पक्ष विवादित जमीन पर मौजूद थे। दोनों के बीच पहले से ही भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दद्दन सिंह ने अचानक हथियार निकाला और ब्रजकिशोर सिंह पर फायर कर दिया। गोली से कोई नुकसान नहीं हुआ। आरोपी मौके से फरार हो गया। फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। गंगाघाट थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस आरोपी दद्दन सिंह के खिलाफमुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। पीड़ित ब्रजकिशोर सिंह से पूछताछ जारी है। पुलिस वीडियो की तकनीकी जांच करा रही है। पीड़ित पक्ष न् आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने अपनी जान को खतरा बताया है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

पूर्व विधायक के एक पुत्र ने दूसरे को मारपीट कर लहूलुहान किया

स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नावः स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक के दो बेटों के बीच मंगलवार की शाम को किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान छोटे भाई ने बड़े भाई पर ईंट से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल को इलाज के लिए पहले सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख उसे मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के ग्राम नेवल के मजरा हीरामनपुरवा निवासी दिवंगत मुल्ला हंस वर्ष 52 में सफीपुर-बांगरमऊ विस क्षेत्र से कम्युनिष्ट पार्टी के विधायक चुने जा चुके हैं। उनके बेटे महेश हंस और मनोज हंस के बीच पिछले दिन देर शाम अचानक किसी बात को लेकर कहा सुनी होने लगी। इस मामूली नोंक-झोंक ने इतना तूल पकड़ लिया कि छोटे भाई मनोज हंस ने अपने बड़े भाई महेश हंस पर ईंट से हमला कर दिया। हमले से महेश हंस लहूलुहान हो गया। उसके आंख सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। बड़े भाई महेंद्र हंस तुरन्त ही घायल भाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर घायल को मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया।

कानपुर देहात समाचार

जिलाधिकारी ने की सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा दिए निर्देश

माती कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित फ्लैगशिप विकास कार्यक्रमों तथा सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर प्रदर्शित निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयनए लाभार्थी डेटा की फीडिंग और डैशबोर्ड पर अद्यतन जानकारी को लेकर अधिकारियों से विस्तार से चर्चा कीए साथ ही लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्यवाही की चेतावनी भी दी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड प्रदेश सरकार की प्राथमिकता की योजनाओं की निगरानी का सशक्त माध्यम हैए इसमें दर्ज आंकड़े शासन स्तर पर देखे जाते हैंए इसलिए सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक योजना की अद्यतन जानकारी समयबद्ध रूप से अपलोड की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जो भी विभाग निर्धारित समयसीमा में जानकारी अपडेट नहीं करेगाए उसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए और इसकी पुष्टि सीएम डैशबोर्ड पर होनी चाहिए। बैठक के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं की जमीनी प्रगति के आधार पर ही शासन स्तर से जनपद का मूल्यांकन होता हैए इसलिए आंकड़ों में पारदर्शिता एवं सटीकता अनिवार्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग माह के अंत में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर उसकी रिपोर्ट सीएम डैशबोर्ड पर अपलोड करना सुनिश्चित करेए साथ ही विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्यों की समीक्षा की गयी। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को परियोजनाओं को समयान्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाऐं निर्धारित समयावधि में मानक व गुणवत्ता का पालन करते हुए कार्यो को पूर्ण करायेंए सम्बन्धित विभाग निर्माण कार्यो की नियमित समीक्षा करें। जिलाधिकारी ने अन्त में अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि शासकीय कार्यों में ढिलाई किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। सभी विभाग पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंए ताकि जनपद शासन की अपेक्षाओं पर खरा उतर सके।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0ए डीएफओ एके द्विवेदीए सीएमओ डा0 एके सिंहए परियोजना निदेशक वीरेन्द्र कुमारए जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेलए अर्थ एवं सख्याधिकारी प्रतिभा सिंह सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्य संपादित कराने आए दिव्यांग जनों ने लजीज भोजन कर कहा, थैंक्स रत्नेश

माती कानपुर देहात परंपरा का रूप ले चुके दिव्यांग शिविर में आने वाले दिव्यांग जनों को भोजन करने का दौरा गुरुवार को भी अनवरत जारी रहाए संविदा कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रत्नेश वाजपेई की पहल पर शुरू हुएं उपरोक्त कार्यक्रम को अब विभागीय अधिकारियों का भरपूर सहयोग प्राप्त होने लगा हैए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके सिंहए डॉ एस एल वर्मा डॉक्टर आशीष बाजपेई डॉ डीके सिंह एवं डॉक्टर शलभ मोहन द्वारा संयुक्त रूप से कढी रोटी चावल परोसकर शिविर का शुभारंभ कियाए इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कहा गया कि यह बात हर इंसान जानता है कि जीवन यात्रा में वह चाहे जितनी दौलत शोहरत और इज्जत क्यों ना कमा लें अंत में केवल उसके कर्म ही साथी बनते हैं और जीवन यात्रा समाप्त होने के बाद हमारे कार्य व्यवहार ही हमारी चर्चा कराते हैं इसलिए सभी को यह ध्यान रखना चाहिए कि इंसान बनने के बाद यदि इंसानियत का फर्ज नहीं निभाया तो फिर इंसान कहलन का कोई हक नहीं होता है। कहना कतई गलत नहीं होगा कि इंसान और इंसानियत के लिए संविदा कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रत्नेश बाजपेई सदैव समर्पित भूमिका में नजर आते रहे हैंए किसी पात्र व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वित करना हो अथवा किसी बेसहारा की निजी तौर पर मदद करनी हो रत्नेश कभी खुद को पीछे नहीं रख पाते हैंए रनिया के साकार शर्मा को ही ले लीजिए महज़ कुछ वर्ष पूर्व ही की तों बात है जब मदद मांगने आए परिजनों को ना सिर्फ आर्थिक सहयोग दिया बल्कि लखनऊ के कैंसर अस्पताल तक में रत्नेश मासूम की सिफारिश करते रहेए लगभग वर्ष भर पूर्व श्री बाजपेई द्वारा अपने कार्यालय के साथियों और वरिष्ठ अधिकारियों से विचार विमर्श करने के उपरांत यह निर्णय लिया गया था कि दिव्यांग शिविर में अपने कार्य संपादित कराने के लिए आने वाले प्रत्येक दिव्यांग को कार्यालय परिसर में ही आवश्यक भोजन कराया जाएगाए आपसी सहयोग से शुरू हुआ उपरोक्त कार्यक्रम आज परंपरा का रूप ले चुका है गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित दिव्यांग शिविर में भाग लेने जिले के अलग.अलग स्थान से आए दिव्यांग जनों को वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा भोजन कराया गयाए इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कहा गया कि मानव सेवा से बड़ा दूसरा और कोई धर्म नहीं होता है इसलिए सभी लोग एक दूसरे की मदद करने का कार्य शुरू कर दे तो फिर हमारे समाज में किसी प्रकार की कोई परेशानी बाकी नहीं रहेगी उन्होंने उपरोक्त कार्यक्रम के आयोजन पर अपने कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित कियाए इस दौरान विशेष सहयोगी विजय मिश्रा सहित निवेदिता सिंह चौहान शिवम यादव राजेश अवधेश तिवारी बृजेश अशोक कुशवाहा लाल जी आदि मौजूद रहे।

राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला के प्रयासों से अकबरपुर में शुरू हुआ आधार सुधार शिविर

माती कानपुर देहात ययय आधार में सुधार के लिए दर दर की ठोकरें खाते धूम रहे लोगों को अकबरपुर रनिया विधायक प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला से बड़ी संजीवनी प्राप्त हुई हैए भारत सरकार को पत्र लिखकर बीतें दिनों राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा बताया गया था कि आधार में सुधार के लिए उनके क्षेत्र की जनता तमाम परेशानियों का सामना करने को मजबूर है राज्य मंत्री के पत्र पर गंभीर भारत सरकार द्वारा 15 दिवसीय आधार सुधार कैंप के आयोजन की अनुमति प्रदान की गई थीए अकबरपुर विकासखंड कार्यालय परिसर में आयोजित उपरोक्त सिविल का शुभारंभ राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा किया गया इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करने का व्रत धारण कर उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में अपने कदम आगे बढ़ाए थे इसलिए अपने जीवन की आखिरी सांस तक जनता को किसी भी मामले में परेशान नहीं होने दिए जाएगा उन्होंने सभी से खुलकर आवाहन किया कि आधार से संबंधित समस्या का समाधान कराने के लिए लोग अकबरपुर विकासखंड कार्यालय पहुंचेए गुरुवार को भव्य समारोह के बीच प्रारंभ हुए शिविर मैं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा कहा गया कि मामला छोटा हो या बड़ा सभी में वह जनता के साथ समर्पण भाव से खड़ी दिखाई देगी क्योंकि अकबरपुर रनिया विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि बनाया है तो जनता के उसे विश्वास को वह कभी टूटने नहीं देगी उन्होंने सभी से आवाहन किया

दुखी परिजनों को वीर सेन ने बंधाया ढांढस अर्पित किए श्रद्धासुमन

माती कानपुर देहात प्राथमिक शिक्षक संघ अमरौधा के अध्यक्ष राजेंद्र बाबू यादव के माता और पिता के निधन की जानकारी लगते ही सपा मुखिया अखिलेश यादव के अत्यंत गरीबी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रांतीय नेता चौधरी वीर सेन यादव गुरुवार को दुखी परिजनों के पास पहुंचेए अपनी शोक संवेदना प्रगट करते हुए उन्होंने कहा कि आदि अनादि काल तक शिक्षक श्याम सुंदर यादव को याद रखा जाएगा क्योंकि उनके जैसा मिलनसार व्यक्तित्व कभी.कभी ही सामने आता है।गौरतलब रहे कि प्राथमिक शिक्षक संघ अमरौधा के अध्यक्ष राजेंद्र बाबू यादव के पिता सेवा निवृत्त शिक्षक श्याम सुंदर यादव पूरे जनपद में सभी के बीच समर्पण भाव से शिक्षा की अलख जगाने का कार्य करते रहेए लंबे समय से वह गंभीर बीमारी से ग्रसित थे जिसके चलते गत दिवस उनका निधन हो गया था शिक्षा के क्षेत्र में मेधावियों को आगे बढ़ाने के उत्कृष्ट कार्य को समर्पण भाव से करने वाले स्मृति शेष शिक्षक श्याम सुंदर यादव को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने गुरुवार को सपा के प्रांतीय नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीरा यादव के सम्मानित पति चौधरी वीर सेन यादव दुखी परिजनों के पास पहुंचेए अपनी शोक संवेदना प्रगट करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन और मौत पर तो केवल ईश्वर का अधिकार है हम सबको यहां मुसाफिर है और हमारी जिम्मेदारी केवल कर्म करने तक ही सीमित है ए किसको कब विधाता अपने चरणों की सेवा करने का अवसर प्रदान कर दे यह तो कोई नहीं जानता है इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी लोग स्मृति शेष श्याम सुंदर यादव के सपनों को साकार करते हुए उनके प्रयासों को आगे बढ़ाने का कार्य करें जिससे उनको सच्ची आत्म शांति प्राप्त हो सके उन्होंने साफ तौर से कहा कि आवश्यकता पड़ने पर दुखी परिवार के साथ वह और उनकी पार्टी समर्पण भाव से खड़ी दिखाई देगीए इस दौरान नसरीन अख्तर महाराज सिंह काशिफ खान छोटे खा दरोगा सुजीत पाल गजेंद्र प्रताप सिंह राम शंकर प्रजापति राजू यादव बृजेश कुमार अरविंद सिंह रामविलास निषाद सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

जान से मारने की नियत से फायर करने पर लिखाया मुकदमा

माती कानपुर देहात मंगलपुर थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने ईंट पत्थर चला कर घायल करने व जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करवाया है मंगलपुर थाना क्षेत्र के सिंहपुर निवासी बलबीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पड़ोस में ही रहने वाले अजय सिंहए विमल सिंह व शिवम सिंह आए दिन शराब के नशे में गाली गलौज करते हैं। बुधवार की रात लगभग 9 बजे तीनों लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। गालियां देने से मना करने पर उन लोगों ने ईंट पत्थर चलाएं ।जिसमे एक पत्थर उसके पैर में लगाए जिससे वह लहु लुहान हो गया। वही आरोप है कि आरोपियो नें पीड़ित को जान से मारने की नीयत से दो.तीन फायर किए जिससे पीड़ित ने जमीन पर लेट कर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर मंगलपुर संजय गुप्ता ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीन के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

तिरंगा यात्रा निकाला ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का मनाया जश्न

स्वतंत्र भारत संवाददाता
कानपुर। आतंक के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भाजपा नेताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें उत्तर जिले ने जहां मोतीझील स्थित कारगिल पार्क से यात्रा निकाली तो दक्षिण जिले ने श्यामनगर में शुभम द्विवेदी के घर से यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा नेताओं के हाथों में तिरंगे के साथ ही कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के पोस्टर भी दिखाई दिए। देशभक्ति के गीतों के बीच निकली तिरंगा यात्रा में सांसद रमेश अवस्थी, विधायक नीलिमा कटियार, सुरेंद्र मैथानी, महापौर प्रमिला पांडेय, उत्तर जिलाध्यक्ष समेत अन्य भाजपा नेता शामिल हुए। भाजपा नेताओं तिरंगा यात्रा के जरिए सेना के शौर्य और पराक्रम के बारे में आम लोगों को जानकारी दी। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद के भी नारे लगाए गए।

गल्ली मंडी में हुई अग्निकांड के पीड़ितों से मिले सांसद, जाना घटनाक्रम

-व्यापारियों ने किया मुआवजा की मांग, दिया आश्वासन

कानपुर। कलक्टरगंज गल्ला मंडी में हुए भीषण अग्निकांड के पीड़ितों से गुरूवार को भाजपा सांसद रमेश अवस्थी ने मुलाकात की। उन्होंने घटना के कारणों को जाना। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि अगर घटना के 15 मिनट के भीतर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच जाती, तो काफी हद तक नुकसान से बचा जा सकता था। केमिकल गोदाम समेत घी, तेल, सौफ समेत करीब 100 से अधिक दुकानें आग की चपेट में आ गई थीं। इस दौरान केमिकल गोदाम में एक बुजुर्ग की मौत होने के साथ 14 लोग झुलस भी गए थे। इस अग्निकांड में व्यापारियों का करीब 25 से 30 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसके बाद सांसद ने खाक हुई दुकानों का जायजा लिया। इस दौरान भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि आग लगने के दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मंडी तक देर से पहुंची, अगर 15 मिनट के भीतर गाड़ियां मौके पर पहुंच जाती तो शायद दुकानों को बचाया जा सकता था। इस दौरान व्यापारियों ने भविष्य में ऐसे हादसों से बचाव के लिए फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां सीपीसी रेलवे गोदाम के पास खड़ी कराने की मांग की। सांसद से पीड़ित व्यापारियों ने मुआवजा की मांग की। जिस पर सांसद ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गुरुजिंदर सिंह, अब्दुल वहीद, विनायक पोद्दार, पवन गुप्ता, राजा गुप्ता, सुरेंद्र जायसवाल, राजा गुप्ता, जयहिंद गुप्ता, राजेश गौतम, नितेश केसरवानी समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

जमीन पर कब्जा होने से परेशान प्रापर्टी डीलर ने लगाई फांसी

-थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर तक की शिकायत, नहीं हुई कार्रवाई

कानपुर। जमीन पर कब्जा होने से परेशान प्रापर्टी डीलर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुबह जब पत्नी ने शव लटकता देखा तो उसकी चीख निकल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के न्यू श्याम नगर नौबस्ता निवासी सौरभ द्विवेदी प्रॉपर्टी डीलर का काम करते थे। मृतक के भाई मोहित द्विवेदी ने बताया कि सौरभ ने एक किसान से 600 गज जमीन का एग्रीमेंट कराया था। इसमें उन्होंने अपनी पूरी जमा पूंजी लगा दी थी। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने एग्रीमेंट होने के बाद भी अधिवक्ताओं की मदद से जमीन पर कब्जा कर लिया। इसको लेकर उन्होंने थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर तक मामले की शिकायत की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं दूसरे पक्ष के रसूख के चलते सौरभ को राहत नहीं मिल पा रही थी। इसी बात को लेकर सौरभ तनाव में चल रहे थे। बुधवार रात को अपने कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पत्नी काजल द्विवेदी किसी काम से कमरे में पहुंची तो पति का शव फंदे पर लटकता देखा तो उनकी चीख निकल गई। सूचना पर पहुंची हनुमंत विहार थाने की पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोगों ने जमीन पर कब्जे के चलते सौरभ के सुसाइड का आरोप लगाया है। हनुमंत विहार थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में एडीसीपी साउथ महेश कुमार ने बताया कि प्रॉपर्टी डीलर के सुसाइड की जानकारी मिली है। जांच के दौरान कमरे में शराब की बोतल और सिगरेट मिली थी। परिवार के लोगों ने जो भी आरोप लगाया है एक-एक तथ्य की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

एतिहासिक तालाब का कराए जा रहे जीर्णोद्धार का सीडीओ ने किया निरीक्षण

कानपुर। गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारीदीक्षा जैन ने चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर के मुख्य द्वार के निकट पूर्व स्थापित जलाशय का जॉनसन मैथे कम्पनी के द्वारा कराये जा रहे जीर्णोद्धार के कार्य का निरीक्षण किया। यह एक एतिहासिक तालाब का निर्माण 1837 में आये सूखे के दौरान आम जनमानस को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से तत्कालीन मजिस्ट्रेट आई सी विल्सन द्वारा खुदवाया गया था।

वर्तमान में यह तालाब एवं इसके अन्दर स्थित ऐतिहासिक मान्यूमेण्ट दोनों ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। इस स्थिति को देखते हुए जल संचयन की क्षमता को बढ़ाने के कारण किया जा रहा है। कुछ माह पूर्व डॉ आनन्द कुमार सिंह कुलपतिएचन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी द्वारा जिला प्रशासन एवं मुख्य विकास अधिकारी से उपरोक्त तालाब का जीर्णोद्धार कराने का अनुरोध किया गया।

विश्वविद्यालय में इस सम्बन्ध में धनराशि उपलब्ध नहीं थी तथा यह तालाब शहरी क्षेत्र में है, इसलिए इस तालाब पर मनरेगा से भी कार्य नहीं किया जा सकता है, जिसके लिए विकल्प तलाशे जा रहे थे। इस समस्या का निदान कानपुर में कार्य कर रही उद्योगों के माध्यम से हुआ। किसी भी संस्था/उद्योग को भूगर्भजल विभाग की एनओसी इस शर्त के साथ दी जाती है कि वह संस्थाध् उद्योग जितना जल का दोहन करेगा, उतने अनुपात में जल संरक्षण का कार्य अन्य स्थान पर करेगा। जनपद में विशेष अभियान चलाकर कई उद्योगों के माध्यम से जल संरक्षण के कार्य कराये जा रहे हैं। इन्हीं में से एक जॉन्सन मैथे के द्वारा सीएसए के इस ऐतिहासिक तालाब जिसका क्षेत्रफल लगभग 1.643 एकड़ है। इस कार्य गुरूवार को शुरू करा दिया गया। तालाब के अतिरिक्त कैण्ट एरिया के एक बड़े प्रोजेक्ट पर भी जॉन्सन मैथे कम्पनी के द्वारा कार्य किया जा रहा है। जॉन्सन मैथे कम्पनी के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि इस कार्य को उनके द्वारा एक सप्ताह में पूर्ण करा लिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि इस तालाब का सुन्दरीकरण कराते हुए चारों ओर बेंच की व्यवस्था करायी जाए तथा तालाब का विस्तृत विवरण अंकित कराते हुए रोड साइड पर साइनेज लगवाते हुए इस कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण करा लें।

खबर एक नजर

विश्वविद्यालय ने किया इस्तांबुल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू निरस्त

-ऑपरेशन सिंदूर के बाद लिया गया कड़ा निर्णय

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी ने तुर्की की इस्तांबुल यूनिवर्सिटी के साथ नवंबर 2024 में किए एमओयू को ऑपरेशन सिंदूर के बाद तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। देश के सम्मान, एकता और अखंडता को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने कड़ा निर्णय लिया है।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से लिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के समय तुर्की पाकिस्तान के पक्ष में बयान देने के साथ रक्षा सामग्री से भी सपोर्ट करता नजर आया था। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने इस्तांबुल विश्वविद्यालय के रेक्टर को तत्काल समझौता समाप्त करने का पत्र लिखा है। नवम्बर 2024 में विश्वविद्यालय ने शिक्षा और शोध के आदान-प्रदान के लिए तुर्की के इस्तांबुल विश्वविद्यालय के साथ समझौता किया था। कुलपति व एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के अध्यक्ष प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता हमारे लिए आवश्यक है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। प्रो पाठक ने कहा कि तुर्की की ओर से अपनाए गए फैसले से भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खुले तौर पर शत्रुतापूर्ण है। पाकिस्तान के रणनीतिक सहयोगी के साथ सीधे या मौन रूप से जुड़ी संस्था के साथ समझौता राष्ट्रहित में नहीं है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसमें पाकिस्तान में बने आतंकियों के 9 ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस कार्रवाई का जवाब देते हुए पाकिस्तान ने भी भारत पर लगातार ड्रोन, मिसाइल, फाइटर प्लेन, मोर्टार व गोलियां बरसाई। इस संघर्ष में से हमला करने के साथ सीमा से खड़ा नजर आया। पक्ष में बयानबाजी तुर्की लगातार पाकिस्तान के साथ से लेकर हथियारों का सपोर्ट भी करता रहा।

लंबित मामलों की डीसीपी ने की समीक्षा

कानपुर। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने थाना बिधनू के विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की। डीसीपी ने विवेचकों को बिना कारण जांच लंबित रखने के बारे में पूर्ण जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जांच निष्पक्ष रूप से और निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं। विवेचना में भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को शामिल करने पर विशेष जोर दिया गया। अपराधियों, सांप्रदायिक तत्वों और माफिया के शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए गए। साथ ही आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया।

समर कैंप के आदेश को बताया अव्यवहारिक व तुगलकी फरमान

-शिक्षक संघ ने जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

कानपुर। समर कैंप का अव्यवहारिक आदेश बताते हुए गुरुवार को शिक्षकों ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा का सम्बोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार को सौंपा। शिक्षकों ने विद्यालयों में समर कैम्प आयोजित किये जाने को इस भीषण गर्मी के चलते अव्यवहारिक एवं तुगलकी आदेश बताया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ शैलेंद्र द्विवेदी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को सर्वांगीण विकास हेतु उक्त कैम्प का आयोजन अनुकूल मौसम एवं वातावरण में किया जाना चाहिए। चूंकि उत्तर प्रदेश बोर्ड के आधे से अधिक विद्यालय ग्रामीण परिवेश में हैं। वहां छात्र-छात्राओं के लिए इस प्रकार के कैम्प का आयोजन इस भीषण गर्मी में सर्वथा उचित नही है। विद्यालयों के संपर्क में आने वाले अधिकांश अभिभावको ने भी इसे अव्यवरिक एवं अनुचित बताया। ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, महामंत्री राहुल कुमार मिश्रा, शैलेन्द्र अवस्थी, शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के महामंत्री संतोष तिवारी समेत अन्य शिक्षक ज्ञानेंद्र गुप्ता, गगन दीप सिंह, प्रेम चंद्र त्रिपाठी, विवेक शर्मा, सबीना बेगम, नीतू सिंह, चित्रांशी सिंह, रविन्द्र वर्मा समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

घर बैठे पैसा कमाने के चक्कर में युवक हुआ ठगी का शिकार

कानपुर। घर बैठे पैसे कमाने के चक्कर में एक युवक ठगी का शिकार हो गया। साइबर ठगों ने युवक ने करीब ढाई लाख रूपए खाते से ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित को जब ठगी की जानकारी हुई तो कल्याणपुर थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है।
कल्याणपुर साहब नगर निवासी अमरनाथ शर्मा ने बताया कि 6 नवंबर 2024 को घर बैठे पैसा कमाने का लालच दिया गया। 300 रूपए रजिस्ट्रेशन फीस के साथ एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया गया, जिसमें टास्क मिलते थे। टास्क में होटल की रेटिंग देना होता था। चार टास्क पूरे होने के बाद 1100 रुपए लगाने को कहा गया, इसके बदले 1430 मिलने की बात कही गई, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। उन्होंने कई लोगों के स्क्रीनशॉट भेजे और दिखाया कि कितना प्रॉफिट लोग कमा रहे हैं। इसके बाद पीड़ित ने कई बार में अपने खाते से रूपए ट्रांसटर किए। इसके अलावा पत्नी अंकित शर्मा के खाते से 49 हजार और 30 हजार रुपए दो बार में ट्रांसफर किया। कुल 2.33 लाख रुपए ट्रांसफर हो गया। जब उन्होंने फंसा पैसा निकालने के लिए परिवार और दोस्तों से मदद मांगी तब उन लोगों ने साइबर ठगी के बारे में जानकारी दी। इसके बाद अमरनाथ कल्याणपुर थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराया।

कोर्ट के आदेश पर करोड़ों का गांजा किया गया नष्ट

-जाजमऊ पुलिस ने बड़े तस्करों को गिरफ्तार कर किया था साढ़े 18 कुंतल गांजा बरामद

कानपुर। जाजमऊ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 9 करोड़ का गांजा गंगा के किनारे जलाकर नष्ट कर दिया। मादक पदार्थ को नष्ट करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मदाक पदार्थ तस्करों के पास से पुलिस ने माल बरामद किया था।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर आशुतोष कुमार ने बताया कि एक साल पहले एक मादक पदार्थ तस्करों का गैंग पकड़ा गया था। एक ही गैंग के पास से 18 कुंतल 30 किलो गांजा बरामद हुआ था। इतनी भारी संख्या में गांजा थाने पर रखने में जगह कम होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस वजह से गांजा को नष्ट करने के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी गई थी। कोर्ट ने गांजा को नष्ट करने के लिए एक कमेटी का गठन किया। इसमें मैं भी सदस्य हूं। मेरी देखरेख में गांजा को गंगा किनारे गड्ढा खोदकर उसमें डाला गया और आग लगा दी गई। गांजा को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। पकड़े गए गांजा की कीमत इंटरनेशनल मार्केट में करीब 8 से 9 करोड़ रुपए है। थानों की स्वच्छता और डिस्पोजल की दिशा में समय रहते मादक पदार्थों को नष्ट कर देना बेहतर है। थाना प्रभारी ने लगातार पैरवी करके कोर्ट से अनुमति लेकर इसे नष्ट कराकर सराहनीय काम किया है।

शार्ट सर्किट से टेनरी में लगी आग

कानपुर। जाजमऊ में गुरूवार दोपहर एक टेनरी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। यह देख टेनरी में काम करने वाले कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफाई नहीं मिली। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। डिफेंस कॉलोनी निवासी काशिफलारी की वाजिदपुर संजय नगर में लारी टैनर्स एक्सपोर्ट्स नाम से टेनरी है। इसमें चमड़े का काम पहले होता है, जबकि नीचे बेल्ट का काम होता है। गुरुवार दोपहर 11 बजे कर्मचारी स्प्रे डिपार्टमेंट में लोहे में वेल्डिंग कर रहे थे। इसी दौरान अचानक से शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से लोहा और चमड़ा जलने लगा। काम कर रहे एक दर्जन कर्मचारी बाहर निकल आए। सूचना पर पुलिस व दमकल विभाग मौके पर पहुंची। दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग से करीब एक लाख का नुकसान बताया जा रहा है।

बिजली न आने से परेशान लोगों ने किया केस्को सबस्टेशन का घेराव

कानपुर। कल्याणपुर में तीन दिन से बत्ती न आने से लोगों के बीच त्राहीमाम मचा हुआ है। बुधवार रात इलाकाई लोगों ने बारासिरोही केस्को स्टेशन का घेराव किया। इस दौरान एक पुलिस कर्मी ने तीखी नोंकझोंक भी हुई। आश्वासन मिला कि लाइट ठीक हो जाएगी। गुरूवार सुबह लाइट न आने पर लोगों सब स्टेशन का घेराव कर प्रदर्शन करने लगे।

कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश चंदेल ने बताया कि बीते तीन दिनों से बारासिरोही, मिर्जापुर, कल्याणपुर कला, लवकुश पुरम, गूबा गार्डन और पनकी रोड पर बिजली की अत्याधिक समस्या है। लाइट न आने के कारण इन इलाकों में रहने वाले लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न आने को लेकर बुधवार देर रात लगभग डेढ़ बजे व्याापर मंडल के अध्यक्ष राजेश चंदेल के नेतृत्व में इलाकाई लोग बारासिरोही केस्को स्टेशन पहुंच गए।

वहां पर कर्मचारियों ने पुलिस बुला ली। इस दौरान पुलिस व लोगों बीच तीखी झड़प भी हो गई। जिस पर केस्को कर्मियों ने आश्वासन दिया कि कुछ घंटों में बिजली आ जाएगी। इस पर लोग शांत हुए और घरों में लौट गए। गुरूवार सुबह तक लाइट न आने पर फिर से व्यापारियों के साथ लोगों ने केस्को सब स्टेशन का घेराव का प्रदर्शन करने लगे। वहां मौजूद एक्सईएन ने बताया कि बारासिरोही शटडाउन पर लिया गया था।केस्को के मीडिया प्रभारी देवेन्द्र वर्मा ने बताया कि एबीसी लाइन बदलने का काम किया गया था। जिसके लिए जानकारी देकर शटडाउन लिया गया था। लाइन बदलने के बाद जब चालू किया गया तो कुछ इलाकों में लोड की समस्या आ रही थी। दिक्कत को ठीक करा दिया गया है और बिजली की स्थिति अब सामान्य कर दी गई है।

रोबोटिक्स पर किए जा रहे शोध को सेना ने जाना

-आईआईओ में हुआ शोध समुदाय के बीच एक दिवसीय कार्यक्रम

कानपुर। आईआईटी ने लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता का संस्थान के शोध समुदाय के साथ एक दिवसीय कार्यक्रम में स्वागत किया। इस यात्रा ने शिक्षाविदों और सेना के बीच निरंतर संवाद के लिए मंच तैयार किया, जिसका उद्देश्य विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अकादमिक प्रगति राष्ट्र की सुरक्षा के लिए लाभकारी हो। आईआईटी के निदेशक प्रो मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा लेफ्टिनेंट जनरल सेन गुप्ता और सेंट्रल कमांड टीम का हमारे परिसर में स्वागत करना सम्मान की बात है। हाल के वर्षों में आईआईटी कानपुर रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुद्धिमान प्रणालियों, साइबर सुरक्षा, ड्रोन और रोबोटिक्स जैसे गहरे तकनीकी क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुवाद संबंधी शोध में शामिल रहा है। हम मौलिक शोध को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के साथ जोड़ने में विश्वास करते हैं। आज की यात्रा आगे आने वाले अवसरों पर प्रकाश डालती है। नियमित संवाद और संयुक्त परियोजनाओं को बढ़ावा देकर हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि नवाचार भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए वास्तविक दुनिया के समाधानों में तब्दील हों। संकाय और छात्रों द्वारा किए गए प्रदर्शनों में प्रो बी भट्टाचार्य के समूह, प्रो शक्ति गुप्ता और आदित्य द्वारा चतुर्भुज और रोटरी प्रणालियों सहित उन्नत रोबोटिक्स पर किए जा रहे शोध को प्रदर्शित किया गया। साथ ही प्रो वैभव के श्रीवास्तव, प्रो जे रामकुमार, प्रो अनंत रामकृष्ण और प्रो अभिषेक सरकार द्वारा संभावित रक्षा अनुप्रयोगों वाले मेटा मटेरियल्स में किए गए विकास को भी प्रदर्शित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता ने कहा राष्ट्रीय रक्षा के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आईआईटी कानपुर से उभर रहे अनुसंधान को देखना उत्साहजनक है। इस तरह के सहयोग से हमारी स्वदेशी तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने की अपार संभावनाएं हैं। साथ मिलकर काम करके हम वास्तविक सरक्षा चनौतियों का समाधान कर सकते हैं।

कार्यालय कार्य प्रबन्धक सिंचाई कार्यशाला खण्ड कानपुर

सार्वजनिक नीलामी सूचना संख्या: 01/2025–26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्य प्रबन्धक सिंचाई कार्यशाला खण्ड, में निष्प्रयोज्य सामग्री की सार्वजनिक नीलामी कार्यशाला परिसर में **दिनांक 27.05.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे** से जो जहां है जैसा है कि स्थिति में प्रारम्भ की जायेगी। नीलामी हेतु प्रस्तावित निष्प्रयोज्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है।

बोलीदाताओं को प्रस्तावित नीलामी हेतु निर्धारित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। नीलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र तथा शर्ते, **दिनांक 19.05.2025 से 26.05.2025 तक** किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय कार्य प्रबन्धक, सिंचाई कार्यशाला खण्ड, कानपुर से निर्धारित मूल्य रू0 300.00 (तीन सौ) प्रथम लाट एंव रू0 150.00 द्वितीय लाट मात्र तथा अतिरिक्त 18 प्रतिशत जी०एस०टी० के साथ कय किये जा सकते है। नियमानुसार नियत तिथि को निर्धारित टोकन जमा करने वाले सूची में अंकित फर्म/व्यक्ति को निष्प्रयोज्य सामग्री की निलामी में बोली बोलने का अधिकार होगा। नीलामी की नियत तिथि को कार्यालय बन्द या अवकाश होने की दशा में नीलामी नियमानुसार अगले कार्य दिवस में की जायेगी। नीलामी स्वीकृति की सूचना बोलीदाता द्वारा दिये गये पते पर पंजीकृत डाक से प्रेषित की जायेगी।

कमांक	सामग्री का नाम	अनुमानित मात्रा (किग्रा०)	नीलामी प्रपत्र का मूल्य	नीलामी का दिनांक	धरोहर धनराशि	धरोहर धनराशि जमा करने की अन्तिम तिथि/ नीलामी का समय
1	एम०एस० स्कैप	12000.00	300+ जीएसटी नियमानुसार	27.05.2025	40752/–	27.05.2025/ दोपहर 2 बजे
2	पी०वी०सी० रबर स्कैप	4200.00	150+ जीएसटी नियमानुसार	27.05.2025	4200/–	27.05.2025/ दोपहर 2 बजे

नोटः– अन्य नियम व शर्तें विभागीय वेबसाइट idup.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

(अमित सिंह)
कार्य प्रबन्धक
सिंचाई कार्यशाला खण्ड कानपुर

उ0प्र0 233465 दिनांक- 07.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

खबर एक नज़र

एसडीएम के हाथों साइकिलें पाकर बालिकाओं के खिले चेहरे

घाटमपुर। बीआरसीए घाटमपुर मे गुरुवार को सीएसआर के माध्यम से बेसिक शिक्षा की बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। ब्लॉक घाटमपुर की बी आर सी की न्याय पंचायतएरेउना के उवप्रवमवई माधो से सुनैना कोएसजेती के कम्पो0 अलियापुर से शालिनी कोएसरगांव के उच्च प्रवविव अमौली से शुभी कोए घुघवाएशाखा जनवारा के कंपोजिट विद्यालय से सुनैना को ज्यों ही एसडीएम ने साइकिल वितरण किया वह खुशी से झूम उठी। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार कुशवाहाएएसएआरएजीए राजेश यादवए शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुसेन्द्र सचानए मंत्री प्रणव अवस्थीएअनुराग यादवएआलोक शर्माएअशोक प्रजापति एवं एआरपी आलोक कुमार शर्माएश्रीमती मीनू सिंहए रोहन शर्मा एवं लाभार्थी बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

पतारा में ब्लॉक प्रमुख ने किया साइकिलों का वितरण बी आर सी पतारा में भी बुधवार को महिला सशक्तिकरण के तहत सी एस आर के तहत उपलब्ध कराई गयी 4 साईकिले;बीपीएल स्तरीय व निराश्रितद्ध बेसिक के विद्यालयों मे पढ़ने वाली 4 बालिकाओं क्रमशः संजना स्योधारीए खुशी पहवाए दीपाली रघुनाथपुर व प्राची छाजा को ब्लॉक प्रमुख श्रीमती कोमल सिंह सेंगर द्वारा बीडीओ शिव नरेश ए डी ओ पंचायत राघवेंद्र प्रताप सिंह ए डी ओ सी संजय पाण्डेय व खण्ड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश के साथ बांटी गई थी।इस अवसर पर पंकज सक्सेनाए सुंदरम पाण्डेयएहेमा सिंहए मोहित निगमए विक्रम सिंहए राघवंन्द्र सिंह व एआरपी अभिषेक सैनीए संजीव पाण्डेय आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन उदय बीर सिंह भदौरिया द्वारा किया गया था।

बीमारी से परेशान युवक फांसी पर झूला, मौत

स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के परौली निवासी युवक ने बीमारी से परेशान होकर जामुन के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।जानकारी के अनुसार परौली निवासी कल्लू 38 पुत्र स्व सरजू निषाद कई सालों से बीमार चल रहा था जिससे परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था पत्नी सीमा ने बताया कि बुधवार सुबह खेतो में खड़े जामुन के पेड़ में फांसी लगा लेने की सूचना मिली मौके पर पहुंचे परिजनों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी मौत की खबर से परिजन बेहाल हो गए पुत्री अंजना 8 तथा पुत्र अंशू 6 का रो रोकर बुरा हाल था।थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा बीमारी से परेशान होने की बात बताई जा रही हैं शव को पीएम हेतु भेजा गया है।

साढ़ क्षेत्र में चलती प्राइवेट बस से गिरा अधेड़ गंभीर घायल

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के दौलतपुर मोड़ के पास बारादेवी से जहानाबाद जा रही बस में सवार अधेड़ बस कर्मियों की लापरवाही से सड़क पर जा गिरा और टायर के नीचे आने से बाल बाल बचा मौके पर मौजूद लोगो ने घायल को सीएचसी भेजने का प्रयास किया लेकिन बस कर्मी घायल अधेड़ को बस में लादकर मौके से भाग गए बताया जाता है कि घायल अधेड़ का इलाज कानपुर के किसी प्राइवेट अस्पताल में चल रहा।जानकारी के अनुसार दौलतपुर नरवल निवासी राजू अग्निहोत्री 55 पुत्र स्व रामकुमार कानपुर से जहानाबाद जाने वाली बस में बैठकर गांव आ रहा था जैसे ही वह दौलतपुर मोड़ के पास पहुंचा तो उतरने के लिए आवाज दी चालक के गाड़ी धीमे करने पर वह आगे बढ़ा तभी बस चालक ने गाड़ी बढ़ा दी जिससे अधेड़ सड़क पर जा गिरा और टायर के नीचे आने से बाल बाल बचा मौके पर मौजूद लोगो ने साढ़ थाना पुलिस को सूचना देते हुए परिजनों को जानकारी दी इसी बीच बस कर्मी घायल को बस में लेकर भाग गए बताया जाता है बस कर्मी उसे जहानाबाद के किसी अस्पताल ले गए जहां पहुंचे परिजन उसकी हालत देख कानपुर के प्राइवेट अस्पताल ले गए जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही।थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

सड़क हादसे में व्यापारी की मौत

बिल्हौर कानपुर जनपद की बिल्हौर तहसील के कानपुर अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार आलू व्यापारी की मौत हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार घिमऊ गांव निवासी चंद्रभान उम्र लगभग 50 वर्ष आलू का व्यापार करते थे और गुरुवार को अपनी बुआ को बुलाने के लिए बाइक से कानपुर देहात जा रहे थे तभी उत्तरी पूरा में कानपुर अलीगढ़ हाइवे के बाईपास पर पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वे मौके पर ही गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे को देखकर राहगीरों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की सहायता से घायल चंद्रभान को बिल्हौर सी एच सी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। बिल्हौर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे पलटी

सुमेरपुर-हमीरपुर। नेशनल हाइवे में सुबह 10 बजे फैक्ट्री एरिया के समीप तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे मकान से टकराकर गड्ढे में पलट गयी। इस घटना में कार सवार दो लोग घायल हुये हैं। फैक्ट्री एरिया पुलिस चैकी इंचार्ज ने राहगीरों की मदद से कार में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकाला। गुरुवार को सुबह महोबा के मराठीपुरा निवासी शहनबाज खान 35 वर्ष अपने नौकर इसरार निवासी महोबा के साथ कार से कानपुर जा रहे थे। पुराने शिखा होटल के समीप तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे बने हेमंत यादव के मकान के पिलर से टकराकर पलट गई। इस घटना में कार सवार दोनों युवक कार में ही फंस गए। मौके से गुजर रहे फैक्ट्री एरिया पुलिस चैकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने राहगीरों की मदद से कार में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकाला और उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इस घटना में कार बुरी तरह से चकनाचूर हो गई है।

अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नवविवाहित को घर से निकाला

सुमेरपुर-हमीरपुर। बीती रात कस्बे के लखनापुरवा में अतिरिक्त दहेज के लिए ससुरालीजनों ने मिलकर नवविवाहिता को जमकर पीटा और घर से निकाल दिया। ललपुरा थाना क्षेत्र ग्राम पौथिया की निवासी प्रियंका देवी ने बताया कि उसकी शादी कस्बा निवासी अविनाश के साथ गत 24 फरवरी को हुई थी। प्रियंका का आरोप है कि पति अविनाश, ससुर रामदुलारे, नंद दीपा, खुशबू, अभिलाषा उसको अतिरिक्त दहेज के लिए आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते हैं। बीती रात सभी ने मिलकर उसे जमकर पीटा और घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि ससुरालीजनों को रात में ही थाने लाया गया था। बाद में दोनों पक्षों में आपस में सुलह कर ली और बहू को साथ लेकर घर लौट गए।

नगर पंचायत के लापरवाही से मुख्य बाजार की स्ट्रीट लाइटें बंद

सुमेरपुर-हमीरपुर। नगर पंचायत की उदासीनता के चलते कस्बे के मुख्य बाजार के सभी स्ट्रीट लाइट बंद होने से पूरी रात अंधेरा छाया रहता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने बताया कि कस्बे का मुख्य बाजार मैथिलीशरण गुप्त मार्ग में है। इस मार्ग की सभी स्ट्रीट लाइट रात भर बंद रहती हैं जबकि इस मार्ग में बड़े-बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान है। अंधेरा होने के कारण यहां कभी भी कोई बड़ी वारदात हो सकती है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत की लापरवाही से महीनों से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है जबकि लाखों रुपए का बजट स्ट्रीट लाइटों के नाम पर खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को व्यापार बंधु की बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष उठाएंगे। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य ने बताया कि उन्हें नहीं मालूम है कि स्ट्रीट लाइट क्यों बंद है। वह शुक्रवार को कर्मियों को भेजकर समस्या का समाधान कराएंगे।

पीएम आवासों के सर्वे में लापरवाही की कराई जाएगी जांच-सरोज कुरील

विधानसभा की अनुसूचित जातिए अनुसूचित विमुक्त जातियों की समिति बैठक में शिकायत करने के बाद विधायक ने कहा

घाटमपुर। विधानसभा की अनुसूचित जातिएअनुसूचित विमुक्त जातियों की हुई समिति की बैठक में प्रधानमंत्री आवासों के हुए कम सर्वे का जोर शोर से मुद्दा उठाने वाली विधायक सरोज कुरील ने कहा कि वह खुद भी जल्द ही अब तक ब्लॉक स्तरों पर अब तक हुए सर्वे के बारे में परियोजना निदेशक को बुला कर जानकारी करेंगी।विधायक ने आगे कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास सर्वे की संख्या कम हैए वहां की जांच कराई जाएगी। उन्होंने योजना सर्वे में पात्रों के छूटने व पर्याप्त प्रचार प्रसार न कराने के कारण कई ग्राम पंचायत में आवास पात्र की संख्या अत्यंत न्यूनतम रहने की विधानसभा की अनुसूचित जातिए अनुसूचित विमुक्त जातियों सम्बन्धी ग्राम्य विकास की बैठक में बुधवार को शिकायत कर चुकी हैं। विधायक ने बताया कि वह खुद भी इस सम्बन्ध में शीघ्र ही परियोजना निदेशक को बुला कर पूरे जनपद में आवास सर्वे की स्थिति जानेंगी। साथ ही ऐसी ग्राम पंचायतें जहां आवास सर्वे की संख्या अत्यंत कम है उसकी जांच कराएंगी। कहा कि किसी भी असहायए गरीब महिलाए अंत्योदय व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि जनता दरबार में आने वाली शिकायतों में ज्यादातर प्रधानमंत्री आवासों के अलावा शासन की योजनाओं का लाभ न मिलने से संबंधित भी होती हैं। कई बार इस सम्बंध में ब्लॉक स्तर पर होने वाली बैठकों में भी हम यह बात उठाने के साथ पात्रों को पी एम आवासों के साथ शासन की योजनाओं का लाभ देने की बात खण्ड विकास अधिकारियों से कह भी चुकी हूं।किसी भी असहाय एगरीब महिलाएअंत्योदय कार्ड धारक को सरकार की योजना का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने सर्वे में आवासों के संख्या कम होने के पीछे योजना के पर्याप्त प्रचार प्रसार न होना भी वजह बताया। उन्होंने आगे कहा कि

समिति के सामने यह मुद्दा उठाने पर संज्ञान में आया है कि जिला प्रशासन जागा है।उन्होंने आगे बताया कि जनपद के साथ साथ उनके विधान सभा क्षेत्र के तीनो विकास खंड क्षेत्रों की 14 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जहां यह शिकायत अधिक सामने आई है कि वहां सर्वे करने में लापरवाही बरती गई है। साइट बंद होने से भी समस्या सामने आ रही थी।जिसे उन्होंने प्रयास करके खुलवाया है। उम्मीद है अब तेजी आएगी।

जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायते सुन किया निस्तारण

हमीरपुर। आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 95 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

क्रांतिकारी सुखदेव थापर की मनाई जयंती

सुमेरपुर-हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे में वर्णिता संस्था के तत्वावधान में बेमिसाल युवा बलिदानी सुखदेव थापर की जयंती मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सुखदेव थापर सही मायने में एक युवा बलिदानी थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म 15 मई 1907 को पंजाब लुधियाना के नौघरा गांव में रामलाल थापर और रल्ली देवी के घर हुआ था। 1928 के साइमन कमीशन का राष्ट्रवादी नेता लाला लाजपतराय ने विरोध करते हुए आन्दोलन का नेतृत्व किया था। लेकिन ब्रिटिश हुकूमत की लाठियों के प्रहार से उनकी मृत्यु हो गई थी। युवा क्रांतिकारियों ने उनकी मौत का बदला लेने का संकल्प लिया। भगत सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ 1928 में सांडर्स की हत्या कर दी। इस मामले एवं 1929 के असेंबली बम कांड में सुखदेव थापर का विशेष योगदान रहा था। अंग्रेजों ने न्याय का नाटक करते हुए भगत सिंह, राजगुरु के साथ सुखदेव थापर को फांसी पर लटका दिया। वह मात्र 24 वर्ष की उम्र में मातृभूमि के लिए बलिदान हो गये?। कार्यक्रम मे सिद्धा, दस्सी, अजय, बाबूलाल, रिचा, आशुतोष, विकास, मनबोधन, महावीर, संतोष, प्रेम, रामनरायन सोनकर आदि मौजूद रहे।

परिषदीय स्कूल की मेधावी छात्राओं को मिली साइकिलए खिले चेहरे

स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। बुधवार को विकासखंड स्थित बीआरसी में सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत जिलाधिकारी के निर्देशन पर न्याय पंचायत स्तर पर चयनित परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी पूनम वर्मा द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख अशोक सचान मौजूद रहे। बीईओ पूनम वर्मा ने कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा में बढ़ावा सहित प्रोत्साहन प्रदान करना है इससे छात्राओं को स्कूल आने जाने में आसानी रहेगी और उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी।कार्यक्रम में न्याय पंचायत पासी खेड़ा बरईगढ़ बौहार तथा कुड़नी की चार मेधावी छात्राओं को ब्लॉक प्रमुख अशोक सचान तथा बीईओ पूनम वर्मा ने साइकिल भेंट की साइकिल मिलते ही छात्राओं की खुशी का ठिकाना न रहा कार्यक्रम के दौरान नोडल संकुल विमल गुप्ता स्वतंत्र कुमार शर्मा अखिलेश कुमार नवीन सिंह राठौड़ मनोज कुमार चेतन संकुल प्रभारी मनोज पांडे अरुण प्रकाश मुलायम सिंह पवन पटेल सहित अभिभावक तथा प्रधानाध्यापक भी मौजूद रहे।

भाजपाइयों व नागरिक संस्था ने निकाली तिरंगा शौर्य यात्रा

कानपुर।ष्यह देश है वीर जवानों काष् की धुन पर राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत शहर वासियों ने एकजुट होकर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए शहीद शुभम द्विवेदी के श्याम नगर स्थित आवास से विश्व को राष्ट्रीय एकता और भारतीय ताकत का कड़ा संदेश दिया। बता दिया कि भाषाए बोलीए जात.पात से ऊपर उनके लिए राष्ट्र और राष्ट्र प्रेम है। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल के तनाव में भारतीय सेना की शौर्य पूर्ण सफलता का उत्सव मनाने के लिए श्याम नगर में शहीद शुभम द्विवेदी के घर से गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक संस्था की ओर से विशाल ष्भारत शौर्य तिरंगा यात्राष् का आयोजन किया गया। शुभम द्विवेदी की पत्नी एशन्या ने बहुत ही भावुक होकर अपने दिवंगत पति शुभम द्विवेदी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया । पत्नी एशन्या ने तिरंगा झंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। तिरंगा यात्रा ने देश की एकता और सुरक्षा के प्रति नागरिकों की प्रतिबद्धता को दर्शायाए इसमें बच्चेए बूढ़े और महिलाएं सभी शामिल थे। शहरवासियों ने भारतीय सेना और सरकार के समर्थन में जोशीला प्रदर्शन किया। भाजपा उत्तर जिला ने मोतीझील कारगिल पार्क से यात्रा को लेकर श्याम नगर में अपनी यात्रा में शामिल हुई। शाम 6 बजे शुभम द्विवेदी के घर से यात्रा आरंभ हुई जो छप्पन भोग चौराहाए मनोज इंटरनेशनलए रेलवे स्टेशन रेल बाजार रोडए मरे कंपनी पुलए होटल पंडित उपवनए माल रोडए नरोना चौराहा से फूलबाग चौराहा होते हुए नाना राव पार्क तक गई। इस दौरान ष्भारत माता की जयष् और ष्वंदे मातरमष् के गगनचुंबी नारों से पूरा वातावरण गूंज रहा था। पांच किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा का दो दर्जन से अधिक जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका के पोस्टर एवं फूल. मालाओं से सजाया गया रथ आगे आगे चल रहा था। रथ पर सत्यदेव पचौरीए महापौर प्रमिला पांडेयए विधायक महेश त्रिवेदीए सुरेंद्र मैथानीए नीलिमा कटियारए सलिल विश्नोईए अरुण पाठकएस्वप्निल वरुण ए रघुनंदन भदौरियाए करन महानाए सवार थे। शुभम द्विवेदी की पत्नी एशन्या ए पिता संजय द्विवेदीए मां सीमा द्विवेदीएबहन आरती द्विवेदीए चाचा मनोज द्विवेदी एक कार से साथ साथ चल रहे थे। इस मौके पर सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि यह यात्रा न केवल हमारी सेना के शौर्य को सम्मानित करने का अवसर है बल्कि यह भी दर्शाती है कि भारत का हर नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एकजुट है। ष्भारत शौर्य तिरंगा यात्राष् से कानपुर के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद पर प्रहार कर भरपूर समर्थन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस बात का ऐलान कर दिया है कि अब पाकिस्तान की ओर से गोलाबारी आतंकी गतिविधि की श्रेणी में आएगी और भारत उसका मुंहतोड़ जवाब देगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि हमारी सेना ने दिखा दिया है कि भारत अब चुप नहीं रहेगा। यह तिरंगा यात्रा हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना का जोश भरेगीए राष्ट्र के प्रति सर्वस्व निछावर करने का भाव भरेगी। हमारी सेना और सरकार के समर्थन में नागरिकों की एकजुटता का यह संगम देश को और मजबूत बनाएगा।

यात्रा की अगुवाई जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दिक्षित ने की। यात्रा में विभिन्न व्यापारी संगठनों के कार्यकर्ताए पूर्व सैनिकए साधु. संतए धर्माचार्यए अधिवक्ता संघ और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि. कार्यकर्ताए सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता आदि शामिल रहे। इस आयोजन ने पूरे शहर में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित किया। इंटरनेट मीडिया पर तिरंगा यात्रा और ऑपरेशन सिंदूर ट्रेड करते रहे। यात्रा में शामिल लोगों ने यात्रा की तस्वीरेंएवीडियो और सेल्फी साझा किये। यह यात्रा न केवल भारतीय सेना के प्रति सम्मान का प्रतीक बनी बल्कि इसने यह भी साबित किया कि भारत का हर नागरिक देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए एकजुट है। प्रमुख रूप से पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, राम बहादुर यादव, जसविंदर सिंह, संतोष शुक्ला, सुनील जायसवाल,अनूप अवस्थी, मनीष त्रिपाठी,अनुराग शर्मा, प्रकाश वीर आर्य, अंकित गुप्ता ए बिट्टू परिहारए दीपांकर मिश्रा, विनीत दुबेए दीपू पासवान एराजेश श्रीवास्तव लखन ओमर आदि मौजूद रहे।

डीसीपी ने चौराहे में नवनिर्मित ट्रैफिक बूथ का किया लोकार्पण

जनसहयोग से कस्बे के मुख्य चौराहे पर कराया गया है बूथ का निर्माण

घाटमपुर। मुख्य चौराहे पर जन सहयोग से बनवाए गए यातायात बूथ का गुरुवार को डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र कुमार ने लोकार्पण किया। इस मौके पर निर्माण में सहयोग करने वाले गणमान्य लोगों के अलावा व्यापारी भी मौजूद रहे। भीषण गर्मी व लू चलने पर ट्रैफिक पुलिस के कुछ देर सुस्ताने के उद्देश्य से मुख्य चौराहे पर ओवरब्रिज के नीचे ट्रैफिक बूथ का जन सहयोग से निर्माण कराया गया है। ट्रैफिक उप निरीक्षक देश दीपक महाराज द्वारा इस संबंध में की गई पहल पर कस्बे के राम चंद्र गुप्ताए लखन शिवहरेएसंदीप साहूएगोविन्द गुप्ताएअर्पित सचान समेत कई लोगों ने सीमेंटए सरियाए ईटए छत के लिए टीन व गेट आदि देकर सहयोग किया गया था। इसी सहयोग से ट्रैफिक बूथ का निर्माण कराया जा सका था। गुरुवार को डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र कुमार चौराहे पहुंचे और उन्होंने बूथ का लोकार्पण किया। इस दौरान वहां मौजूद सहयोग करने वालों को धन्यवाद भी दिया। इससे पहले डीसीपी ट्रैफिक को माला पहना कर व बुके भेंट कर राम चन्द्र गुप्ताए लखन लाल शिवहरेए मनोज परमार आदि लोगों द्वारा डीसीपी ट्रैफिक का स्वागत किया गया। बूथ लोकार्पण के मौके पर एसीपी रंजीत कुमार व थाना प्रभारी धनंजय पांडेय तथा कस्बा चौकी प्रभारी शैलेन्द्र सिंह आदि भी मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर, विकास खण्ड-घाटमपुर,कानपुर नगर

पत्रांकःमेमो–निविदा/केन्द्रीय वित्त/पंचम वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा निधि 2025–26 दि.16.05.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत वीरपुर, घाटमपुर, कानपुर नगर में केन्द्रीय वित्त/पंचम वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा निधि के अन्तर्गत 2025–26 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्न कार्य संपादित किए जाने हेतु आइटम रेट/निर्माण सामग्री आपूर्ति पर मुहरबंद निविदा दिनांक 19.05.2025 को अपरान्ह 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि को 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यलय में निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी।निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ 100 के नान जूडिशियल स्टेम्प व 1/– का रसीदी टिकट हस्ताक्षरयुक्त संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

क्र0 सं०	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	निर्माण सामग्री	आपूर्ति का समय
1	आर आर सी सेण्टर में हैंडपंप कार्य	1.25 लाख	आवश्यकतानुसार	3 माह
2	आर आर सी सेण्टर में साईट डेवलपमेंट कार्य	3.57 लाख	आवश्यकतानुसार	3 माह

अन्य शर्तेः 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार/आपूर्ति करने वाली फर्म कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।
3 .नियमानुसार जीएसटी इत्यादि की कटौती की जाएगी।
4. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होगा एवं न्यायालय के वाद योग्य भी नहीं होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगे। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जाएगा।

ग्राम प्रधान–रेखा सिंह
ग्राम पंचायत–वीरपुर
विकास खण्ड घाटमपुर, कानपुर,नगर

ग्राम सचिव–ओम नारायन
ग्राम पंचायत–वीरपुर
विकास खण्ड घाटमपुर, कानपुर नगर

कर्मियों की लापरवाही से खाली पड़े रहते है प्यास बुझाने वाले घड़े

सुमेरपुर-हमीरपुर। सुमेरपुर विकासखंड कार्यालय में आगंतुकों के लिए पानी पीने के लिए रखे घड़े दोपहर में खाली पड़े मिले। गांव से आए ग्रामीणों ने खाली पड़े घड़े दिखाते हुए कहा कि कर्मचारियों के लापरवाही के चलते गला तर करने के लिए दो घूंट ठंडा पानी भी नहीं नसीब हो रहा है। खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने मुख्य गेट के अंदर वट वृक्ष के नीचे बने चबूतरे में गांव से आने वाले फरियादियों के लिए पानी पीने के लिए दो घड़े रखवाए हैं।इनमें पानी भरने के लिए कर्मियों को जिम्मेदारी सौंप रखी है। बृहस्पतिवार को बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग स्वयं सहायता समूह को पोषाहार का वितरण कर रहा था।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

फतेहपुर। अहिराई सिकंदरा थाना बहेरिया जिला प्रयागराज निवासी राजू 32 वर्ष पुत्र शिवमूर्ति ट्रेन के जरिए अपने घर वापस जा रहा था। जब ट्रेन फैजुल्लापुर स्टेशन यार्ड के पास डाउन लाइन पर पहुंची तभी वह चलती ट्रेन से गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, उधर मृतक की जेब से मिले पर्स के आधार पर परिजनों को घटना की सूचना दी। रोते-बिलखते परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की शिनाख्त किया। मृतक के चचेरे भाई अनिल कुमार यादव ने बताया कि उसका भाई गाजियाबाद से ट्रेन द्वारा वापस आ रहा था। तभी यह हादसा हो गया।

जिला अपराध निरोधक समिति ने सी.ई.सी. को भेजा ज्ञापन

फतेहपुर। जिला अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन भेजकर जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को मतदान का अधिकार प्रदान किये जाने की मांग की है। जिला अपराध निरोधक समिति के सचिव विपिन बिहारी शरन जेल पर्यवेक्षक के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी रविंद्र सिंह से मिलकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि भारत देश एक लोकतांत्रिक देश है। देश के अंदर नागरिकों द्वारा मतदान करके सरकारें बनती है। देश के विभिन्न कारागारों में बडी संख्या में बंदी विभिन्न अपराधों में निरूद्ध रहते हैं चुनाव के समय वह अपने मतदान के अधिकार से वंचित रह जाते हैं, जबकि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के दौरान मतदान जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया जाता है। ताकि चुनाव में सभी लोग अपने अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसी प्रकार समिति के पदाधिकारियो ने जिलाधिकारी से कारागार में निरुद्ध बंदियों को मतदान का अधिकार दिलाए जाने की मांग की। इस मौके पर समिति के जवाहर जायसवाल, जितेंद्र त्रिवेदी, निर्भय गुप्ता एड., विनोद कुमार गुप्ता, अरुण जायसवाल एड., शैलेंद्र शरन सिंपल, दिवाकर, सुरेंद्र पाठक आदि मौजूद रहे।

बैठक : डीएम ने मध्यान्ह भोजन योजना व निपुण भारत मिशन की समीक्षा

फतेहपुर। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु शासन द्वारा गठित टास्क फोर्स (मध्यान्ह भोजन योजना) एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स (निपुण भारत मिशन) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प एवं नामांकन बढ़ाने, अभिभावकों के साथ नियमित बैठक व अन्य बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं कहा कि जिन परिषदीय विद्यालयों में जो पैरामीटरों का कार्य शेष है, को जल्द से जल्द पूर्ण कराते हुए सभी पैरामीटरों में संतृप्त किया जाये। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनेदृअपने परिषदीय विद्यालयों में निपुण लक्ष्य के तहत छात्र/छात्राओं का असेसमेंट बढ़वाया जाय एवं विद्यालयों को निपुण बनाने का प्रयास करे, के लिए निपुण भारत मिशन के तहत मध्यम, संघर्षशील छात्र-छात्राओं को सक्षम बनाया जाय। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाई जाए, के लिए अपनेदृअपने क्षेत्र के विद्यालयों में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति का आकलन किया जाय, जिन बच्चों की उपस्थिति कम है या नहीं है के अभिभावकों के साथ पीटीएम का आयोजन दिनांक 19 मई को कर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाय एवं अनुपस्थिति का कारण भी स्पष्ट करते हुए रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि सत्र 2025-26 में कोई भी बच्चा स्कूल ड्रॉप आउट न होने पाए इसका विशेष ध्यान रखें साथ ही परिषदीय विद्यालयों में लक्ष्य के सापेक्ष नामांकन कराया जाय।दूसरे स्कूलों में नामांकित बच्चों की अपार आईडी व यू डायस रिपोर्ट से अवगत कराए एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी इसमें संवेदनशीलता के साथ निगरानी बनाए रखते हुए साप्ताहिक समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन विद्यालयों का निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से ससमय पूर्ण कराने के निर्देश कार्यदाई संस्थाओं को दिए। साथ ही जिन भावनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है को हैंडओवर करते हुए जनप्रतिनिधियों से लोकार्पण कराते हुए क्रियाशील कराया जाय। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि जिन परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास से शिक्षा दी जाती है कि रिपोर्ट से अवगत कराए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए., जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी मनरेगा, एलडीएम, डायट प्राचार्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियंता आर.ई.एस. सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सीडीओ ने जिला पोषण समिति व कन्वर्जेंस विभागों की ली समीक्षा बैठक

- एनआरसी में संदर्भित का डाटा ठीक न होने पर सुपरवाइजरों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश

फतेहपुर। जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस विभागों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, केन्द्रों पर निर्मित किए जाने वाले पेयजल की सुविधा, केंद्रों पर निर्मित किए जाने वाले बेबी फ्रेंडली शौचालय, पोषाहार वितरण एवं गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार वितरण, एनाआरसी में बच्चों के भर्ती, पोषण ट्रैकर के अंतर्गत आधार, गृह भ्रमण एवं बच्चों के वजन फीडिंग, हॉट कुकड मील योजना, ई-कवच रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अतिकुपोषित बच्चों को एनआरसी में संदर्भित का डेटा ठीक नहीं (कम) होने पर सुपरवाइजर बहुआ, असोथर, देवमई, खजुहा, धाता, अमौली से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश संबंधित सीडीपीओ को दिए। साथ ही कहा कि एनआरसी से डिस्चार्ज बच्चों का निरंतर फॉलोअप लिया जाय और अगली बैठक में अद्यतन रिपोर्ट से अवगत भी कराए।

ई-कवच पोर्टल पर बच्चों की स्क्रीनिंग का प्रतिशत माह मार्च से 50 प्रतिशत से कम है, का स्पष्टीकरण संबंधित एमवाईसी से लेने के निर्देश संबंधित को दिए और कहा कि स्वास्थ्य समिति की बैठक में अपना स्पष्टीकरण लेकर उपस्थित हो। नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण करा लिया जाय। सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की उनके कार्य की साप्ताहिक समीक्षा करे और निगरानी बनाए रखे एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण भी करे। बीएचएनडी सत्र में महिलाओं, बच्चों, किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी सभी जांचे व अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से एमसीपी कार्ड वजन, लंबाई अवश्य अंकित कराए। उन्होने कहा कि शासन की मंशानुरूप बच्चो, गर्भवती, धात्री महिलाओं, किशोरियों को समय से पोषाहार वितरण किया जाय। साथ ही पोषण ट्रैकर में शत प्रतिशत फीडिंग का कार्य कराया जाय। महिलाओं, किशोरियों को अपने व उनके बच्चो के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए जागरूक करे। मैम/सैम बच्चो को चिन्हित कर शासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं को मुहैया कराते हुए उनके पोषण स्तर में सुधार लाए।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में जिन आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य होना है जिन ब्लाकों का स्टीमेट प्रक्रिया/कार्य शुरू नहीं किया गया है उसको जल्द से जल्द पूरा कराते हुए निर्माण कार्य शुरू किया जाये। उन्होंने कहा कि जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बेबी फ्रेंडली शौचालय, यूरिनल का कार्य शेष रह है एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश खंड विकास अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशाषी अभियंता आरईएस, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित समस्त सीडीपीओ उपस्थित रहे।

न्यायालय के स्टे आर्डर की अवहेलना किए जाने का आरोप

■ डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरूवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर शहर के छोटी बाजार मुहल्ले में बनी पुरानी दुकानों का मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन होने व स्टे आर्डर के बावजूद विपक्षीगणों द्वारा आदेश की अवहेलना किए जाने का आरोप लगाया गया। बार ने मांग किया कि ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध गैंगस्टर व गुण्डा एक्ट की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बार के अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे व महामंत्री जितेन्द्र सिंह गौर की अगुवई में अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनके साथी अधिवक्ता शाहिद अख्तर पुत्र स्व0 मोहम्मद अख्तर निवासी मोहल्ला छोटी बाजार के मकान के सहन के सामने उत्तर दिशा में चार दुकाने पुरानी बनी हुई है। दुकानात का मुकदमा न्यायालय सिविल जज सी0डि0 प्रथम में विचाराधीन है। यथास्थिति का प्रतिवादी के खिलाफ स्टे पारित है। इसके बावजूद प्रतिवादीगण न्यायालय के पारित स्टे आर्डर का खुलेआम अवहेलना कर रहे हैं। बताया कि चालू माह से भूमाफिया उनके किराएदार शमीम अहमद व सगीर हसन को प्रताड़ित कर रहे हैं। जो बिल्कुल न्यायसंगत नहीं है। विपक्षीगण मो0 शकील उर्फ पप्पू व उनके भाई-भतीजों पर रोक लगाई जाए और मना किया जाए कि वह विवादित दुकानात का बैनामा या एकरारनामा किसी दीगर शख्स के नाम न करें। मांग किया कि यदि वह स्टे आर्डर की अवहेलना करें तो विपक्षीगणों के विरूद्ध गैंगेस्टर व गुण्डा एक्ट की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर अधिवक्ताओं में शाहिद खान, मो0 फहीम खान, जैनुल अब्बास, सैफ रिजवी, ज्ञानेन्द्र निषाद, सै0 फैजान अली, अंकित, जीशान अख्तर, रमेश सिंह भदौरिया दिलीप मिश्रा, अंकित दीक्षित, आशीष गौड़ पूर्व मंत्री, बुद्ध प्रकाश सिंह पूर्व मंत्री आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

देश के सभी लोग भारतीय सेना के साथ : अमर सिंह

बिंदकी, (फतेहपुर)। भारतीय सेना ने साहस का परिचय दिखाते हुए पाकिस्तान में घुसकर सैकड़ो आतंकवादियों को मार गिराने का काम किया है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। यह बात किसान मजदूर मोर्चा की बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर सिंह पटेल ने कहा। बिंदकी कस्बे के ललौली चौराहे के समीप किसान मजदूर मोर्चा के कार्यालय में गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे से संगठन की एक बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि किसान मजदूर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर सिंह पटेल ने संगठन मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना के विरोध में हमारे देश की सेना ने जिस प्रकार साहस का परिचय दिखाते हुए आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने का काम किया और सैकड़ो आतंकवादियों को पाकिस्तान में घुसकर मार गिराया है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। भारत देश के सभी लोग सेना के लोगों के साथ हैं। बैठक में जिला सचिव राजू विश्वकर्मा ने कहा कि तहसील क्षेत्र के सभी थानों में गरीबों तथा पीड़ितों को न्याय मिलना चाहिए। इस मौके पर किसान मजदूर मोर्चा की नेत्री ननकी पासवान ने कहा कि कॉलोनी का सर्वे ठीक से किया जाए और केवल पात्र लोगों को कालोनियां दी जाए। किसान मजदूर मोर्चा नेता अनुज पटेल ने कहा कि आंगनबाड़ियों को समय से राशन उपलब्ध कराया जाए। इस मौके पर प्रयागराज मंडल सचिव सिद्ध गोपाल, जिला सचिव प्रियंका पाल, कमल खान तेजपाल, मोमना, शांति देवी पासवान, शारदा देवी, रामकरण पटेल, संपतिया कुशवाहा, सुशीला कुशवाहा सहित मौजूद रहे।

खबर एक नज़र

प्रेस क्लब ऑफयूपी के दोबारा जिलाध्यक्ष बने शमशाद

- 15 दिन के अंदर कमेटी का करेंगे गठन

फतेहपुर। प्रेस क्लब ऑफ यूपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव व प्रदेश महामंत्री मेराज उद्दीन महताब की संस्तुति पर मो0 शमशाद को दोबारा फतेहपुर का जिलाध्यक्ष बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री ने मो0 शमशाद के पिछले कार्यकाल की सराहना करते हुए संगठन को और अधिक गतिशील बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। उधर नवमनोनीत जिलाध्यक्ष शमशाद ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ उन्हें दोबारा जिलाध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है उस पर वह खरा उतरने का काम करेंगे। 15 दिनों के अंदर कमेटी का गठन किया जाएगा जिसमें जुझारू पत्रकारों को जगह दी जाएगी। कमेटी गठन करके प्रदेश नेतृत्व को संस्तुति के लिए सूची सौंपी जाएगी। शमशाद के दोबारा जिलाध्यक्ष बनने पर जिले के पत्रकारों ने खुशी का इजहार किया।

सीडीओ ने समूह की दीदियों से की वार्ता

फतेहपुर। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में की गयी नई पहल नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम द्वारा जनपद के समस्त तेरह विकास खंडों के ग्राम पंचायत में गठित स्वयं सहायता समूह की दीदियों से सीधे वार्ता कर उनके द्वारा की जा रही आजीविका गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। दीदियों से विस्तृत वार्ता के क्रम में वित्तीय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए उनके उत्पादों को बाजारीकरण तक पहुंचाने हेतु विस्तार में जानकारी प्रदान की। मुख्य विकास अधिकारी ने दीदियों की नयी विधाओं में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य को जमकर सराहा। साथ ही प्रोत्साहित भी किया।

आपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूर्व सैनिकों ने खिलाई मिठाई

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान समिति की बैठक में आपरेशन सिंदूर की सफलता पर जहां बधाई देकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई गई वहीं एमपी सरकार के मंत्री द्वारा सैन्य अधिकारी पर की गई अभद्र टिप्पणी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मंत्री का पुतला दहन किया गया। साथ ही मंत्री विजय शाह को पद से हटाकर जेल भेजने की भी मांग की। बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक संरक्षक शेख खालिद ने की। सर्वप्रथम आपरेशन सिंदूर की सफलता पर मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। इसके पश्चात अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी ने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि नेता सेना व सेना के अधिकारियों पर बेहद घटिया व अशोभनीय टिप्पणी करके अपने स्तर व संस्कारोंका फूहड़ प्रदर्शन करते हैं। महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी जैसी जाबांज अधिकारी को आतंकवादियों की बहन बताना भारतीय सेना, भारत वर्ष व महिलाओं का ना सिर्फ अपमान है बल्कि देशद्रोह की श्रेणी में आता है। वह मांग करती हैं कि ऐसे मंत्री को तत्काल मंत्री पद से हटाकर जेल में डालना चाहिए। इसके पश्चात पूर्व सैनिकों ने विजय शाह का पुतला दहन किया। कहा कि भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति सेना के सम्मान के विपरीत बोलेगा तो पूर्व सैनिक कानून की परवाह किए बगैर ऐसी सजा देंगे कि उनकी सात पीढ़ियां याद रखेंगी। इस मौके पर कै0 रामराज सिंह, अशोक, अर्जुन सिंह, मनीराम, सूरजपाल, कृष्णपाल, अरविन्द कुमार, रवीशंकर पाडेय, कैलाश नारायण, धर्मराज आदि मौजूद रहे।

पीएचडी मानद उपाधि से सम्मानित हुए डा. सत्येन्द्र

फतेहपुर। शहर के चित्रांशनगर मुहल्ला निवासी डॉ. सत्येन्द्र पटेल प्रखर को आपदा प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने पर महाकौशल विश्वविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश में आयोजित छठवें अंतर्राष्ट्रीय समारोह में दि अमेरिकन यूनिवर्सिटी (यूएसए) द्वारा पीएचडी मानद की डिग्री एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि लोक सेवा आयोग प्रयागराज उत्तर प्रदेश के सदस्य डॉ एके वर्मा एवं द अमेरिकन यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ प्रोतिमा मधुकृष्णन के अलावा विशिष्ट अतिथि महाकौशल विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलाधिपति डॉ अनिल तिवारी सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही। सत्येन्द्र पटेल प्रखर अब तक हिंदी साहित्य की विविध विधाओं पर 25 पुस्तकों की रचना कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हो चुके हैं। राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण से प्रशिक्षित होकर विगत 13 वर्षों से अधिक सरकारी, कार्यक्रमों में आपदा के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अपनी महती भूमिका निभा चुके हैं। साथ ही बृजरानी पटेल विद्यापीठ के प्रबंधक के रूप में शिक्षा के क्षेत्र और प्रकाश सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी में सचिव के रूप में समाजसेवा करते हुए सरदार पटेल शोध संस्थान की स्थापना की। जिसके अंतर्गत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जनसेवा से जुड़े महापुरुषों पर शोध कार्य करके उनकी, जीवनी, कृतित्व एवं व्यक्तित्व से आम जनमानस को जागृत एवं प्रेरित करने के अभियान को अपने गीतों के माध्यम से चलाते हुए अपना सतत योगदान प्रदान कर रहे हैं। सत्येन्द्र पटेल प्रखर के जीवन, साहित्यिक संसार से जुड़ी विषय वस्तु पर लखनऊ विश्वविद्यालय के शोधार्थी अर्श कुमार लघु शोध कार्य कर रहे हैं।

आरोपः भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी युवा उद्यमी योजना

■ युवा विकास समिति ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

फतेहपुर। युवा विकास समिति के पदाधिकारियों ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। जिसमें बताया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऋण दिए जाने की प्रक्रिया में जिले में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। योजना का उद्देश्य है कि जिले के युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा किया जाए, लेकिन हकीकत यह है कि बैंक स्तर पर भारी भ्रष्टाचार और मनमानी के कारण इस योजना की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं। जिला उद्योग कार्यालय से स्वीकृत होकर जो फाइलें बैंक स्तर पर भेजी जाती हैं, उन्हें बैंक कर्मचारी विभिन्न बहानों से निरस्त कर देते हैं। कभी दस्तावेजों की कमी बताई जाती है तो कभी फॉर्मेट गलत बताया जाता है। सूत्रों का कहना है कि बैंक में काम तभी होता है जब लेनदेन होता है। जिन आवेदकों से कोई व्यक्तिगत लाभ नहीं मिलता, उन्हें टालने के लिए नियम-कानून का हवाला देकर महीनों तक दौड़ाया जाता है। जिले के बैंक ऑफ बड़ौदा जैसे प्रमुख बैंकों में यह स्थिति और भी गंभीर बताई जा रही है। आवेदकों का कहना है कि इन बैंकों में बिना सुविधा शुल्क दिए फाइलों पर आगे कार्यवाही ही नहीं होती। कई मामलों में फाइलें बिना किसी ठोस कारण के अस्वीकृत कर दी जाती हैं। बैंक के अधिकारी नियमों की दुहाई देकर युवाओं को बार-बार परेशान करते हैं और स्पष्ट कहते हैं कि बजट नहीं आया या फॉर्मेट गलत है जबकि वही फाइलें दूसरे आवेदकों की बिना रोकटोक स्वीकृत कर दी जाती हैं। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि जिस योजना को सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू किया, वहीं योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है! फतेहपुर जिले के उद्योग विभाग में भी बिना सुविधा शुल्क के कोई फाइल बैंक तक नहीं पहुंचती। कार्यालय में बैठे कर्मचारी स्पष्ट रूप से कहते हैं कि बिना खर्च किए कुछ नहीं होता। जब आवेदक किसी तरह खर्च करके अपनी फाइल बैंक तक पहुंचाते हैं, तो बैंक कर्मी फिर से नए-नए बहाने बना देते हैं। इससे साफ झलकता है कि योजना का लाभ उन्हीं को मिल रहा है जो भ्रष्टाचार की श्रृंखला में शामिल हैं। यह केवल दीपक की नहीं, जिले के सैकड़ों युवाओं की कहानी है। जो भ्रष्ट व्यवस्था की बलि चढ़ रहे हैं। शासन को चाहिए कि ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कराए और जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की लापरवाही या संलिप्तता सामने आए, उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। अन्यथा सरकार की नीतियां केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगी और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंच पाएगा। इस मौके पर संजय दत्त द्विवेदी संगठन प्रमुख, विकास श्रीवास्तव, संदीप कुमार, संदीप सिंह, दिलीप कुमार भी मौजूद रहे।

सर्व फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्य ने किया रक्तदान

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकबुल्लापुर गांव की रहने वाली मरीज लक्ष्मी निजी अस्पताल साइनस खागा में भर्ती है। मरीज को डॉक्टर ने एक यूनिट एबी पाजिटिव रक्त की आवश्यकता बताई। जानकारी सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के सदस्य सुधांशू के माध्यम से ग्रुप में आयी। जानकारी ग्रुप में पड़ते ही नासिरपीर मुहल्ला निवासी शिव सिंह रक्तदान के लिए तैयार हो गए और मरीज के लिए जिला चिकित्सालय रक्तकेंद्र पहुंच कर रक्तदान किया। जिससे समय से लक्ष्मी को रक्त मिल सका। इस मौके पर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन से गुरमीत सिंह व जिला चिकित्सालय रक्तकेन्द्र से टेक्निकल सुपरवाइजर अशोक शुक्ला, परामर्शदाता दीपाली वर्मा, लैब टेक्नीशियन अखिलेश, लेब असिटेंट कमला व विनोद, अजय उपस्थित रहे। मरीज के परिजनों ने संस्था समेत रक्तदाता का आभार जताया।

सपा महिला इकाई ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

फतेहपुर। देश की नारी व सेना का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारों के बीच गुरूवार को समाजवादी पार्टी महिला इकाई की पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया तत्पश्चात राष्ट्रपति को संबोधित प्रशासनिक अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में भाजपा की एमपी सरकार के मंत्री को अशोभनीय टिप्पणी के मामले में बर्खास्त किए जाने की मांग की गई। सपा नेत्री व वार्ड नं0 10 कोराई की जिला पंचायत सदस्य संगीता राज पासी की अगुवई में बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने सैन्य महिला अधिकारी सोफिया कुरैशी पर अति निंदनीय बयान दिया जो केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी ही नहीं बल्कि देश की हर नारी व सेना का अपमान है। ये महानुभाव सदैव से भाजपाई और उनके संघी साथियों की नारी विरोधी सोंच के मुखपत्र रहे हैं। कुछ वर्षों पहले इन्होने ही देश की एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के कार्य में बाधा डाली थी। भाजपा की नारी शक्ति वंदना अभियान जैसी झूठी घोषणाओं का सच ऐसे लोगों के दुष्विचार खोल देते हैं। ऐसे लोग मंत्री तो क्या किसी गली-मुहल्ले तक के भी जनप्रतिनिधि बनने नहीं चाहिए। महिलाओं ने राष्ट्रपति से मांग किया कि भारत देश की नारी शक्ति की भावनाओं का सम्मान करते हुए एमपी सरकार के मंत्री विजय शाह को तत्काल मंत्रीमंडल से बर्खास्त करके उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर रीता प्रजापति, नफीसा बानो लीलावती, रानी शर्मा, गीता राज पासी, गीता देवी, मरियम जहां, रेशमा सिद्दीकी, नगमा, अनवरी, रेहाना, शबनम, अपसरी, शहजादी, फहमीदा, रामसखी, सियारानी, जनक दुलारी, रानी शर्मा, रन्नो, रामरती, रामसखी, अनुराधा, मंजू, अनीता, सुनीता, सरिता, आशा देवी, अश्वनी यादव, भोली देवी, के अलावा जगनायक सचान, सुनील उमराव एडवोकेट, संदीप कुमार भी मौजूद रहे।

■ भाजपा की एमपी सरकार के मंत्री को बर्खास्त किए जाने की मांग

कर्नल सोफिया पर अशोभनीय टिप्पणी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

फतेहपुर। भाजपा की मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहने को लेकर आज कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी एवं शहर अध्यक्ष मो. आरिफगुड्डा के संयुक्त नेतृत्व में कलेक्ट्रेट प्रांगण में सरकार एवं भाजपा मंत्री विजय शाह विरोधी नारे लगाते हुए उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि यह बहुत ही शर्मनाक हरकत है कि उस भारत की बेटी जिसके परिवार में कई पुश्तों से सेना में रहकर परिवारीजन देश की सेवा कर रहे हैं और वह खुद सेना के महत्वपूर्ण पद पर हो एवं अपनी कार्यकुशलता से अभी बीते दिनों देश को अवगत कराया हो उसे भाजपा की मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री पद पर आसीन विजय शाह द्वारा आतंकवादियों की बहन कहना बहुत ही कलुषित विचारधारा है जिसे देश बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है। ऐसे व्यक्ति को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। वहीं शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने भी इस घटना को बहुत ही निंदनीय बताते हुए कहा कि जब सेना की कार्यकुशल कर्नल के लिए भाजपा मंत्री द्वारा अशोभनीय शब्द कहे जा सकते हैं तो बाकी देश का क्या होगा। उन्होंने कहा कि अगर उस मंत्री को तुरंत बर्खास्त नहीं किया गया तो कांग्रेस सड़कों पर उतर कर बहन सोफिया कुरैशी के सम्मान में संघर्ष करेगी। प्रदर्शन में श्रवण गौड़, सुधाकर अवस्थी, शबनम, देवी प्रकाश दुबे, शकीला बानो, आदित्य श्रीवास्तव, माधुरी रावत, बीरेंद्र सिंह चौहान, फ़ज़रुल रहमान, सईद चच्चा, राजू लोधी, औसाफ अहमद, चंद्र प्रकाश लोधी, मनोज घायल, राम नरेश महराज, ओम प्रकाश कोरी, गोरेलाल लोधी, राजन तिवारी, रमजान अहमद, मो. नसीम अंसारी, विनय गुप्ता, मो. अकरम, रज्जू अवस्थी, इस्माइल अहमद, अमित श्रीवास्तव, हम्माद हुसैन, समीर, अतुल कुमार, आदित, अजय कुमार, शावेज़ आलम, एम.एल. श्रीवास, निहाल अहमद, बशीर अहमद, अनस आदि मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

युद्ध का विकल्प

किसी विवाद को लेकर तनाव और उसके बढ़ने पर युद्ध छिड़ जाना आज के समय में सामान्य बात होती जा रही है। स्थानीय स्तर पर दो व्यक्तियों या समुदायों के बीच संघर्षों का नतीजा दुर्भाग्यपूर्ण होने पर भी सीमित रहता है लेकिन दो देशों के बीच टकराव से सैकड़ों, हजारों और कभी-कभी लाखों लोग प्रभावित होते हैं। घर-परिवार उजड़ने से लेकर मौत तक उनकी तकदीर बन जाती है। इसका सामना करने वालों में अधिकतर सामान्य वर्गों के लोग ही होते हैं। सबक सिखाने या बदला लेने के जोश में भले ही लड़ाई बहुत स्वाभाविक या आसान लगे लेकिन वास्तव में यह हकीकत को नकारने जैसा ही है। पीएम नरेंद्र मोदी भी स्पष्ट रूप से कह चुके हैं कि यह युद्ध का युग नहीं है। भले ही अविवेकी लोग हम पर युद्ध थोपें लेकिन हमें उनका स्वागत नहीं करना चाहिए। इसी सोच के आधार पर पाकिस्तान के खिलाफ चार दिनों के जबर्दस्त अभियान के बाद संघर्षविराम के प्रस्ताव पर भारत सहमत हुआ था। देश के कई लोगों को यह कदम पसंद नहीं आया। यह भी स्वाभाविक है क्योंकि करीब तीन दशक से कश्मीर में पाक प्रायोजित आतंकवाद ने जिस तरह आम लोगों व सुरक्षा जवानों की हत्याएं करने का क्रम जारी रखा है और उसी कड़ी में पहलगाम में 26 निर्दोष भारतीय पर्यटकों को धर्म पूछ-पूछकर मार डाला, किसी भी देशभक्त वह असहिष्णुता की हद तक विचलित कर सकता है। फिर भी अंततः युद्ध की निरर्थकता से इंकार तो नहीं ही किया जा सकता। इसीलिए सैन्य क्रियाकलापों का व्यापक अनुभव रखने वाले भारत के पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने कहा है कि युद्ध न तो रोमांटिक होता है और न यह कोई बॉलीवुड फिल्म है। उन्होंने कहा कि रात में जब गोले गिरते हैं और सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों, खासतौर पर बच्चों को शरण स्थलों की ओर भागना पड़ता है, तो वह अनुभव उनके मन में गहरी वेदना छोड़ता है। वास्तव में ये एक गंभीर विषय है। युद्ध या हिंसा अंतिम विकल्प होना चाहिए। जनरल नरवणे की यह सोच सारी दुनिया की हो तो सारा दृश्य ही बदल सकता है। अगर कोई हम पर जंग थोपे या इसके लिए मजबूर कर दे, जैसा पाक ने किया तो पूरी ताकत से इसका जवाब तो देना ही होगा पर दुश्मन को एक बार पस्त कर देने के बाद जहां तक हो सके, खूनखराबे से बचना ही सही कदम माना जाएगा।

प्रशंसा योग्य

आतंकवाद के खिलाफ तमाम गंभीर मुहिमें चलने के बावजूद इसका प्रसार किसी न किसी तरह से हो रहा है। यूपी में ही यह लंबे समय से जड़ें जमाने की कोशिशों में है। यह बात और है कि कड़ी चौकसी के बाद भी ये मंसूबे पूरे नहीं हो पा रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक आईएसआईएस, आईएसआई, अल कायदा, जमात उल मुजाहिदीन, पीएफआई व सिमी से जुड़े 142 स्लीपिंग मॉड्यूल पिछले आठ वर्ष के दौरान गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इसके अलावा आतंकी संगठनों को फंडिंग करने में 11 लोग पकड़े गए हैं। इस अवधि में यूपीएटीएस की जांच पड़ताल में कई ऐसे मॉड्यूल मिले जिन्होंने तमाम जगहों पर अपनी गहरी पैठ बना ली थी। आतंकियों के इन संगठित मॉड्यूल को जड़ से उखाड़ने में एटीएस ने बेहद सतर्कता से काम लिया और अंततः उन्हें पस्त ही कर दिया। यही नहीं, राम मंदिर निर्माण के बाद भी आतंकी संगठनों ने धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की थी जिनको भी नाकाम किया गया। जाहिर है कि विभिन्न देशों में सक्रिय ये आतंकी गिरोह यूपी को अपना सेंटर बनाना चाहते थे। इसकी एक वजह यह भी है कि यहां समुदाय विशेष के लोगों की संख्या अधिक है जिनके गुमराह युवाओं को धन की लालच, धार्मिक उन्माद आदि तरीकों में फंसाकर वे अपना मकसद हासिल कर सकते थे। इनमें से कुछ युवा व अन्य लोग उनके बहकावे में आकर उनके लिए सक्रिय भी हो गए। कुछ समय तक उनका काम बेरोकटोक चल सका पर वे जल्दी ही सतर्कता एजेंसियों की निगाहों में चढ़ गए और उनको अंजाम तक पहुंचाने में देरी नहीं की गई। यह प्रदेश की एजेंसियों की सफलता तो है लेकिन इससे यह भी सीख मिलती है कि ऐसे तत्वों के प्रति समाज का सावधान रहना जरूरी है। खासतौर पर उन समुदाय के सदस्यों को यह बात समझनी होगी कि कोई उन्हें किसी तरह का प्रलोभन दे रहा है या बहका रहा है तो उसके पीछे कोई न कोई मकसद जरूर होगा। इससे बचना जरूरी है।

कांव-कांव

◆◆◆

चौराहों पर लगेगी मिलावटखोरों की तस्वीर-योगी

बकौल गालिब बदनाम हुए तो क्या नाम न होगा

कोर्ट आदेश के बाद विजय शाह पर प्राथमिकी

बर्बाद पार्टी करने को बस एक विजय काफी है!

पति का विवाहेतर संबंध दहेज क्रूरता नहीं-कोर्ट

'दहेज क्रूरता नहीं' का मतलब वैध कैसे हो गया!

एक माह से आतंकी तैयारी में था पाकिस्तान

सीज़फायर के बाद ही सारे खुलासे होने थे!

अमेरिकी पापा ने युद्धविराम करवाया -कांग्रेस

कांग्रेस के समय ये काम रूसी पापा करते थे!

तीन सप्ताह बाद बीएसएफ जवान की वापसी

एक अच्छा भला सियासी मुद्दा खत्म हो गया!

◆◆◆

दुनिया को समझना होगा, भारत का 'न्यू नॉर्मल'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा दिन राष्ट्र के नाम अपने 22 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान को स्पष्टतः चेता दिया कि अगर हमारे भारत की ओर आँख उठाकर भी देखा तो वो हश्र होगा कि दुनिया याद करेगी। राष्ट्र के नाम संदेश के अगले दिन पीएम ने आदमपुर एयरबेस पहुंचकर

- डॉ. आशीष वशिष्ठ

जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया। आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी।

पीएम ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे-तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नहीं सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद युद्ध के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। और भारत ने जो विध्वंस ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी।

भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। 1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्ध और तमाम छोटी-बड़ी आतंकी घटनाओं में पाकिस्तान की स्पष्ट भूमिका के उपरांत सिंधु जल संधि स्थगित करने का साहस भारत दिखा नहीं पाया। बालाकोट और उसी स्ट्राइक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली है, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दया भावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रपंच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। वहीं पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाने की बजाय जुबानी जमा खर्च ज्यादा करने की जो परंपरा नेहरू-इंदिरा के शासन में फली फूली, 2014 में मोदी सरकार के गठन से पूर्व तक भारत उसी नीति का सिर झुकाकर अनुसरण करता रहा।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में एयर स्ट्राइक से अधिक की उम्मीद नहीं थी। उसे लग रहा था भारत की सत्ता संभालने वालों में बड़े, प्रभावशाली और कठोर निर्णय लेने का राजनीतिक साहस नहीं है। लेकिन पाकिस्तान पता नहीं यह कैसे भूल गया कि पीएम मोदी खतरे उठाने और साहसी निर्णय लेने के लिए जाने जाते हैं। उनकी प्रसिद्धि, साख और लोकप्रियता की यूएसपी जोखिम उठाना ही तो है। पीएम मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है। ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने न केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरुद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा।

पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं कीं, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट भ्रष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर

आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य बहुत स्पष्ट था- आतंक का ढांचा तोड़ना, अपनी सैन्य ताकत दिखाना, शत्रु को पुनः सोचने के लिए विवश करना और विश्व को यह बताना कि यह परिवर्तित भारत है। और यह परिवर्तित भारत अब नई सुरक्षा नीति पर चल रहा है। यह बदला हुआ भारत है, भारत के इस बदले हुए मिजाज और कड़े निर्णय लेने के साहस को पाकिस्तान समझने से चूक गया। जिसका परिणाम अखिल विश्व के समक्ष है। भारत ने घर में घुसकर जब चाहा, जहां चाहा, वहां हमला किया। आतंकी खत्म किये, आतंक के ठिकाने ध्वस्त किये और पाकिस्तान के सैन्य हमलों को अपाहिज और पंगु बना डाला। भारतीय सेना और हमारे डिफेंस सिस्टम की श्रेष्ठता और सटीकता ने पाकिस्तान ही नहीं उसके सहयोगियों और हितैषी अमेरिका, चीन और तुर्की के जेट फाइटर, ड्रोन्स, एयर डिफेंस सिस्टम और आयुध की निम्न गुणवत्ता को अनावृत कर डाला।

पाकिस्तान में फलने फूलने वाले आतंकियों को कड़ी सीख देने के लिए अच्छी तरह चिंतन-मंथन के बाद ऑपरेशन सिंदूर संचालित हुआ। इसे स्वैच्छिक युद्ध में परिवर्तित नहीं होने दिया गया, लेकिन आतंक को कठोर उत्तर भी दे दिया गया। भारत ने ये दिखा दिया कि अब युद्ध का अर्थ केवल बम-विस्फोट और सीमा लांघना नहीं होता। अब लड़ाई सोच-समझकर, सीमित परिधि में और स्पष्ट उद्देश्य के साथ लड़ी जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम ने विश्व समुदाय को स्पष्ट तौर पर बता दिया है कि अब हम किसी और के आश्रित नहीं हैं। ना अमेरिका की ओर देखा, ना रूस से पूछा और ना ही संयुक्त राष्ट्र से कोई सहायता मांगी। जो करना था, स्वयं उसकी कार्य योजना बनाई, और स्वयं ही उसे धरती पर उतारा। ये वही भारत है जो कभी हमलों के बाद बयान देता था और अंतरराष्ट्रीय सहायता की प्रतीक्षा करता था। लेकिन इस बार भारत ने ये दिखा दिया कि अब हम अपने निर्णय स्वयं लेते हैं और अपनी लड़ाई स्वयं अपने सामर्थ्य से लड़ते हैं। यह भारत की रणनीतिक आत्मनिर्भरता का स्पष्ट संकेत है, यानी अब हम दूसरों की सहमति या सहायता पर नहीं, अपनी सोच, शक्ति, सामर्थ्य और साधनों पर विश्वास करते हैं।

प्रेमचंद की कहानियां



जुलूस

सहसा एक युवती ने दारोगा जी की तरफ देख कर कहा- कोतवाल साहब! कहीं हम लोगों पर डंडे न चला दीजिएगा। आपको देख कर भय हो रहा है।

दूसरी बोली- आप ही के कोई भाई तो थे, आप खुद थे।

बीसियों ही मुंह से आवाजें निकलीं-अच्छा, यह वही महाशय हैं? महाशय आपको नमस्कार है। यह आप ही की कृपा का फल कि आज हम भी आपके डंडे के दर्शन के लिए आ खड़ी हुई हैं।

बीरबल ने मिट्ठनबाई की ओर आंखों का भाला चलाया, पर मुंह से कुछ न बोले। एक तीसरी महिला ने फिर कहा-हम एक जलसा करके आपको जयमाल पहनायेंगे और आपका यशोगान करेंगे। चौथी ने कहा-आप बिलकुल अंगरेज मालूम होते हैं, जभी इतने गोरे हैं! एक बुढ़िया ने आंखें चढ़ा कर कहा-मेरी कोख में ऐसा बालक जन्मा होता, तो उसकी गर्दन मरोड़ देती! एक युवती ने उसका तिरस्कार करके कहा- आप भी खूब कहती हैं, माता जी, कुत्ते तक तो नमक का हक अदा करते हैं, यह तो आदमी हैं! बुढ़िया ने झल्ला कर कहा-पेट के गुलाम, हाय पेट, हाय पेट! इस पर कई स्त्रियों ने बुढ़िया को आड़े हाथों ले लिया और वह बेचारी लज्जित होगी बोली- अरे, मैं कुछ कहती थोड़े ही हूं। मगर ऐसा आदमी भी क्या, जो स्वार्थ के पीछे अंधा हो जाय। बीरबल सिंह अब और न सुन सके। घोड़ा बढ़ाकर जुलूस से कई गज पीछे चले गये। मर्द लज्जित करता है, तो हमें क्रोध आता है, स्त्रियां लज्जित करती हैं, तो ग्लानि उत्पन्न होती है। बीरबल सिंह की इस वक्त इतनी हिम्मत न थी कि फिर उन महिलाओं के सामने जाते। अपने अफसरों पर क्रोध आया। मुझी को बार-बार क्यों, इन कामों पर तैनात किया जाता है? और लोग भी तो हैं, उन्हें क्यों नहीं लाया जाता? क्या मैं ही सअ से गया-बीता हूं। क्या मैं ही सबसे भावशून्य हूं।

क्रमशः...

।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

अकृष्टफलमूलानि वनवासरति सदा।
कुरुतेहरहः श्राद्धमृषिर्विप्रः च उच्यते।।

बिना जुती धरती से मिलने वाले फल-मूलादि का सेवन करने वाला तथा वन में निवास करने वाला और प्रतिदिन पितरों का श्राद्ध व तर्पण करने वाला ब्राह्मण ऋषि कहलाता है।

◆◆◆

भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के लाभ

पिछले सप्ताह भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की संरक्षणवादी नीतियों की आंधी के बीच टैरिफ मुक्ति की सुखद बयार की तरह था। भारत और ब्रिटेन, दोनों पर टैरिफ की दीवारों से अमेरिका की मंडी बंद हो जाने की आशंका के कारण अपने माल के लिए नयी मंडियां खोलने का दबाव था। इसलिए दोनों

- शिवकांत

ने उन रुकावटों को कुछ दिनों में दूर कर दिखाया, जिन पर करीब तीन साल से सौदेबाजी चल रही थी। अब भारत से निर्यात होने वाले 99 प्रतिशत माल पर ब्रिटेन में कोई टैरिफ नहीं लगेगा। बदले में भारत भी ब्रिटेन से आयात होने वाले माल पर अपने शुल्कों में 90 प्रतिशत की कटौती करेगा। स्कॉच, व्हिस्की जैसे ब्रितानी माल पर दस साल के भीतर धीरे-धीरे शुल्कों में कटौती की जायेगी। मुक्त व्यापार समझौता होने से ब्रिटेन में भारतीय कपड़े, जूते, कारें और उनके पुर्जे, दवा, रसायन, रत्न-आभूषण, समुद्री माल, खेल का सामान और खिलौने सस्ते हो जायेंगे। भारत में ब्रिटेन से आने वाली धातुएं, व्हिस्की और जिन, चिकित्सा उपकरण, शृंगार सामग्री, चॉकलेट, बिस्कुट, ऊनी कपड़ा, मांस, मछली और महंगी कारें सस्ती होंगी। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते में सबसे बड़ी रुकावट ब्रिटेन जाने वाले छात्रों और पेशेवरों के लिए वीजा की संख्या बढ़ाने और प्रक्रिया को आसान करने की भारत की मांग थी, जिसके लिए ब्रिटेन को अपनी आप्रजन नीति बदलनी पड़ती। आप्रवासी विरोधी माहौल को देखते हुए वहां की सरकार के लिए ऐसा करना संभव नहीं था। इसलिए भारत को समझौता करना पड़ा। वीजा प्रक्रिया को थोड़ा आसान बनाने और पेशेवरों के वीजा बढ़ाने के नाम पर भारतीय रसोइयों, संगीतकारों और योग शिक्षकों के लिए सालाना 1,800 वीजा देने के आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला है। समझौते में 2022 की व्यापार वार्ताओं में उठे दवा पेटेंटों के उस विवाद का जिक्र भी नहीं है, जिससे भारत में सस्ती जेनेरिक दवाओं के निर्माण में रुकावटें खड़ी हो सकती थीं और ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा को सस्ती जेनेरिक दवाएं मिलने में दिक्कत खड़ी हो सकती थी। भारत के लिए इस समझौते की शायद सबसे बड़ी उपलब्धि ब्रिटेन में कारोबार करने वाली भारतीय कंपनियों और उनके अस्थायी रूप से ब्रिटेन जाकर काम करने वालों को तीन साल तक वहां के राष्ट्रीय सुरक्षा कर से मिली छूट है। ब्रिटेन में काम करने वाले कर्मचारियों को वेतन का 10-12 प्रतिशत और उनकी कंपनियों को 15 प्रतिशत राष्ट्रीय सुरक्षा कर के रूप में देना पड़ता है। छूट मिलने से भारतीय कंपनियों को प्रति कर्मचारी 20 फीसदी की बचत होगी। इस दोहरा कराधान कन्वेंशन से ब्रिटेन को 10 से 12 करोड़ डॉलर सालाना की करहानि होगी, जिसे लेकर वहां का विपक्ष सवाल उठा रहा है। दरअसल, मुक्त व्यापार समझौते के साथ दोहरा कराधान कन्वेंशन समझौता भी हुआ है, जबकि द्विपक्षीय निवेश संधि पर काम चल रहा है। इससे भारतीय कंपनियों को ब्रितानी ठेकों के लिए बोली लगाने और ब्रितानी कंपनियों में हिस्सेदारी खरीदने तथा कारोबार लगाने की सुविधाएं मिलेंगी। इसके बदले में ब्रिटिश कंपनियों भी भारत में उसी तरह की सुविधाएं ले सकेंगी। व्यापार और निवेश बढ़ने से दोनों देशों में रोजगार बढ़ेंगे तथा आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और ब्रिटेन छठी अर्थव्यवस्था है। पर इन दोनों का व्यापार मात्र 5,700 करोड़ डॉलर है, जो विश्व व्यापार का 0.2 प्रतिशत भी नहीं है। ब्रिटेन को यूरोपीय संघ छोड़ने से हुए व्यापारिक नुकसान की भरपाई के लिए बड़े-बड़े देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने की जरूरत है। इसीलिए उसने हाल में ऑस्ट्रेलिया, जापान और सिंगापुर के साथ व्यापार समझौते किये हैं। पर भारत के साथ हुआ व्यापार समझौता उसका अब तक का सबसे बड़ा और अहम व्यापार समझौता है, क्योंकि सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के कारण भारत सबसे बड़ी मंडी भी है। भारत को भी ट्रंप की संरक्षणवादी नीतियों के कारण

अपने सबसे बड़े व्यापार साझीदार अमेरिका के साथ व्यापार घटने की भरपाई के लिए नयी मंडियों की तलाश थी। ब्रिटेन के साथ हुआ समझौता कुछ हद तक उसकी भरपाई कर सकेगा। ब्रिटेन के साथ पुराने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध होने के बावजूद उसके साथ होने वाले व्यापार में भारत बारहवें स्थान पर आता है। दोनों के बीच व्यापार बढ़ने की संभावनाएं अपार हैं। इस समझौते से दोनों के व्यापार में 2040 तक करीब 3,400 करोड़ डॉलर की वृद्धि की आशा है, जिससे भारत को 2030 तक अपना निर्यात बढ़ाकर एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। यह व्यापार समझौता भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि ब्रिटेन को यूरोपीय संघ का प्रवेश द्वार माना जाता है। यूरोपीय संघ दुनिया का सबसे बड़ा व्यापारिक ब्लॉक है और उसे छोड़ने के बावजूद ब्रिटेन का लगभग आधा व्यापार उसी के साथ होता है। भारत यूरोप के साथ भी मुक्त व्यापार समझौता करने की कोशिश में है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मुताबिक, भारत आगामी अक्तूबर तक अमेरिका के साथ और साल के अंत तक यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता कर लेना चाहता है। ब्रिटेन के साथ हुए समझौते से इन दोनों समझौतों को पूरा करने में भी मदद मिल सकती है। यूरोप के साथ चल रही व्यापार वार्ताओं में कृषि उत्पादों, ऑटो पार्ट और सेवाओं के लिए मंडियां खोलने पर और कार्बन टैक्स, पर्यावरण और श्रम के स्तरों को लेकर रुकावटें खड़ी होती रही हैं। भारत-ब्रिटेन समझौते में बाकी सब रुकावटें तो दूर कर ली गयीं, पर कार्बन टैक्स का मामला अटका हुआ है। भारत और ब्रिटेन की मंडियों में एक-दूसरे की चीजों की कीमतों पर इस समझौते का प्रभाव अगले वर्ष से दिखाई देगा। शुल्क मुक्त व्यापार से भारतीय निर्यातकों को करीब 4,000 करोड़ रुपये सालाना की और ब्रिटिश निर्यातकों को करीब 3,500 करोड़ रुपये सालाना की बचत होगी। भारत से आने वाले कपड़े, जूते, खेल का सामान और खिलौने बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, वियतनाम और चीन जैसे देशों से आने वाले माल का मुकाबला करते हुए बाजारों में अपनी जगह बना सकेंगे। उपभोक्ताओं और व्यापारियों को होने वाले लाभ के अलावा इस समझौते का सामरिक महत्व भी है। इससे भारत और ब्रिटेन की व्यापक सामरिक साझेदारी मजबूत होगी, जो आपसी आर्थिक विकास, तकनीकी नवाचार और जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक संकटों के समाधान में सहयोग पर केंद्रित है।

प्रेरक प्रसंग

महानता के लक्षण

एक बालक नित्य विद्यालय पढ़ने जाता था। घर में उसकी माता थी। माँ अपने बेटे पर प्राण न्योछावर किए रहती थी, उसकी हर मांग पूरी करने में आनंद का अनुभव करती। पुत्र भी पढ़ने-लिखने में बड़ा तेज़ और परिश्रमी था। खेल के समय खेलता, लेकिन पढ़ने के समय का ध्यान रखता।

एक दिन दरवाज़े पर किसी ने - माई! ओ माई! पुकारते हुए आवाज़ लगाई तो बालक हाथ में पुस्तक पकड़े हुए द्वार पर गया, देखा कि एक फटेहाल बुढ़िया कांपते हाथ फैलाए खड़ी थी।

उसने कहा, बेटा! कुछ भीख दे दे।

बुढ़िया के मुंह से बेटा सुनकर वह भावुक हो गया और माँ से आकर कहने लगा, माँ! एक बेचारी गरीब माँ मुझे बेटा कहकर कुछ माँग रही है।

उस समय घर में कुछ खाने की चीज़ थी नहीं, इसलिए माँ ने कहा, बेटा! रोटी-भात तो कुछ बचा नहीं है, चाहे तो चावल दे दो।

पर बालक ने हठ करते हुए कहा - माँ! चावल से क्या होगा? तुम जो अपने हाथ में सोने का कंगन पहने हो, वही दे दो न उस बेचारी को। मैं जब बड़ा होकर कमाऊंगा तो तुम्हें दो कंगन बनवा दूंगा।

माँ ने बालक का मन रखने के लिए सच में ही सोने का अपना वह कंगन कलाई से उतारा और कहा, लो, दे दो।

बालक खुशी-खुशी वह कंगन उस भिखारिन को दे आया। भिखारिन को तो मानो एक खज़ाना ही मिल गया। कंगन बेचकर उसने परिवार के बच्चों के लिए अनाज, कपड़े आदि जुटा लिए। उसका पति अंधा था। उधर वह बालक पढ़-लिखकर बड़ा विद्वान हुआ, काफ़ी नाम कमाया।

एक दिन वह माँ से बोला, माँ! तुम अपने हाथ का नाप दे दो, मैं कंगन बनवा दूं। उसे बचपन का अपना वचन याद था।

पर माता ने कहा, उसकी चिंता छोड़। मैं इतनी बूढ़ी हो गई हूँ कि अब मुझे कंगन शोभा नहीं देंगे। हां, कलकत्ते के तमाम गरीब बालक विद्यालय और चिकित्सा के लिए मारे-मारे फिरते हैं, उनके लिए तू एक विद्यालय और एक चिकित्सालय खुलवा दे जहां निशुल्क पढ़ाई और चिकित्सा की व्यवस्था हो। माँ के उस पुत्र का नाम था ईश्वरचंद्र विद्यासागर।

आपका पत्र मिला

अब आतंकियों के स्रोत भी खत्म करेगा भारत

पिछले 75 वर्षों में पाकिस्तान ने जिस प्रकार अपने मदरसों और स्कूलों में भारत और हिंदुओं के विरुद्ध घृणा का बीजारोपण किया है, उसने वहां की कई पीढ़ियों को कट्टरपंथ और आतंकवाद की ओर धकेल दिया है। मुल्ला-मौलवियों द्वारा खुलेआम 'गजवा-ए-हिंद' और 'जिहाद' की बातें करना, न केवल समाज को विषाक्त करता है, बल्कि पाकिस्तान को आतंकवाद का वैश्विक अड्डा भी बनाता है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों को पाकिस्तान की सेना और आईएसआई से प्रत्यक्ष संरक्षण मिलना इस बात का प्रमाण है कि यह देश आतंक का संरक्षक बन चुका है। भारत पर हमलों में मारे गए आतंकियों के जनाजों में पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति ने यह सच्चाई उजागर कर दी है। भारत अब इस आतंकी तंत्र के खिलाफ केवल प्रतिक्रियात्मक नीति पर नहीं, बल्कि आक्रामक और दीर्घकालिक रणनीति पर काम कर रहा है। जम्मू-कश्मीर के पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से, सिंध और पंजाब में फैले 'टेरर-इकोसिस्टम' को ध्वस्त करना भारत के सुरक्षा एजेंडे में प्रमुख है। इसके साथ ही बलूचिस्तान और खैबर-पख्तूनख्वा में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ आवाज उठाकर भारत वैश्विक मंच पर पाक की असलियत उजागर करने में जुटा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' न केवल पहलगाम आतंकी हमले का निर्णायक जवाब है, बल्कि यह भारत की सैन्य ताकत, राजनीतिक इच्छाशक्ति और वैश्विक दृष्टिकोण का भी प्रदर्शन है। यह अभियान दर्शाता है कि भारत अब केवल आतंकी हमलों का जवाब नहीं देगा, बल्कि उनके स्रोतों को नष्ट करने की दिशा में भी निर्णायक कदम उठाएगा। यही भारत की नई और निर्भीक नीति है। और पाकिस्तान अब भारत से पानी देने की गुहार लगा रहा है!

मधु सुभाष बुढ़ावन वाला
वाया ई-मेल

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। संपादक, स्वतंत्र भारत 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

मोटापा होगा दूर, डाइट में शामिल करें जीरो कैलोरी फूड्स

बिजी लाइफस्टाइल को लेकर अधिकतर लोग मोटापा का शिकार हो रहे हैं। फास्ट फूड खाना या कम व्यायाम करना एक बड़ा कारण हो सकता है मोटापे का। मोटापे से कई रोग होते हैं जैसे कि हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और मधुमेह। ऐसे में हमें जीरो कैलोरी फूड ही खाना चाहिए। जीरो कैलोरी फूड्स का मतलब है वे खाद्य पदार्थ जिनमें कैलोरी की मात्रा इतनी कम होती है कि उन्हें खा लेने से वजन पर असर नहीं पड़ता। ये खाद्य पदार्थ आमतौर पर प्राकृतिक होते हैं और इनमें फाइबर, पानी, विटामिन और खनिज होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। इस लेख में हम जीरो कैलोरी फूड्स के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे, उनके प्रकार, फायदे और सेवन के तरीके, जानेंगे।

जीरो कैलोरी फूड्स के प्रकार

खीरा : खीरा लगभग 96% पानी से बना होता है, जिससे यह एक बेहतरीन जीरो कैलोरी फूड बनता है।
यह न केवल हाइड्रेशन में मदद करता है, बल्कि इसे सलाद या स्नैक के रूप में खाया जा सकता है। खीरे में फाइबर की मात्रा भी अच्छी होती है, जो पाचन स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। इसके सेवन से आपको जल्दी भूख नहीं लगती, जिससे वजन नियंत्रण में मदद मिलती है।
आप इसे नींबू, काली मिर्च, या दही के साथ मिलाकर और भी स्वादिष्ट बना सकती हैं। इसके नियमित सेवन से आपके शरीर में पानी की कमी नहीं होगी, और यह आपको ताजगी और ऊर्जा प्रदान करेगा। इसलिए, इसे आप अपनी डाइट में शामिल करना न भूलें।

पत्तेदार सब्जियां : पालक, मेथी, सरसों आदि पत्तेदार सब्जियां पोषण से भरपूर होती हैं और इनकी कैलोरी मात्रा भी बहुत कम होती है। ये सब्जियां विटामिन ए, सी, और के, आयरन, कैल्शियम, और फाइबर का बेहतरीन स्रोत हैं। पालक विशेष रूप से आयरन से भरपूर होता है, जो रक्त निर्माण में मदद करता है और ऊर्जा स्तर को बनाए रखता है।
मेथी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो पाचन को सुधारते हैं और शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। सरसों के पत्ते में भी औषधीय गुण होते हैं, और ये हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माने जाते हैं। पत्तेदार सब्जियां वजन नियंत्रण में मददगार होती हैं, क्योंकि इनमें फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो लंबे समय तक पेट भरा रखती है।

टमाटर
टमाटर में कम कैलोरी और ज्यादा एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जैसे लाइकोपीन। ये सलाद में, सूप में या पकवानों में उपयोग किए जाते हैं। टमाटर का सेवन न केवल स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि यह सेहत के लिए भी अत्यधिक लाभकारी है। लाइकोपीन एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो शरीर में फ्री रेडिकल्स के प्रभाव को कम करने में मदद करता है। यह हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और कैंसर के खतरे को घटाने में सहायक माना जाता है। टमाटर में विटामिन ष्ट की भी अच्छी मात्रा होती है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद करती है। इसके अलावा, टमाटर का रस पीना भी एक बेहतरीन विकल्प है, जो शरीर को हाइड्रेट रखता है। कम कैलोरी और पौष्टिक होने के कारण, इसे अपनी डाइट में आज ही शामिल करें।

बीटरूट : 100 ग्राम बीटरूट में केवल 43 कैलोरी पाई जाती है, जिससे यह वजन कम करने में मददगार हो सकता है। यह आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है। बीटरूट विटामिन ए, सी, और बी, फोलिक एसिड, आयरन, और मैग्नीशियम का एक अच्छा स्रोत है। ये सभी पोषक तत्व आपके शरीर के लिए आवश्यक हैं। यह रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। इसमें उच्च मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन में सुधार करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से भी राहत दिलाता है। अगर आप वजन कम करना चाहती हैं तो बीटरूट का सेवन ज़रूर करें।

नींबू : नींबू, न केवल ताजगी देता है, बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। इसकी कैलोरी मात्रा बहुत कम होती है, जिससे इसे जीरो कैलोरी फूड्स की श्रेणी में रखा जाता है। एक नींबू में केवल 20-30 कैलोरी होती है, जिससे यह वजन कम करने के लिए एक बेहतरीन उपाय है। नींबू में विटामिन ष्ट की उच्च मात्रा होती है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है और त्वचा के स्वास्थ्य में भी सुधार करता है। नींबू का रस पानी में मिलाकर पीने से शरीर हाइड्रेटेड रहता है। इसका सेवन करने से पाचन क्रिया को सुधारने में मदद मिलती है। यह लिवर के स्वास्थ्य को भी बेहतर करता है।

जीरो कैलोरी फूड्स के फायदे

1. जीरो कैलोरी फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करने से आप अधिक मात्रा में खा सकती हैं, जबकि कैलोरी का सेवन कम कर सकती हैं। यह वजन घटाने की प्रक्रिया को आसान बनाता है।
2. इन फूड्स में जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए आवश्यक हैं। ये विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं।
3. फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ पाचन तंत्र को स्वस्थ रखते हैं और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत देते हैं।
4. अधिकतर जीरो कैलोरी फूड्स में पानी की मात्रा ज्यादा होती है, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करती हैं।

डेंगू के दौरान क्या खाएं और क्या नहीं

डेंगू एक वायरल बीमारी है, जो एडीस मच्छर के काटने से फैलती है। इस मच्छर के काटने के कुछ घंटे बाद डेंगू के लक्षण दिखने लगते हैं। अगर समय पर इसका इलाज न किया जाए, तो यह जानलेवा भी हो सकती है। ध्यान देने वाली बात ये है कि डेंगू बुखार का अब तक कोई ज्ञात इलाज नहीं है। इसमें लक्षणों को कम करने वाले तरीकों को प्रयोग में लाया जाता है। डेंगू से रिकवरी के लिए दवाओं के साथ-साथ सही आहार भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सही खानपान शरीर को हाइड्रेट रखता है, इम्युनिटी को बढ़ाता है और प्लेटलेट्स की संख्या को बढ़ाने में मदद करता है। वहीं, कुछ फुड प्रोडक्ट ऐसे भी हैं जो डेंगू के लक्षणों को बढ़ा सकते हैं। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं कि डेंगू के दौरान क्या खाना चाहिए और किन चीजों से बचना चाहिए।

डेंगू में क्या खाएं?

डेंगू में डिहाइड्रेशन का खतरा बना रहता है। इसलिए, खूब पानी, नारियल पानी, ओआरएस, और ताजा फलों का जूस पिएं। नारियल पानी जरूर पीएं, क्योंकि इसमें पोटैशियम और इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है, जो शरीर को ऊर्जा देता है। पपीते के पत्तियों का रस प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाने में मदद करता है। रोजाना 2-3 चम्मच पपीते के पत्तों का रस या ताजा पपीता खाएं।

डेंगू में क्या न खाएं?

तला-भुना, मसालेदार, और जंक फूड पाचन को बिगाड़ सकता है और लीवर पर दबाव डाल सकता है, इसलिए इसे खाने से बचना चाहिए। कॉफी, चाय, और शराब से डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ता है। ये प्लेटलेट्स की संख्या को भी प्रभावित कर सकते हैं। मिठाइयां, सोडा, और पैकेज्ड जूस से बचें, क्योंकि ये आपके इम्युनिटी को और कमजोर कर सकते हैं। साथ ही रेड मीट और भारी प्रोटीन युक्त भोजन पचने में मुश्किल होता है, इसलिए डेंगू के दौरान इसे नहीं खाना चाहिए। ज्यादा नमक वाले फूड प्रोडक्ट, जैसे-अचार और चिप्स, शरीर में पानी की मात्रा को असंतुलित कर सकते हैं, इसलिए इसे खाने बचना चाहिए।

दिल के दौरे के खतरे को करना है कम, तो शुरू कर दें ये योगासन

हमारी लाइफस्टाइल का हमारे दिल पर काफी गहरा प्रभाव पड़ता है। खान-पान की बुरी आदतें और बिगड़ी जीवनशैली के कारण दिल की बीमारियां बढ़ रही हैं। इसलिए हार्ट डिजीज से अपना बचाव करने के लिए हमें कुछ एहतियात बरतने चाहिए। योग एक ऐसा तरीका है, जो दिल को हेल्दी रखने में मदद करता है। वैसे भी योग भारत में सदियों से शारीरिक और मानसिक फायदों के लिए किया जाता रहा है। नियमित योग करने से आपकी पूरी सेहत को फायदा पहुंचता है, जिसमें दिल भी शामिल है। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे योगासन बताएंगे, जो दिल को दुरुस्त रखने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं।

योग कैसे दिल के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है?

ब्लड सर्कुलेशन में सुधार- योग ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है, जो दिल को ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की पूर्ति करने में मदद करता है।

तनाव कम करता है- तनाव दिल की बीमारियों का एक प्रमुख कारण है। योग तनाव को कम करने में मदद करता है, जो आपके दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

कोलेस्ट्रॉल कम करता है- हाई कोलेस्ट्रॉल लेवल दिल की बीमारियों का एक अन्य रिस्क फैक्टर है। योग कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने में भी मदद करता है।

वजन कम करने में मदद करता है- ज्यादा वजन हार्ट डिजीज के जोखिम को बढ़ा सकता है। योग वजन कम करने में मदद कर सकता है।

दिल को स्वस्थ रखने के लिए कुछ प्रभावी योगासन

ऊर्ध्व मत्स्य आसन

इस आसन में, आप अपनी पीठ के बल लेटते हैं और अपने पैरों को ऊपर उठाते हैं।
यह आसन ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देता है और दिल के स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करता है।

धनुरासन

इस आसन में, आप अपने पेट के बल लेटते हैं और अपने पैरों को ऊपर उठाते हुए अपने हाथों से उन्हें पकड़ते हैं। यह आसन रीढ़ की हड्डी को मजबूत करता है और दिल स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

भुजंगासन

इस आसन में, आप अपने पेट के बल लेटते हैं और अपनी छाती को ऊपर उठाते हुए अपने हाथों से जमीन को धकेलते हैं। यह आसन रीढ़ की हड्डी को मजबूत करता है और दिल स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

मत्स्य आसन

इस आसन में, आप अपनी पीठ के बल लेटते हैं और अपने सिर और छाती को ऊपर उठाते हैं, अपने हाथों से अपनी पीठ के नीचे सहायता करते हुए। यह आसन छाती और फेफड़ों को खोलता है, जो दिल स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

उष्ट्रासन

इस आसन में, आप अपने घुटनों के बल बैठते हैं और पीछे की ओर झुकते हुए अपने हाथों से अपनी एड़ियों को पकड़ते हैं। यह आसन रीढ़ की हड्डी को मजबूत करता है और दिल के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

ओट्स को रोज़ाना नाश्ते में खाना हो सकता है नुकसानदायक

नाश्ते को दिन का पहला मील कहा जाता है और इसलिए आप जो भी खाते हैं, उसका सीधा असर आपकी सेहत पर पड़ता है। यही वजह है कि हर किसी को हेल्दी ब्रेकफास्ट करने की सलाह दी जाती है। अमूमन लोग ओट्स को एक हेल्दी नाश्ता मानते हैं। यह कहा जाता है कि ओट्स को वज़न कम करने के लिए काफी अच्छा कहा जाता है। कई बार लोग रोज ही ओट्स खाना शुरू कर देते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि हर दिन ओट्स खाना उतना भी अच्छा ऑप्शन नहीं माना जाता है।

फाइटिक एसिड से होता है नुकसान

ओट्स में फाइटिक एसिड मौजूद होता है, जो शरीर में आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे ज़रूरी मिनरल्स को पूरी तरह से अब्जॉर्ब नहीं होने देता। इसलिए, अगर आपको पहले से ही कमजोरी या आयरन की कमी रहती है, तो रोज़ ओट्स खाने से आपकी समस्या बिगड़ सकती है।

प्रोटीन की कमी

आपका नाश्ता ऐसा होना चाहिए, जिसमें मैक्रो न्यूट्रिएंट्स बैलेंस हों। लेकिन ओट्स में प्रोटीन बहुत कम होता है। अगर आप बिना अंडा, पनीर, सीड्स या प्रोटीन पाउडर के ओट्स खा रहे हो, तो ऐसे में आपको नाश्ते में प्रोटीन मिल ही नहीं रहा। इससे होता ये है कि दो घंटे में फिर से भूख लग जाती है और एनर्जी भी लो हो जाती है।

पपीता सेहत के लिए लाभकारी, लेकिन इन लोगों के लिए खतरनाक है

पपीता एक ऐसा फल है जो स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद कई प्रकार के विटामिन, खनिज, और एंटीऑक्सीडेंट्स इसे एक सुपरफूड बनाते हैं। यह न केवल पाचन तंत्र को सुधारता है बल्कि वजन नियंत्रित करने में भी मदद करता है। इसके अलावा, डायबिटीज, हृदय रोग, और कैंसर के मरीजों के लिए यह एक अच्छा विकल्प हो सकता है। हालांकि, पपीते का सेवन हर किसी के लिए सुरक्षित नहीं है। कई ऐसे लोग हैं जिन्हें पपीता खाने से बचना चाहिए। आइए जानते हैं कि कौन-से लोग हैं जो पपीता का सेवन न करें।

किडनी में पथरी से पीड़ित : अगर आपको किडनी में पथरी की समस्या है, तो आपको पपीता का सेवन नहीं करना चाहिए। पपीते में

विटामिन सी की अधिकता होती है, जो एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करता है। लेकिन, इसकी अधिक मात्रा किडनी में पथरी के खतरे को बढ़ा सकती है। पपीता खाने से कैल्शियम ऑक्सलेट का स्तर बढ़ सकता है, जिससे किडनी में स्टोन बनने का खतरा बढ़ता है।

हाइपोग्लाइसीमिया वाले लोग : डायबिटीज से पीड़ित लोग पपीता का सेवन कर सकते हैं, लेकिन जिनका ब्लड शुगर लेवल पहले से ही कम है, उन्हें इससे परहेज करना चाहिए। हाइपोग्लाइसीमिया से पीड़ित लोगों के लिए पपीता हानिकारक हो सकता है, क्योंकि इससे हार्ट बीट तेज हो सकती है और शरीर में कंपन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

इरेगुलर हार्टबीट वाले लोग : पपीता हार्ट के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन अगर आपको इरेगुलर हार्टबीट की समस्या है, तो इसे खाना आपके लिए खतरनाक हो सकता है। रिसर्च से पता चला है कि पपीता में साइनोजेनिक ग्लाइकोसाइड होता है, जो पाचन तंत्र में हाइड्रोजन सायनाइड का उत्पादन कर सकता है। **यह इरेगुलर हार्टबीट को और भी बढ़ा सकता है।**

प्रेगनेंसी के दौरान : गर्भवती महिलाओं को पपीता खाने की सलाह नहीं दी जाती। इसमें लेटक्स होता है, जो गर्भाशय के संकुचन को ट्रिगर कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप, बच्चा समय से पहले जन्म ले सकता है। पपीते में पपैन भी पाया जाता है, जिसे शरीर प्रोस्टाग्लैंडीन के रूप में पहचान सकता है, जिससे आर्टिफिशियली लेबर पेन शुरू हो सकता है। इससे भ्रूण को सपोर्ट करने वाली झिल्ली भी कमजोर हो सकती है।

एलर्जी वाले लोग : यदि आप किसी प्रकार की एलर्जी से पीड़ित हैं, तो पपीता खाने से बचें। पपीते में एक एंजाइम होता है जिसे चिटिनेज कहा जाता है। यह लेटेक्स के साथ क्रॉस रिएक्शन कर सकता है, जिससे आपको छींक, सांस लेने में कठिनाई, खांसी या आंखों में समस्या हो सकती है।

इसलिए, ऐसे लोगों को पपीते का सेवन नहीं करना चाहिए। पपीता एक स्वास्थ्यवर्धक फल है, लेकिन इसके सेवन से पहले यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आप उपरोक्त श्रेणियों में न आते हों। किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें और अपने आहार में सावधानी बरतें। याद रखें, जो चीजें स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती हैं, वे कुछ खास परिस्थितियों में हानिकारक भी हो सकती हैं।

बुखार होने पर एक्सरसाइज़ करनी चाहिए या नहीं?

यह हम सभी के साथ होता है कि सुबह की कसरत के लिए अलार्म बजता है और हम करवट लेकर फिर से सो जाते हैं। आप सिर्फ थके हुए नहीं होते आपका शरीर भी ठीक महसूस नहीं करता। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अगर आप बीमार हैं तो इस दौरान आराम करना बेहतर है या बीमारी को मात देकर जिम जाना? चलिए डॉक्टर से जानते हैं कि आपको कब अपना वर्कआउट छोड़ देना चाहिए और कब यह सुरक्षित है।

शरीर की सुनो : लक्षण गर्दन से ऊपर हैं - जैसे कि बहती नाक, कंजेशन या गले में खराश - तो आप तब तक व्यायाम करने के लिए सुरक्षित हैं जब तक आप इसके लिए तैयार महसूस करते हैं। लेकिन अगर आपको गर्दन के नीचे मांसपेशियों में दर्द या दिल की धड़कन बढ़ने जैसे लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो यह संभवतः एक संकेत है कि आपका शरीर किसी संक्रमण से लड़ने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है, और व्यायाम करने से आपके ठीक होने की संभावना कम हो जाती है।

धैर्य रखना जरूरी : मिनेसोटा में एम हेल्थ फेयरव्यू में एडल्ट पोस्ट-कोविड क्लिनिक की सह-निदेशक डॉ. तान्या मेलनिक ने कहा कि यदि आप निमोनिया जैसी किसी गंभीर बीमारी से उबर रहे हैं, या आपको अस्पताल में भर्ती कराया गया था तो अपने डॉक्टर से पूछें कि व्यायाम करना कब सुरक्षित है। आपको कब वापस वर्क आउट करना है, इसका निर्णय मुख्य रूप से इस बात पर आधारित होना चाहिए कि आप कैसा महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को कोविड के दौरान और बाद में अधिक थकान का अनुभव होता है, उन्हे धैर्य रखना चाहिए।

बुखार में एक्सरसाइज करने के नुकसान : दरअसल एक्सरसाइज करने से शरीर का तापमान और बढ़ सकता है, जिससे आपकी स्थिति और खराब हो सकती है। अगर आपको 100एस्न से ऊपर बुखार है, तो शरीर को आराम देना बेहतर है। एक्सरसाइज के बजाय खुद को हाइड्रेटेड रखें और आराम करें। कमजोरी तब होती है जब शरीर में पर्याप्त ऊर्जा नहीं होती है, या आप बीमारी से उबर रहे होते हैं। ऐसे में हल्की-फुल्की स्ट्रेचिंग या धीमी गति से चलना आपकी मांसपेशियों को सक्रिय रखने के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन भारी एक्सरसाइज करने से बचना चाहिए। कमजोरी के दौरान शरीर को पर्याप्त आराम, पोषण और हाइड्रेशन की आवश्यकता होती है, ताकि यह पुनः ऊर्जा प्राप्त कर सके।

एक्सरसाइज फिर से शुरू करने का समय : जब आपका बुखार ठीक हो जाए और आप सामान्य महसूस करें, तो धीरे-धीरे अपनी एक्सरसाइज रूटीन में वापस आएं। पहले कुछ दिनों में हल्की एक्सरसाइज करें और फिर धीरे-धीरे तीव्रता बढ़ाएं। बुखार या कमजोरी के बाद बॉडी को पूरी तरह से ठीक होने के लिए समय दें। अपनी ताकत और ऊर्जा को महसूस करने के बाद ही नियमित रूटीन में वापस जाएं। शरीर के संकेतों को समझें और एक्सरसाइज तभी शुरू करें जब आप पूरी तरह स्वस्थ महसूस करें।

ध्यान रखने वाली बातें

यदि आप बेहद थके हुए महसूस कर रहे हैं, तो अपने शरीर को आराम देना सबसे अच्छा है।
एक्सरसाइज तब करें जब आप अपने सामान्य ऊर्जा स्तर पर लौट आएं। बुखार और कमजोरी के दौरान पर्याप्त पानी पीना बहुत जरूरी है। यह शरीर के तापमान को नियंत्रित करने और कमजोरी को दूर करने में मदद करता है।
बुखार और कमजोरी के समय शरीर को पुनः ऊर्जा प्राप्त करने के लिए पर्याप्त आराम और नींद की जरूरत होती है। यह आपको तेजी से ठीक होने में मदद करेगा।
स्वस्थ और हल्का खाना खाने से शरीर को आवश्यक पोषण मिलेगा और कमजोरी कम होगी। फलों, सब्जियों, सूप और दाल जैसी चीजें फायदेमंद हो सकती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

दैनिक पंचांग लखनऊ
शुक्रवार, 16 मई 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, चतुर्थी तिथौ शुक्र वासरे 29/14/ मूल नक्षत्रे 16/08/ सिद्ध योग 07/15/ बव करणे 16/39/ धनु राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।
व्रत एवं त्यौहार- संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी। शुक्र रेवती नक्षत्र में घं. 12 मि. 46 पर।

मेष : शुभ कार्यों पर व्यय होगा। सम्मान की प्राप्ति होगी। वांछित लाभ प्राप्ति होगी। शासकीय कार्यों में प्रगति होगी।

वृष : पठन-पाठन में रुचि होगी। सुयश प्राप्ति होगी। उच्च वर्गीय सहयोग का प्रयास सफल रहेगा। घर परिवार में व्यस्त रहेंगे।

मिथुन : परिश्रम का पूर्ण लाभ मिलेगा। परिजनों की चिंता रहेगी। मांगलिक कार्य योजनाएं बनेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा।

कर्क : कार्य विलंब से पूर्ण होंगे। कनिष्ठ जनों का सहयोग मिलेगा। नए अनुबंधों का लाभ होगा। सत परामर्श से हर्ष प्राप्ति रहेगी।

सिंह : स्वास्थ्य चिंता रहेगी। यात्रा में कष्ट रहेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी। संतान पक्ष प्रतिकूल रहेगा।

कन्या : सृजनात्मक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। व्यापारिक तक। चिंता पूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी। व्ययाधिक्य होगा।

तुला : जन-संपर्क बढ़ेगा। उपहार की प्राप्ति होगी। निजी कार्यों में निराशा रहेगी। सामाजिकता का लाभ लेंगे। पद लाभ होगा।

वृश्चिक : शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। व्यापार में प्रगति के अवसर बनेंगे। कोष वृद्धि होगी। परिजनों का सहयोग मिलेगा।

धनु : दिनचर्या व्यवस्थित। उदर विकार भरे रहेगा। भोजन शमन बाधा रहेगी। अतिथि समागम पर व्यय होगा। यश मिलेगा।

मकर : शासन सत्ता के कार्य पूर्ण होंगे। वांछित लाभ प्राप्ति होगी। मान प्रतिष्ठा बनी रहेगी। मांगलिक कार्यों पर व्यय होगा।

कुंभ : दांपत्य सुख उत्तम। शासकीय सहयोग मिलेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति होगी।

मीन : आत्मबल बढ़ा रहेगा। व्यय अधिक रहेगा। स्वजन विरोध दूर होगा। मित्राघात का भय होगा। घरेलू चिंताएं यथावत रहेंगी।

भीषण गर्मी में ऊपरी मंजिल पर रहने को मजबूर

कोंच (जालौन)। मुहल्ला भगत सिंह नगर निवासिनी फरीदा पत्नी मुहम्मद रसूल ने दिन गुरुवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना दिनांक 15 मई 2025 की है जब कमरे की छत टूटकर अचानक से गिरने लगी जिससे मैं और मेरा परिवार बाल बाल बचे जब मैने अपने ससुर इमाम्बख्श से नीचे बने कमरे का ताला खोलने के लिए कहा तो उन्होंने ताला खोलने से मना कर दिया वहीं इतनी भीषण गर्मी में मै और मेरा परिवार ऊपर बने कमरे में सोने को मजबूर है फरीदा ने पुलिस से नीचे बाले कमरे का ताला खुलवाए जाने की मांग की है।

खबर एक नज़र

जालौन गैस एजेंसी के मालिक के पुत्र की कार खंदक में गिरी,गंभीर घायल

जालौन। शादी समारोह में सम्मिलित होकर कार से लौट रहे युवक को झपकी आ गयी ।झपकी आने से कार सड़क के बगल में खंदक में पलट गयी।कार पलटने के कारण युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसका ग्वालियर में उपचार चल रहा है।

जालौन गैस एजेंसी के मालिक प्रभु दयाल भाटिया के 42 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र कुमार निवासी लौना मार्ग बुधवार को लहार में बुआ की रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में सम्मिलित होने गया था। बारात में सम्मिलित होकर कार से करीब सवा 2 बजे घर लौट रहे थे। जब उनकी कार नगर की सीमा पर छह पुल के पास पहुंची तो कार सवार युवक की झपकी लग गयी।झपकी लगने के कारण कार सड़क किनारे खंदक में जाकर पटल गयी ।कार पलटने के कारण वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने राहगीरों की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया तथा घटना की जानकारी पिता को दी। हालत गम्भीर होने पर उसे उसे चिकित्सालय से उच्च संस्थान के लिए रिफर कर दिया गया। हालत गम्भीर होने बेसुध अवस्था में उसे उपचार के ग्वालियर ले गये हैं। जहां पर उसका उपचार चल रहा है तथा खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

नदी में नहाने का युवक की डूबने से मौत

कालपी(जालौन)। यमुना नदी में नहाने गए एक युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों व पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाल तथा पुलिस ने शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर के मोहल्ला दमदमा निवासी फहीम पुत्र मोहम्मद अंसारी ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि दिनांक 14 5 2023 को मेरा 20 वर्षीय बेटा मुकीम लगभग 4 घर से निकल गया था जो देर रात तक नहीं आया तो इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मछली पकड़ रहे कुछ लोगों ने बताया कि देर शाम लगभग साढ़े 7 उन्होंने फहीम को यमुना नदी में नहाते हुए देखा था जो नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। इसकी सूचना परिजनों ने कोतवाली पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से गुरुवार को सुबह 9 कड़ी मशक्कत के बाद बॉडी निकली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही तीन भाइयों में फहीम सबसे छोटा था तथा मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

डकोर ब्लाक में कृत्रिम अंगों के लिए चिन्हित किया दिव्यांगों को

उरई : चिन्हांकन शिविर में मौजूद कर्मचारी ।

उरई(जालौन)। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग जालौन द्वारा आज विकास खण्ड मुख्यालय डकोर में कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण योजनान्तर्गत 30 दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंगों (ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, वैशाखी, छड़ी एवं बनावटी हाथ पैर, कैलीपर्स) की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु चिन्हांकित किया गया। साथ ही विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं यथा-दिव्यांग पेंशन, शादी-विवाह पुरस्कार योजना, शल्य चिकित्सा योजना एवं दुकान निर्माण एवं दुकान संचालन ऋण योजना आदि का भी प्रचार-प्रसार किया गया। शिविर में प्रवीण कुमार सिंह जिला दिव्यांगजन सश0 अधिकारी, चिकित्सक डॉ0 शक्ति मिश्रा (आर्थो0), डॉ0 वी0पी0 सिंह (ई0एन0टी0), डॉ0 जे0जे0राम0 (आई0), शैलेश कुमार गुप्ता, वरि0 सहायक, राकेश कुमार एवं प्रमोद कुमार श्रीवास्तव आदि विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति में चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में दिनांक 17.05.2025 दिन शनिवार को विकास खण्ड कदौरा मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को उक्त कैम्प में उपस्थित होने की अपील की है जिससे उनकी दिव्यांगता के सापेक्ष कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का लाभ प्रदान किया जा सके।

पशु क्रूरता अधिनियम में पुलिस ने लिखा मुकद्दमा

कोंच(जालौन)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेंड़ चौकी प्रभारी सुशील कुमार अपने हमराही हरगोबिंद सिंह अमित कुमार शिवराम सिंह और दीपक कुमार के साथ जुर्म जरायम तलाश बांछित वारंटी व रात्रि गस्त में भेंड़ चौराहे पर मामूर थे तभी एक अदद कंटेनर सफेद रंग का आते दिखा जिसे रोका गया तो उस पर बैठे लोग इधर उधर भागने लगे जिनमे से कंटेनर चालक व तीन अन्य व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़ लिया और कंटेनर में जब झांक कर देखा तो उसमें 25 भैंस एक भैंसा छत्तीस पड़ा तीन पड़ियाँ राशि एक दूसरे के ऊपर निर्दयता पूर्वक मोटी रस्सी से बंधे पड़े थे जिनके मुंह से झाग निकल रहा था और आंखों से पानी वह रहा था चालक शाहनूर आलम पुत्र आफ्ताब अहमद निवासी तिलक नगर जमाल शाह कोतवाली औरैया व रहीश अहमद पुत्र बहीद कुरैशी इकरार पुत्र हारून कुरैशी जावेद पुत्र मुस्ताक कुरैशी निवासीगण आराजी लेन कोंच ने बताया कि उक्त जानवरों को हम लोग उन्नाव कम्पनी लेकर जा रहे हैं जिन्हें पकड़कर पुलिस चौकी ले आये और जानवरों को कंटेनर से बाहर निकालवाया पुलिस ने कोतवाली कोंच में मुकद्दमा संख्या 112/25 धारा पशु के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 में मुकद्दमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गयी।

विद्यालय में आई.सी.टी. लैब का हुआ शुभारम्भ, मनाया गया भव्य प्रवेशोत्सव

तालबेहट। उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरावनी में आई.सी.टी लैब का उद्घाटन एवं प्रवेशोत्सव खण्ड शिक्षा अधिकारी समर सिंह के मुख्य आतिथ्य व जिला समन्वयक निर्माण जाहर सिंह व जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुजीत मौर्य के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। लैब का उद्घाटन करते हुए समर सिंह ने कहा कि इस लैब के बन जाने से विद्यालय के बच्चे सूचना विज्ञान प्रोद्योगिकी की शिक्षा आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। जिला समन्वयक जाहर सिंह ने कहा कि शासन स्तर से ऐसे लैब अन्य विद्यालयों को भी शीघ्र प्राप्त होंगे। शिक्षा समन्वयक सुजीत मौर्य ने विद्यालय के परिवेश व सुविधाओं को देखकर इंचार्ज प्रधानाध्यापक अमित शर्मा व अन्य स्टॉफकी प्रशंसा की। कार्यक्रम में दिलीप राजपूत शिक्षक नेता विजय मिश्रा, श्याम प्रकाश चौबे, विभूति मिश्रा, महेंद्र बिलगईया, अमरेश राय ने विद्यालय के परिवेश को देखकर सराहना की। समारोह में अतिथियों के द्वारा प्रवेशोत्सव के अवसर पर होनहार बच्चों को स्टेशनरी व टिफिन बॉक्स पुरुस्कार स्वरूप भेंट किये, जिससे बच्चे भी प्रसन्न नजर आये। प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित शर्मा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह देकर सभी का सम्मान किया।

रामपुरा चेयरमैन ने नगर विकास के कार्यों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की

उरई : योगी आदित्यनाथ के साथ नगर विकास के कार्यों पर चर्चा करते गायत्री वर्मा व शैलेन्द्र सिंह ।

रामपुरा(जालौन)। हाल ही में नगर पंचायत रामपुरा की चेयरमैन गायत्री वर्मा ने लखनऊ पहुँचकर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के साथ मुलाकात कर नगर विकास के कार्यों पर चर्चा कर अति महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द कराने का आग्रह किया।

चेयरमैन गायत्री ओमप्रकाश वर्मा व पूर्व चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री कार्यालय पहुँचकर योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर पूर्व में नगर विकास के लिए कराये गये कार्यों को लेकर धन्यवाद दिया। चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए कहा कि नगर में लगभग 1500 वर्ष पुराना बटुक भैरव जी मंदिर आस्था केंद्र हैं। जिसमें उनके द्वारा पर्यटन स्थल में शामिल करने के लिए नगरवासियों की तरफ से उनको धन्यवाद दिया। भैरव जी मंदिर जाने के लिए 2.50 किलोमीटर का कच्चा रास्ता हैं। जो वन विभाग की जमीन से होकर गुजरता हैं। नगर से मंदिर तक पक्की सड़क निर्माण की क्षेत्रीय जनता की प्रमुख माँग हैं। जिसे कराया जाना अति आवश्यक है। सीमा विस्तार के बाद नगर पंचायत के पास पर्याप्त जमीन हैं। सड़क निर्माण के लिए वन विभाग से जगह लेकर पौधा रोपण के लिए उससे अधिक जमीन नगर पंचायत देने के लिए तैयार हैं। सीमा विस्तार के बाद नगर पंचायत का क्षेत्रफल काफी बड़ा हो गया है। क्षेत्रीय किसानों की माँग हैं कि नगर पंचायत के अंतर्गत एक काऊ सफारी का निर्माण कराया जाये। जिससे गायों व क्षेत्रीय किसानों को काफी फायदा पहुँचेगा। वर्ष 2020 में नगर पंचायत रामपुरा का सीमा विस्तार किया गया था। सीमाविस्तार होने से निकाय का क्षेत्रफल अधिक बढ़ गया हैं। क्षेत्रफल बड़े होने के कारण शासन से उपलब्ध कराई जा रही धनराशि से नगर का विकास समुचित ढंग से नहीं हो पा रहा है ऐसी स्थिति में शासन द्वारा संचालित प्रमुख योजनाएं मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के साथ-साथ नगरीय पेयजल योजना से निकाय के विकास कार्य हेतु धनराशि उपलब्ध कराने कराया जाये। जिससे नगर के विकास कार्य को गति मिल सके।

पूर्ति निरीक्षक ने पांच राशन की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

उरई : राशन की दुकान चैक करते पूर्ति निरीक्षक ।

कालपी(जालौन)। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड उपभोक्ताओं को सरकारी खाद्यान्न वितरण की हकीकत को परखने के लिए पूर्ति निरीक्षक के नेतृत्व में विभागीय टीम के द्वारा नगरीय क्षेत्र की पांच राशन की दुकानों औचक निरीक्षण कर कोटेदारों को सख्त निर्देश दिये।

गुरुवार को पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार ने लिपिक सुवेंदु तिवारी के साथ नगरीय क्षेत्र की सरकारी उचित दर के डीलरों प्रधान सिंह, वीर सिंह, अशोक पुरवार, संदीप पुरवार, राजेंद्र नाथ शुक्ला की दुकानों का औचक निरीक्षण किया तथा दुकानों में मौजूद कार्डधारकों से भी संवाद स्थापित किया गया। पूर्ति निरीक्षक ने दुकानों में मौजूद सरकारी गेहूं एवं चावल के स्टॉक का निरीक्षण करके अभिलेखों से सत्यापन किया गया। दुकानों में घूम-घूमकर कोटेदारों को निर्देश दिये कि परिसर में स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाए तथा राशन कार्डधारकों को गर्मी के मौसम में पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदारों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय सुबह 6 बजे से 9 बजे तक दुकान खोलकर निर्धारित मात्रा में 3 किग्रा. गेहूं तथा 2 किग्रा. चावल के हिसाब से वितरण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर कोटेदार के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पूर्ति निरीक्षक ने कार्डधारकों से संवाद स्थापित करके बताया कि इस महीने 11 तारीख से 20 तारीख तक सरकारी खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है इसलिए सभी लोग सरकारी योजना का पूरा लाभ उठाएं।

लुटेरों ने बेख़ौफ़होकर दिन दहाड़े तमंचा लहराते हुए ज्वैलर्स की दुकान पर बोला धावा

-दिन दहाड़े बीच बाजार घटना से लोगों में दहशत

कोंच : लूट की घटना के बाद ज्वैलर्स की दुकान पर जमा भीड़।

कोंच(जालौन)। मुहल्ला पटेल नगर स्थित नबीन ज्वैलर्स की दुकान पर उस समय हड़कम्प मच गया जब लुटेरों ने तमंचा लहराते हुए दुकान पर धाबा बोल दिया सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी

प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन ज्वैलर्स के नाम से स्थापित फर्म पर दिन गुरुवार को समय करीब सायं 3 55 बजे पर 6 युबक मुंह मे तौलिया बांधे और हांथों में तमंचा लिए हुए धड़धड़ाते हुए फर्म के अंदर घुस आए और दुकान पर बैठे संजीब कुमार के तमंचा लगाते हुए माल निकालने की बात कहने लगे जिस पर संजीब कुमार दहशत के कारण माल देने की बात कहते हुए मौका पाकर घर के अंदर भागा क्योंकि नवीन ज्वैलर्स घर के बाहरी हिस्से में स्थित है और अंदर जाकर कारीगरों से चिल्लाकर बदमाशों के आने की बात कही जब तक अंदर से कारीगर व संजीब बाहर आते तब तक बदमाश तमंचा लहराते हुए मौके से भाग गए यक कथन संजीब का कहना है वहीं संजीब के बड़े भाई मनीष सोनी का कहना है कि दो मोटर साइकिलों से 6 बदमाश आये थे और अपनी मोटर साइकिलें डॉ जैन के अस्पताल के नजदीक खड़ी करके आये थे उन्होंने यह भी कहा कि दिन दहाड़े घटना घटित होने से व्यापारियों में भय व्याप्त है उक्त घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गयी मौके पर पहुंची पुलिस सी सी टी बी फुटेज की जांच करने के उपरांत बदमाशों की धर पकड़ में जुट गयी।

शोक सभा सम्पन्न

ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर एक शोकसभा का आयोजन हुआ। शोक सभा में झांसी ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद पंडित अनुराग विश्वनाथ शर्मा के चचेरे बड़े भाई और पीताम्बरा ग्रेनाइट के प्रबन्ध निदेशक पंडित अतुल शर्मा के छोटे भाई पंडित आनंद शर्मा डायरेक्टर वैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राईवेट लिमिटेड के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं पवित्र आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौबे, हरिराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी एडवोकेट, रमेश कुमार सिंह लोधी एड, राजकुमार जैन, बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन सैदपुर, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुंदेला, महेश श्रीवास्तव भैया, बंशीधर श्रीवास, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, कमलापति रिछारिया, मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्षगण गौरव गौतम, हरिओम निरंजन, पूर्व नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, दिनेश गोस्वामी एड, कार्यालय प्रभारी शशिशेखर पांडेय, श्रीमती लक्ष्मी रावत आदि उपस्थित रहे।

ट्रक चालक पर हमला कर तोड़फोड़ करने पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कालपी(जालौन)। कदौरा-जोल्हूपुर रोड में ट्रक चालक के साथ मारपीट तथा तोड़फोड करने की घटना को लेकर ड्राइवर के द्वारा एक नामजद तथा दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कालपी कोतवाली में अभियोग दर्ज कराया गया है। उक्त संबंध में वादी जितेंद्र सिंह पुत्र रणविजय सिंह निवासी ग्राम भेड़ीखुर्द थाना कदौरा ने कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 11 -5-2025 को रात 8 बजे भेड़ी से बालू लदे ट्रक को लेकर लखनऊ मंडी की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में बरही बंबा चौराहे पर आरोपी पवन यादव पुत्र मुक्ता प्रसाद निवासी ग्राम तिहारी थाना कालपी अपने दो तीन साथियों के साथ आया उक्त लोगों ने लाठी डंडे से मुझ पर तथा मेरे साथी सुरेंद्र के साथ मारपीट व गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा गाड़ी में तोड़फेड़ करते हुए बोले कि तेरी गाड़ी यही जला देंगे इस घटना में प्रार्थी को शरीर में चोटे आई है, जिसकी सूचना मैंने तत्काल डायल 112 को दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राजेश कुमार को सौपी गई है।

जीएसटी पंजीयन कराए जाने के लिए जागरूक किया व्यापारियों को

कोंच : व्यापारियों को जी एस पंजीयन के लिए जागरूक शिविर ।

कोंच(जालौन)। प्रभंजन ज्वैलर्स के सभागार में दिन गुरुवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जीएसटी पंजीयन जागरूकता कैम्प का आयोजन जी एस टी अधिकारी सचिन आनंद के मुख्य आतिथ्य एवं बरिष्ठ पत्रकार चौ. बृजेन्द्र मयंक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें जीएसटी अधिकारी द्वारा जीएसटी की बारीकियों को बताते हुए बिंदुवार व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उन समस्याओं का प्रतिउत्तर देते हुए उनका निवारण किया साथ ही साथ उपस्थित व्यापारियों को जी एस टी पंजीयन हेतु जागरूक करते हुए पंजीयन कराकर रिटर्न दाखिल करने की बात कही उन्होंने यह भी बताया कि जी एस टी पंजीकृत व्यापारियों को समय समय पर सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाने वालीं योजनाओं का लाभ बिभाग द्वारा दिया जाता है और अगर व्यापारी को व्यापार करने में कोई असुविधा होती है तो उसका निराकरण सक्षम अधिकारी द्वारा किया जाएगा इसी कड़ीं में प्रभंजन ज्वैलर्स विजय अग्रवाल राज कुमार अग्रवाल राकेश अग्रवाल और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बृजेन्द्र मयंक ने भी अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए व्यापारियों को जी एसटी पंजीयन कराए जाने के लिए जागरूक किया इस दौरान देवेंद्र अग्रवाल आनंद अग्रवाल अनुज कुमार प्रसून रोहित दिलीप पटेल अरविंद कुमार राहुल पाटकर बिबेक दुबे अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष संदीप अग्रवाल कल्लू कनकने बीरेन्द्र सर्राफ रामलला अग्रवाल अंशु अग्रवाल सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

गायर में जुआ के अड्डे पर छापामारी, पुलिस ने जुआ खेलते 8 लोगों को दबोचा

उरई : कोतवाली में पुलिस हिरासत में जुआरी ।

जालौन। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे हार-जीत के खेल को बंद कराने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत ग्राम गायर में सार्वजनिक स्थल पर हार जीत बाजी लगा रहे 8 लोगों को पकड़ा गया है जिनके पास से 52 हजार 700 रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

हार-जीत का खेल नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लम्बे समय से चल रहा है। कोतवाली पुलिस लगातार हार-जीत के खेल के खिलाफ छापामारी अभियान चला रही है। इससे एक ओर गुडवर्क होता है तो दूसरी तरफ पैसा भी पैदा होता है। जुआ खेल से बरामद रकम व वास्तविक रकम को लेकर हरबार चर्चाओं का बाजार गर्म हो जाता है। लाखों का जुआ हजारों में तब्दील हो जाता है।

बुधवार की रात करीब सवा 9 बजे पुलिस ने छापामारी कर पिपरमेंट के प्लांट के पास बगीचा में खेले जुआ के खेल पर छापामारी कर हार-जीत की बाजी लगा रहे 8 को घेराबंदी कर पकड़ लिया।पुलिस छापामारी के दौरान मालफ्ढ 48500 रुपए तथा जामा तलाशी के दौरान 4200 रुपए के साथ मोबाइल फोन, ताश की गड्डी बरामद हुए है।पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगा रहे रामलला पुत्र श्यामसुन्दर, सन्दीप पटेल पुत्र कौशल किशोर, महेश पुत्र तुलाराम, महेन्द्र पटेल पुत्र लालजी निवासीगण ग्राम गायर तथा महेन्द्र पटेल पुत्र गुलाब सिंह, हेमन्त कुमार पुत्र गुलाब सिंह निवासीगण ग्राम कुंवरपुरा व नातीराजा पुत्र कैलाश नारायण निवासी ग्राम वीरपुरा, लक्ष्मण सिंह पाल पुत्र माताप्रसाद निवासी ग्राम खर्रा को पकड़ है।पुलिस ने पकड़े गये आरोपितों के खिलाफ13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई पूरी की हैं। कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम गायर में जुआ पर छापामारी की गयी थी। जुआ खेलते 8 लोगों को पकड़ा गया है जिनके पास से 52700 रुपए बरामद हुए हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है।

पेयजल से संबंधित आने वाली समस्याओं के निदान हेतु दिये दिशा निर्देश

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश के क्रम में ग्रीष्म ऋतु में जलापूर्ति से संबंधित अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में व सभी विभागों एवं नोडल अधिकारियों व सेक्टर अधिकारियों के साथ बैठक की गई, जिसमें वार्डों में पेयजल से संबंधित आने वाली समस्याओं के निदान हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए तथा समस्त वार्डों में जल संस्थान द्वारा 697 हैंडपंप की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और प्रतिदिन लगभग 128 टैंकर की सप्लाई की जा रही है साथ ही 10 हैंडपंप रीबोर कराए गए, जिसमें तीन जगह रिवोर करते समय ड्राई मिले जिनका दूसरा स्थान चिन्हित कर लिया गया है। बैठक में समस्त वार्डों में आ रही समस्याओं को निदान हेतु समस्त वार्डों के पार्षदों से समन्वय कर आज से 17 मई तक दो दिनों में अपने वार्डों में पार्षदों से चर्चा किया जाना तथा प्रत्येक दिन एक बार सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने वार्डों में भ्रमण जरूर करेंगे के निर्देश दिये व समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट से अवर अभियंता रिजवान खान द्वारा हैंडपंप समन्वय प्रतिदिन किया जाएगा तथा टैंकर हेतु अवर अभियंता राहुल द्वारा मॉनीटिरिंग की जायेगी व उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी व अवर अभियंता अखिलेश द्वारा समस्त प्रकार के समन्वय पत्राचार बैठक जलापूर्ति सम्बंधित डाटाबेस तैयार किया जाएगा तथा प्रत्येक बुधवार को 10 बजे अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी सेक्टर अधिकारियों की बैठक करते हुये प्रगति की समीक्षा की जाएगी, जिससे बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा व विभिन्न जल की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी ली गई तथा संबंधित विभाग को स्वतः विजिट कर तत्काल निवारण करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अधिशासी अभियंता जल संस्थान, अधिशासी अभियंता जल निगम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह व समस्त विभागों के सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

जल के प्रयोग व दुरुपयोग के प्रति सजगता हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए होगी लाभकारी-जी.एस परिहार

तालबेहट। नगरवासियों द्वारा हजारिया महादेव मन्दिर प्रांगण में आगामी चार जून को जल कथा के आयोजन को सम्पन्न कराने हेतु एक सभा का आयोजन जी.एस परिहार, परमार्थ सेवा संस्थान के मानवेन्द्र सिंह, जल सहेली फाउंडेशन के संस्थापक संजय सिंह व सुरेन्द्र मोहन पाठक की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। आयोजित सभा में नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में रूप रेखा तय की गई व नगर के नागरिकों से कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी से सुझाव लिए गए व कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभा में उपस्थित नगरवासियों को जिम्मेदारियां सौपी गइं व सभा में तय किया गया कि चार जून को पूराकला तिराहे के समीप गायत्री मन्दिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसका समापन हजारिया महादेव मन्दिर पर होगा व उसके पश्चात कथा का आयोजन सम्पन्न किया जाएगा व कथा के पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाएगा व सभा में कार्यक्रम के बिभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई व कार्यक्रम व्यवस्थाओं के लिए उपस्थित सभी नागरिकों को अलग अलग जिम्मेदारियां सौपी गइं व सभा के दौरान जी.एस परिहार ने कहा कि जल के प्रयोग व दुरुपयोग के प्रति सजगता हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए लाभकारी होगा व आयोजित होने वाली जल कथा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सकेगा। सभा में ब्लॉक प्रमुख विजय सिंह गोलू राजा, नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार, अनुपम लिटौरिया, सुरेन्द्र मोहन पाठक, भानु गोस्वामी, विजय मिश्रा, मुकेश तिवारी, देवेन्द्र लिटौरिया, जिला पंचायत सदस्य मानसिंह यादव, हिमांशु सुडेले, गीता, नेहा राजा, सुखवती देवी, कमलेश कुमारी आदि उपस्थित रहे। सभा का संचालन एन.पी गोस्वामी ने किया व आभार जी.एस परिहार ने व्यक्त किया।

विद्युत सबस्टेशन सहित विद्यालय में डीएम ने की छापेमारी

- निर्माणाधीन विद्युत सबस्टेशन की डीएम ने परखी गुणवत्ता
- लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की दी चेतावनी

बांदा : निर्माणाधीन कार्य का जायजा लेती जिलाधिकारी ।

बांदा। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने गुरुवार को विद्युत के निर्माणाधीन सब स्टेशन खैराडा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महोखर तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डिगवाही का निरीक्षण किया। जहां डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। अगर खराब गुणवत्ता पाई गई तो वह कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने सर्वप्रथम विद्युत विभाग के द्वारा निर्माणाधीन विद्युत सब स्टेशन खैरादा का निरीक्षण करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को ट्रांसमिशन के अंतर्गत इलेक्ट्रिकल कार्य को शीघ्र शुरू कराया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्ता के साथ कराया जाए, इस कार्य में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने पाए और शीघ्र से शीघ्र कार्य को तेज गति के साथ पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने इसके पश्चात कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महोखर का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के निरीक्षण करते हुए बच्चों के क्लासरूम, ठहरने के कक्ष, छात्रावास तथा भोजन तैयार करने के कक्ष आदि का निरीक्षण करते हुए उपस्थित अध्यापकों को विद्यालय में इंटरनेट की व्यवस्था को सही कराया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय की बालिकाओं को खेलकूद में प्रतिभाग करने के लिए खेलकूद सामग्री की किट एवं अन्य सुविधा भी उपलब्ध कराए जाने के संबंध में चीफ वार्डन को निर्देशित किया। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डिगवाही का निरीक्षण करते हुए निर्माणाधीन एकेडमिक ब्लॉक एवं छात्रावास के निर्माण कार्य को देखा। उन्होंने कार्य करने वाली कार्यदाई संस्था सीएनडीएस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य को पूर्ण किया जाए तथा कार्य में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने पाए अन्यथा संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद उन्होंने अग्निशमन केंद्र के निर्माण अधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अग्निशमन केंद्र का निरीक्षण करते हुए मौके पर मैनपॉवर के कम पाये जाने पर मैनपॉवर को बदसये जाने तथा बाउंड्री वॉल भी कराए जाने एवं कार्य की गुणवत्ता को पूरा करते हुए समय से इसका निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश का कार्यदाई संस्था को दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित कार्य संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

बबेरू/बांदा। सड़क किनारे खड़े बुजुर्ग को बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामे के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया है।

मर्का थाना क्षेत्र के पिंडारन गांव निवासी 60 वर्षीय रामानुज पुत्र गजराज अपने पुत्र महेद्र के साथ निमंत्रण में शामिल होने सिंहपुर पहाड़ी गए थे। बुधवार की शाम दोनो लोग बाइक में बैठकर वापस गांव जा रहे थे। तभी बबेरू कोतवाली क्षेत्र के फुफ्दी गांव के पास बाइक सड़क किनारे खड़ी करने के बाद रामानुज लघुशंका के लिए खड़ा था। तभी सामने से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक सवार भी गिर कर घायल हो गया। घायल रामानुज को सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया। जहां हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरो ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घरवालो ने रामानुज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के छोटे भाई रामरूचि ने बताया कि वह किसानी करता था। उसके पास सात बीघा जमीन है। मृतक अपने पीछे पत्नी गोल्हरी के अलावा एक पुत्र तीन पुत्रिया छोड़ गया है।

पुलिस ने पकड़ा बाइक चोरों का गैंग

बांदा : बैठक को ।

- चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ पकड़ा गया सरगना
- तीन सहयोगियों की पुलिस कर रही तलाश

बांदा। बबेरू पुलिस ने मोटर साइकिल चोरों का गिरोह पकड़ा है। चोरी की आधा दर्जन मोटर साइकिलों के साथ सरगना को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके तीन सहयोगियों की तलाश जारी है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण में थाना बबेरु पुलिस द्वारा बांदा और आस-पास के जनपदों में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया। क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात्रि को थाना बबेरु पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को अतर्रा रोड कस्बा बबेरु से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

व्यक्ति से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि यह मोटरसाइकिल उसने अपने 03 अन्य साथियों के साथ थाना गिरवां क्षेत्र से चोरी की थी। साथ ही उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ और भी मोटरसाइकिल बांदा शहर व चित्रकूट सतना से चोरी की जिनमें से एक मेरे घर पर बाकी मेरे साथी के घर पर रखी है। पुलिस द्वारा अभियुक्त की निशादेही पर 05 अन्य मोटरसाइकिलें बरामद हुई, जिनमें से एक मोटरसाइकिल के पिछले हिस्से में रिक्शा ट्राली लगा हुआ है। पुलिस द्वारा घटना में शामिल अन्य 03 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम अरविन्द कुशवाहा पुत्र रामसुमेर निवासी पिपरी खिरवा थाना बिसंडा बताया।

वहीं फरार/वांछित अभियुक्त विवेक कुमार पुत्र देव प्रसाद निवासी कस्बा व थाना बबेरु, पंकज पुत्र छोटे वर्मा निवासी जमुनिहापुरवा कस्बा व थाना बबेरु, सन्तलाल उर्फनिराला पुत्र शिवपूजन वर्मा निवासी जमुनिहापुरवा कस्बा व थाना बबेरु की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में जयचन्द्र सिंह चौकी प्रभारी कस्बा बबेरु, उपनिरीक्षक सैफ अहमद अंसारी, रामेन्द्र सिंह, देवीदीन गौतम, मुख्य आरक्षी रजनीश पाण्डेय, आरक्षी नरेश अहिरवार, स्पेन्द्र, सूर्यांशू शामिल रहे।

फांसी लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव निवासी 52 वर्षीय सजीवन वर्मा पुत्र बुधुवा वर्मा पंजाब में रह कर ईट पथाई का काम करता था। वह बुधवार को पंजाब से गांव आया था। दोपहर को बड़े भाई और भाभी के पैर छूने के बाद वह खेत जाने की बात कह कर घर से निकल गया। उसने कल्लू सिंह के खेत में लगे नीम के पेड़ पर गमछा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद भैस लेकर खेत पहुंची भाभी छेनिया ने शव फंदे पर लटकता देखा तो चीख पड़ी। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

खबर एक नज़र

महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा। आज दिन गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन ;अरा0द्ध के जिलाध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों एवं किसानों के साथ हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया।मिली जानकारी के अनुसार कृषि उत्पादन मंडी समिति अतर्रा के प्राँगर पर भारतीय किसान यूनियन अतर्रा जनपद बाँदा द्वारा महेंद्र सिंह टिकैत की चौदही पुण्यतिथि मनाई गई जिसकी अध्यक्षता यूनियन के सचिव हरदत्त पांडेय द्वारा की गई।साथ मे पदाधिकारीयो एवं किसानों के द्वारा किसान गोष्ठि की गई।महेन्द्र सिंह टिकैत के जीवन पर प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी द्वारा उपस्थित किसानों से कहा गया कि जिले के किसानों के साथ हर समय कंधा से कंधा मिलाकर किसानों के हित मे काम करेंगे।अगर किसी अधिकारी द्वारा किसानों का उत्पीड़न हुआ तो उसको बर्दाश्त नही किया जाएगा।इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के मंडल महिला किसान मोर्चा सीता मिश्रा तथा जिला सचिव जगप्रशाद फौजी एवरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष करीमुल्ला तथा जितेंद्र चौरिहा ए सुधीर चौरिहाएअरुण पांडेए राजू तिवारीए अकेला महाराजए सूरत दीन आदि किसानों की उपस्तिथि रही।

संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की ट्रेन से गिरकर हुई मृत्यु

अतर्रा बांदा। जीआरपी पुलिस द्वारा थाना पुलिस को बताया कि ग्राम सभा महोत्रा रेलवे क्रॉसिंग के पास एक व्यक्ति की डेड बॉडी पड़ी होने की सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति की जानकारी करने के लिए मृतक के जेब में मोबाइल पड़ा हुआ था उसी से उसका नाम पता मालूम हो सका। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना अध्यक्ष अतर्रा आनंद कुमार ने बताया कि आज दिन गुरुवार को रेलवे टैंक महोत्रा रेलवे क्रॉसिंग के पास जिस व्यक्ति की डेड बॉडी पड़ी थी उसका नाम नितेश अहिरवार पुत्र कालीचरन अहिरवार उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी पहाड़ी वामन थाना खजुराहो जनपद छतरपुर का निवासी है। तथा अतर्रा अपनी ससुराल मैं आया हुआ था और वापस जा रहा था। संदिग्ध परिस्तिथियों में उक्त व्यक्ति की मौत होना बताया जा रहा है। थाना अध्यक्ष का यह भी कहना है कि हो सकता है ट्रेन में चढ़ते वक्त रेलवे टैंक पर गिर गया हो और उसकी मृत्यु हो गई हो मगर शरीर का कोई अंग कटा नहीं है अंदरूनी चोट लगना बताया जा रहा है फिर मृतक अगर बैठता तो रेलवे स्टेशन से बैठता ना की महोत्रा रेलवे टैंक से बैठने की कोई गुंजाइश ही नहीं है। थाना पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेजा गया।

बर्खास्तगी को लेकर जेडीयू ने भेजा ज्ञापन

बांदा। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई विवादास्पद टिप्पणी को लेकर राजनीतिक विरोध तेज हो गया है। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के युवा प्रकोष्ठ ने इस बयान को राष्ट्रविरोधी, महिला विरोधी और संविधान विरोधी करार देते हुए महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। जेडीयू के युवा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि मंत्री विजय शाह को तुरंत पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई हो। ज्ञापन में कहा गया है कि सेना धर्म, जाति और लिंग से ऊपर होती है और इस तरह की बयानबाजी सेना की गरिमा और एकता को ठेस पहुंचाती है। ज्ञापन देने में अखिलेश कुमार यादव (जिला महासचिव, जेडीयू), राम प्रजापति (जिला अध्यक्ष, दिव्यांग प्रकोष्ठ), आदित्य गोस्वामी (जिला उपाध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ) और ज्योति मौर्या (नगर अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, अतर्रा) बिहारी लाल अनुरागी जिला जेडीयू महासचिव दिव्यांग प्रकोष्ठ बांदा गुड्डू, कमरुनिशा, सानिया, सहरुन, समीम खान, समीम, फातिमा, देवेश कुमार, ओमर, उदय पाल आदि मौजूद रहे।

अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नवविवाहित को घर से निकाला

सुमेरपुर-हमीरपुर। बीती रात कस्बे के लखनापुरवा में अतिरिक्त दहेज के लिए ससुरालीजनों ने मिलकर नवविवाहिता को जमकर पीटा और घर से निकाल दिया। ललपुरा थाना क्षेत्र ग्राम पौथिया की निवासी प्रियंका देवी ने बताया कि उसकी शादी कस्बा निवासी अविनाश के साथ गत 24 फरवरी को हुई थी। प्रियंका का आरोप है कि पति अविनाश, ससुर रामदुलारे, नंद दीपा, खुशबू, अभिलाषा उसको अतिरिक्त दहेज के लिए आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते हैं। बीती रात सभी ने मिलकर उसे जमकर पीटा और घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि ससुरालीजनों को रात में ही थाने लाया गया था। बाद में दोनों पक्षों में आपस में सुलह कर ली और बहू को साथ लेकर घर लौट गए।

अनफिट वाहनों के विरुद्ध जारी है कार्यवाही

बांदा : वाहनों की चेकिंग करते परिवहन अधिकारी ।

- एडीशनल एसपी तथा परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

बांदा। सड़कों में फर्राटा भर रहे अनफिट वाहनों के विरुद्ध प्रशासन की कार्यवाही लगातार जारी है। एएसपी तथा परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर दर्जनों अनफिट वाहन पकड़े। जिनके विरुद्ध सीज की कार्यवाही की गई है।

जिलाधिकारी जे0 रीभा0, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, एआरटीओ प्रशासन शंकर जी सिंह, सीओ यातायात के.के. त्रिपाठी, पीटीओ रामसुमेर यादव, यातायात प्रभारी संजय मिश्रा के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात सुरक्षा अभियान के तहत तहसील नरैनी में परिवहन विभाग, यातायात, पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से डग्गामार वाहनों, बसों, दोपहिया वाहनों पर हेलमेट ना लगाना, ट्रिपल सवारी, मोबाइल ईयर फोन पर बात करना, चार पहिया वाहनों पर शीट बेल्ट का प्रयोग ना करना, चार पहिया वाहनों पर काली फिल्म का चढ़ा होना आदि सभी यातायात सुरक्षा के साधनों, मानकों का प्रयोग न किए जाने के तहत सघन अभियान चलाकर पीटीओ राम सुमेर यादव ने 11 बड़े वाहनों का चालान कर 4 वाहनों को कोतवाली नरैनी में निरूद्ध किया। बता दे कि जिलाधिकारी जे0 रीभा के द्वारा विगत दिनों जनपद बांदा में यातायात सुरक्षा को लेकर सभी विभागों के के साथ एक आवश्यक बैठक आहुत की गई थी जिसमें सभी विभागों को बताया गया था। जनपद पर कोई भी वहां अनाधिकृत रूप से संचालित नहीं होने चाहिए इसी अनुपालन में प्रतिदिन प्रशासन द्वारा अलग-अलग स्थानों पर यह अभियान चलाया जा रहा है और निरंतर चलाया जाएगा। वाहन चालकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें बिना उचित दस्तावेज, फिटनेस, बीमा, रजिस्ट्रेशन के वाहनों का संचालन कदापि ना करे। जागरूक हो और लोगों को भी जागरूक करने का कार्य करें ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि एक दर्जन से अधिक अनफिट वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। कहा कि आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

देखने को नहीं मिलती भगवान कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता- रामसागर

चित्रकूट ब्यूरोः भागवत कथा के सप्ताह ज्ञान दिवस पर भागवत कथा वाचक ने कहा कि जो शेष है वही विशेष है। शुकदेव के अंतिम प्रवचन को सुनने मात्र से संपूर्ण श्रीमद्भागवत श्रवण का परिपूर्ण फल प्राप्त होता है। इसलिए समापन कथा का प्रत्येक क्षण विशेषताओं से भरा है। कलिकाल में यह कथा कामधेनु के समान है। यह विचार तहसील क्षेत्र के पटना गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर कथा वाचक आचार्य रामसागर महराज ने कथा के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा माध्यम से राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त हुआ। पितृों की परम शांति का उपाय इससे बड़ा कुछ भी नही है। श्रीमद्भागवत के चरण शरण में जो आता है और नियम से कथा श्रवण करता है वह उसी क्षण जीवन मुक्त होकर श्रीकृष्ण के चरण सानिध्य को प्राप्त कर शुद्ध-विशुद्ध अंतःकरण में भगवादव्य स्वरूप में आकर तदाकार स्वरूप को प्राप्त कर लेता है। यह सब रानी पटरानी वेद की ऋचाएं हैं, जो श्रीकृष्ण सेवा के लिए पत्नी बनकर आए। सुदामा चरित्र की लीला का भावविभोर रसपान कराते हुए कहा कि वे आत्मज्ञानी, ब्रह्म प्राप्त थे। जिन्होंने अपने जीवन में प्राप्त को ही पर्याप्त समझा है। कहा कि द्वारिकानाथ एवं सुदामा की मित्रता वर्तमान में कहा देखने को मिलती है। कथा वाचक ने राजा परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाकर कथा को विश्राम दिया। इस मौके पर यज्ञाचार्य संदीप शास्त्री, मूल पाठक दीनदयाल शुक्ला वृंदावन, आर्गन वादक विजय पाठक, तबला पाठक मिथिलेश गौतम, अयोध्या प्रसाद गौतम, राजाभाई गौतम, भोला प्रसाद गौतम, जगदीश गौतम, शिवानंद, रामानंद, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक जेपी मिश्र, रामेश्वर पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र गौतम व बालकेश गर्ग आदि मौजूद रहे।

समाजसेवी जगदीश गौतम ने होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

पहाड़ी, चित्रकूटः यूपी बोर्ड की हाइस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हरीमोहन सिंह इण्टर कॉलिज बछरन के विद्यार्थियों को समाजसेवी भाजपा नेता जगदीश गौतम ने सम्मानित किया।

सम्मान कार्यक्रम में समाजसेवी भाजपा नेता जगदीश प्रसाद ने कहा कि इस समय हमारे देश की लड़कियां हर मामले में आगे बढ़ रही हैं। सरधुवा गांव निवासी मीनाक्षी सिंह ने मिस साउथ एशिया यूनिवर्स का ताज हासिल करके अपने जिले का नाम रोशन किया। इसी तरह हर परीक्षाओं में भी छात्राएं बाजी मार रही हैं। कहा कि इस बार जिले का कोई भी विद्यार्थी प्रदेश की मैरिट लिस्ट में अपना स्थान नहीं बना पाया, जिसका थोड़ा सा दुख है। कहा कि आने वाली परीक्षाओं में कड़ी मेहनत करके प्रदेश की मैरिट लिस्ट में अपना नाम शामिल करने वाले अपने विद्यार्थियों को वह स्कूटी व मोटरसाइकिल देकर सम्मानित करेंगे। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थी अंशू पाण्डेय, कृती, श्रद्धा सिंह, अंशू देवी, जया सिंह, व ज्योसिता देवी को शील्ड, अंगवस्त्र, प्रमाण-पत्र व भगवान कामतानाथ का चित्र देकर सम्मानित किया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि शासन द्वारा छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है। जिसक सभी विद्यार्थी लाभ लें। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार ने आगामी वर्ष में जिन विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाएं देनी हैं, वह कड़ी मेहनत करके सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विश्वदीप सुमन ने किया।

इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी रामनगर एमपी सिंह, गायत्री शक्तिपीठ संचालक रामनारायण त्रिपाठी, विद्यालय के संस्थापक हरीमोहन सिंह, महर्षि वाल्मीकि इंटर कॉलिज के प्रबंधक राजेश सिंह, पूर्व बसपा अध्यक्ष जमुना प्रसाद पाल विद्यालय के प्रबंधक प्रबंधन त्रिलोक सिंह, धीरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान बछरन बृजजीवन लाल आदि मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने विद्यालय निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

चित्रकूट ब्यूरोः जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने गुरुवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सदर ब्लाक के ग्राम पंचायत बनाड़ी में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया।

भूमि पूजन के बाद प्रभारी मंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जनपद को पूरे देश में आठवां स्थान मिला है। कहा कि मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक स्कूल खोलकर सभी को शिक्षा दी जाए ताकि शिक्षा से कोई वंचित न रहे। कहा कि अधिक से अधिक बच्चों को स्कूला में नामांकित कराकर शिक्षा दें। बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर प्राथमिकता से कार्य कर रहे है। कहा कि इस विद्यालय में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं होंगी। उन्होंने उपस्थित सभी प्रधानाचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं से कहा कि शिक्षा में रुचि लेकर बच्चों को पढ़ाये। बताया कि यह विद्यालय प्रदेश के 32 जिलों में खोला जा रहा है, जिनमें चित्रकूट जनपद भी शामिल है।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, जिला मंत्री मनोज तिवारी, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायते सुन किया निस्तारण

हमीरपुर। आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 95 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

नारद जयंती पर निष्पक्ष और पारदर्शी पत्रकारिता करने का लिया गया संकल्प

चित्रकूटः राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचार विभाग द्वारा गुरुवार को नारद जयंती मनाई गई। जिसमें निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पत्रकारिता करने का संकल्प लिया गया।

जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट प्रेस क्लब कार्यालय में गुरुवार को आयोजित नारद जयंती कार्यक्रम में विभाग प्रचारक प्रमुख श्यामसुंदर मिश्रा ने कहा कि देवर्षि नारद विश्व के पहले पत्रकार थे। देवताओं के बीच देवर्षि खबरों का आदान-प्रदान करते थे। वर्तमान समय में पत्रकारों को जनहित को देखते हुए स्वस्थ पत्रकारिता करनी चाहिए।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए चित्रकूट प्रेस क्वलब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता का कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण है। पत्रकारों को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ काम करना चाहिए। जिससे लोगों का विश्वास पत्रकारिता पर बना रहे।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अरविंद सिंह रघुवंशी, जिला सह प्रचार प्रमुख लवकुश, जिला सद्भाव प्रमुख सिद्धार्थ राय, अनूप शुक्ला, पत्रकार धीरेन्द्र शुक्ला, संदीप अग्रहरि, रामनारायण साहू, आदि मौजूद रहे।

आतंकी हमले के बचाव के लिए किया गया मॉक ड्रिल का आयोजन

चित्रकूट ब्यूरोः शासन के निर्देशानुसार गुरुवार को देवांगना हवाई अड्डा में आतंकी हमले, युद्ध व आपात स्थिति से निपटने व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जनपदीय पुलिस बल, यूपीएसएसएफ बल, क्यूआरटी टीम, एपरपोर्ट पुलिस एवं स्वास्थ्य टीम द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें आतंकी हमले, युद्ध व आपात की स्थिति में बचाव का प्रशिक्षण भी दिया गया।

इस दौरान एपरपोर्ट में आतंकवादी हमले से बचाव का अभ्यास किया गया। जिसमें तीन आंकवादियों के हमले से बचते हुए दो को मार गिराया गया तथा एक को पकड़ा गया। इस अभ्यास का नेतृत्व मुख्य एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी ने किया।

मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने युद्ध सहित अन्य आपात परिस्थितियों में पुलिस बल को सुरक्षा देने, स्वयं को सुरक्षित रखने, प्राथमिक चिकित्सा देने, हवाई हमले से अलर्ट करने और बिजली आपूर्ति को तत्काल रोककर ब्लैकआउट करने जैसी रणनीतियों के बारे में विस्तार से बताया तथा अभ्यास कराया। बताया कि इस मॉकड्रिल का प्रमुख उद्देश्य हवाई हमले के खतरों से सावधान रहना व बचाव करना, सुरक्षा उपायों के बारे में लोगों को प्रोत्साहित और संवेदनशील बनाना, आपातकालीन उपकरणों के संचालन और उसके रखरखाव की जांच करना शामिल है। इसके साथ ही सुरक्षा प्रोटोकॉल और आपातकालीन योजनाओं की समीक्षा करना तथा आग लगने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना आदि शामिल है। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक देवांगना हवाई अड्डा अजीत सिंह यादव, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा आशुतोष तिवारी, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार, मुख्य आरक्षी विजय शंकर सिंह सहित, हवाई अड्डा की टीम, स्वास्थ्य विभाग, चित्रकूट पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

ट्रकों की भिड़न्त में ड्राइवर सहित दो घायल

इकदिलए इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर गांव छोटी फुफई के पास ईंटो से लोड ट्रक में चूना से लोड ट्रक टकराने से ड्राइवर सहित दो लोग घायल हो गए। झारंखड में रहने वाला ट्रैक ड्राइवर औरंगजेब पुत्र अख्तर और अफ्ताफ के साथ चूना से लोड ट्रेक लेकर जा रहा था तभी बुधवार देर रात इकदिल इलाके में आगे चल रहे ईंटो से लोड ट्रैक के आचानक ब्रेक लेने पर पीछे से आ रहा चूना लदा ट्रैक टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पीछे चल रहे ट्रक के परखच्चे उड़ गए। ट्रेक के केविन में फसकर ड्राइवर व कंडेक्टर बुरी तरह घायल हो गए।

संवाद सुझाव से बेहतर बनाएँगे सार्वजनिक वितरण प्रणाली- ए के वर्मा

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फीरोजाबाद। सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के सदस्य बनने पर दी बधाई अमरेंद्रवर्मा को भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता खाद एवं रसद सलाहकार समिति का सदस्य बनाया है इस अवसर पर उनके समर्थकों ने नगला करन सिंह स्थित आवास पर जोरदार स्वागत किया सदस्य निर्वाचित होने पर ए के वर्मा ने भारत सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि 2 वर्ष के लिए चयन समिति द्वारा मुझे सदस्य चुना गया है हम पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खाद एवं रसद मामले की समस्याओं का अध्ययन कर और बेहतर सुझाव सरकार को सौंपेंगे इस अवसर पर लखनऊ से लौट के दौरान कटफेरी टोल टैक्स टूंडला बाघई उसयानी कुतुबपुर चनौरा कोटला चुंगी चौराहे तथा नगला करन सिंह स्थित उनके आवास पर जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश बाबू एडवोकेट पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद कुमार यशवंत प्रताप सिंह कश्मीर सिंह रवि आनंद लवनेश बौद्ध शेखर प्रताप सिंह वरुण वर्मा धर्मेंद्र कुमार कपड़े वाले रविंद्र सिंह ओएनजीसी राजेश कुमार तरुण कुमार नरेंद्र पाल सिंह लल्लू ललित कुमार अशोक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे

मुकेश गुप्ता भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री एवं सह मीडिया प्रभारी बने

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। मुकेश गुप्ता को भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश टीम में नए दायित्व ष्प्रदेश संगठन मंत्री और प्रदेश सह .मीडिया प्रभारीष् की जिम्मेदारी मिली है। यह जानकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा और प्रदेश महामंत्री अतुल जैन की ओर से भेजे गए पत्र में दी गई है

इससे पहले श्री गुप्ता ने भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कानपुर के संगठन मंत्री एवं मंडल मीडिया प्रभारी पद से त्यागपत्र दे दिया है श्री गुप्ता ने बताया कि संगठन की ओर से जो पद दिया गया है उसके सभी दायित्व को निष्ठा लगन एवं ईमानदारी से पूरा किया जाएगा व्यापारी हितों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष और उनकी समस्याओं का अधिकारियों से सर्वोच्च वरीयता से हल कराया जाएगा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ध्जिला अध्यक्ष शप्रमोद गुप्ता कर्मठ वरिष्ठ और अनुभवी व्यापारिक नेता हमारे साथ हैं मैं उनके साथ और अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर संगठन के मिलकर कार्य किया जाएगा

जिलाधिकारी ने मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी नेए महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया

सम्मान समारोह मैं मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने मेधावी छात्राओं को शुभकामनाएं दी साथी कहा कि छात्रों को सोशल मीडिया से दूर रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए विद्या ही मुक्ति का साधन है शिक्षित होने पर विनम्रता आती है और समाज में उच्च स्थान प्राप्त होता है ।

जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में नेतृत्व कर रही कर्नल सोफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर व्योमिका सिंह से छात्रों को प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने बताया कि विद्यालय की 50 मेधावी छात्राओं को प्रशस्तपत एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है ताकि छात्राएं प्रोत्साहित होकर जिले एवं प्रदेश में भी स्थान प्राप्त करें उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षकों का परिश्रम सराहनीय है छात्रा सम्मान समारोह में वर्ष 2024 बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल में 85ः से अधिक एवं इंटरमीडिएट में 80ः से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 16 छात्राओं को सम्मानित किया गया इसके साथ ही वार्षिक परीक्षा में कक्षा 6 से 11तक प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली 34 छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

शिक्षिका सरिता त्रिवेदी ने रामचरितमानस की चौपाई के माध्यम से छात्राओं को बताया कि परिश्रम से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है! प्रवक्ता रिचा तिवारी एवं सर्वेश शाक्य ने सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया! हाईस्कूल विद्यालय टॉपर आराध्या राज वैष्णवी राठौर तान्या गुनगुन शाक्य कोमल गुप्ता वीना इंटरमीडिएट विद्यालय टॉपर शिल्पी 85 कावेरी प्रतिमा हर्षित मुस्कान राजपूत सोनम पाल शिवांगी श्रृद्धा शाक्य अनीता ईशा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शैलजा मौर्य ज्योति आरती यादव अर्चना गुप्ता नीलम कश्यप निर्मला सिंह आदि शिक्षिकाओं मौजूद रही संचालन श्रीमती आदेश गंगवार ने किया

भारतीय विरांगना कर्नल सोफ़िया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताकर जो अप सम्मानित किया भाजपा ने पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश

छिबरामऊ कन्नौज। शहर के तिरंगा तिराहे पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मोण् शाकिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के मन्त्री विजय शाह ने भारतीय विरांगना कर्नल सोफ़िया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताकर जो आक्रमण किया वह भाजपा की सोच को दर्शाता है जो संस्कार महिला विरोधी है, जिला अध्यक्ष मोण् शाकिर हुसैन एडवोकेट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा प्रधानमंत्री और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि ऐसी ओछी मानसिकता वाले मंत्री को फ़ौरन मंत्रिमंडल और पार्टी से बर्खास्त करेंएइस अवसर पर पीसीसी सदस्य प्रदेश महासचिव ;माइनॉरिटीद्ध संजय पौलए प्रदेश सचिव सेवादल विनोद दुबे पप्पूए पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद शाक्यएपीसीसी सदस्य बिजेन्द्र फौजीए वरिष्ठ कांग्रेसी ओण्पी तिवारीए ओम प्रकाश तिवारी ;अतिराजपुरद्धए आमिर खानए सलमान खानए आमिर अंसारी एडवोकेटए रमेश चन्द्र दिवाकर ;सेवानिवृत्तद्ध सूबेदारए राशिद खानए अभिषेक पौलए दिनेश तिवारीएराजूए आसिफ सिद्दीकीए राजू अंसारी ए नजीबुल खानए मोण् सिराजए और अरशदएउज़्ज़ाम सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।'

ताइक्कांडो का प्रशिक्षण लेना बेटियों के लिए जरूरी है-डॉ. सरीन

फर्रूखाबाद । जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन एवं जिला ओलंपिक संघ के तत्वावधान में ताइक्कांडो की कार्यशाला का शुभारंभ सेंट एंथोनी स्कूल में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कमांडेंट होमगार्ड डीएन सिंह अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी डॉ रजनी सरीन ने कीजिला ताइक्कांडो एसोसिएशन सचिव अजय प्रताप सिंह ने कार्यशाला में रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। कुछ पूर्व प्रशिक्षित बच्चों ने ताइक्कांडो कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संचालन अंजुम दुबे अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ ने किया। इस अवसर पर प्रकाश डालते हुए डॉक्टर सरीन ने कहा कि राष्ट्र रक्षा समाज रक्षा के और स्वयं की रक्षा के लिए ताइक्कांडो का प्रशिक्षण लेना विशेष रूप से बेटियों के लिए बहुत आवश्यक है। इससे हमारा शरीर और हमारा मस्तिष्क मजबूत होता है। और धैर्य बुद्धि विवेक और बल की प्राप्ति होती है।

विकास कार्यों में जिला फिसड्डी कई विभागों को नोटिस जारी

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सी0एम0 डैशबोर्ड की अप्रैल माह की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया जिसमे जिले की रैंकिंग 35 आई है

बैठक में 27 विभागों की 79 योजनाओं की समीक्षा की गई समीक्षा में पशुधन विभाग की कृत्रिम गर्भाधान की रैंक 74 व श्रेणी ई आई अंडा उत्पादन की रैंक 71 आई खराब प्रदर्शन पर सी0वी0ओ0 को नोटिस देने के निर्देश दुग्ध विकास के सहकारी दुग्ध समितियों कार्यक्रम की रैंक 55 व श्रेणी ई आई ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की सड़क निर्माण में रैंक 61 व श्रेणी डी आईए नियोजन विभाग की फैमली आई0डी0 में 58 रैंक आई लोक निर्माण विभाग की सड़कों के अनुरक्षण में 47 रैंक आई मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 50 रैंक आने पर उपायुक्त उद्योग को नोटिस देने के निर्देश जलजीवन मिशन में 53 रैंक पंचायती राज विभाग के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में 43 रैंक आई जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालयों की जाँच कराने के निर्देश दिये व डी0सी0व डी पी0एम0के कार्यो की जाँच के निर्देश दिये विद्युत विल सुधार में 61 रैंक चिकित्सा विभाग की सी0टी0स्कैन में 51 व बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव में 42 रैंक आई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विभागों की रैंक पिछले महीने से गिरी है उनके जिलास्तरीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवनींद्र कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद जिला कृषि अधिकारी डॉ वीके सिंह उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में मौजूद जिला अधिकारी समेत जिला स्तरीय अधिकारी

कर्नल सोफिया कुरैशी पर अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में सपा महिला सभा का पैदल मार्च

फर्रूखाबाद । मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री की ओर से कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध की गई टिप्पणी के विरोध में समाजवादी महिला सभा ने मार्च कर डॉ राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर धरना दिया।

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद । ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर अपमानजनक बयान देने के विरोध में मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के विरुद्ध आज समाजवादी पार्टी महिला सभा ने एक पैदल मार्च निकाला गया। यह विरोध मार्च आवास विकास तिराहे से डॉ राम मनोहर लोहिया मूर्ति तक निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी व पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

महिला सभा की नेताओं ने कहा कि देश के लिए समर्पित और वीरता का परिचय देने वाली सेना की महिला अधिकारी के प्रति भाजपा मंत्री की टिप्पणी बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। इससे भाजपा की महिला विरोधी और संकीर्ण मानसिकता उजागर होती है। यह टिप्पणी न केवल एक अधिकारी के सम्मान का अपमान है बल्कि पूरे देश की महिलाओं के आत्मबल पर प्रहार है। समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भारतीय सेना ने जो साहस और पराक्रम दिखाया है वह सराहनीय है।इस दौरान महानगर अध्यक्ष महिला सभा पूजा कठेरिया लक्ष्मी राजपूत जिला महासचिव महिला सभा वसुधा रीना कठेरिया पूनम बाथम अनीता देवी लीलावती देवी सिम्मी राखी शिल्पी बबली आरती यादव सरला सविता सीमा मीना देवी सरिता माला गीता देवी सरोजनी पाल गीता राजपूत सोफिया संगीता इलियास मंसूरी सुभाष पाल फ्रंटल संगठन के प्रभारी रामपाल सिंह यादव शिव शंकर शर्मा निज़ाम अंसारी अशोक कुमार विनीत परमार अखिल कठेरिया मो अलीम खान आदित्य यादव राजन यादव संजय शाक्य सुधांशु अंबेडकर शीलू खान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता श्री विवेक सिंह यादव द्वारा प्रदान की गई।

भाजपा की तिरंगा यात्रा 17 मई को टाउन हॉल से लाल गेट तक

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा ने भारत शौर्य तिरंगा यात्रा के संबंध में पदाधिकारियों की बैठक बुलाई जिसमें उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की ओर से पड़ोसी प्रायोजित आतंकवाद से कश्मीर के पहलगाम में एक विभक्ति घटना को अंजाम दिया गया जिसमें 26 भारतीयों की निर्मम हत्याएं हुई इस घटना के बाद भारत ने देरी न करते हुए घटना से संबंधित आतंकवादियों एवं आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाते हुए ऑपरेशन सिंदूर चलाया जिसमें भारतीय सैन्य अधिकारियों ने अपनी वीरता और शौर्यता का प्रदर्शन करते हुए आतंक एवं आतंकवादियों पर कार्रवाई की। भारतीय जनता पार्टी की ओर से 17 मई को सायंकाल 4रू00 बजे टाउन हॉल से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकलेगी जिसमें जनपद के विभिन्न सामाजिक संगठनों से आवाहन करेगी कि वह इस यात्रा में शामिल होकर भारतीय सैनिकों के शौर्य और साहस के लिए उनका उत्साहवर्धन करें। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में रहेगी। इस कार्यक्रम के लिए संयोजकों की नियुक्ति की गई है। कार्यक्रम में किसी भी राजनीतिक दल का झंडा प्रयोग नहीं किया जाएगा केवल भारतीय तिरंगा प्रयोग किया जाएगा। यह यात्रा टाउन हॉल से आरंभ होकर लाल दरवाजा फब्बारे पर समाप्त होगी। इसके उपरांत सभी ब्लॉकों एवं विधानसभा स्तर पर भी यह यात्रा निकालने के लिए तैयारी बैठक होगी। तिरंगा यात्रा के लिए भाजपा महिला मोर्चा व भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी को जिम्मेदारियां दी गई है। इस यात्रा में पूर्व सैनिकों से भी शामिल होने का आवाहन किया गया है जिला अध्यक्ष ने बताया रानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है 21 मई से 31 मई के मध्य 300वीं जयंती मनाई जाएगी। इस बैठक के अवसर पर जिला महामंत्री डीएस राठौर जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राकेश राठौर समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे

किशोरी ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी

बकेवरए इटावा। बकेवर थाना क्षेत्र की लखना चौकी क्षेत्र के ग्राम मानपुरा निवासी अनिल कठेरिया को 16 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी ने बुधवार देर रात घर में कमरे के अंदर फंदे पर लटकी मिली। सुबह जब परिजन जागे तो अंदर कमरे में किशोरी को कुंडे से फंदे पर लटके देखा। परिजनों ने इसकी सूचना डायल 112 व बकेवर थाना लखना चौकी पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी बकेवर भूपेंद्र सिंह राठी लखना चौकी इंचार्ज हाकिम सिंह मय फोर्स मौके पर पहुँचे। थाना पुलिस ने फॉरेन्सिक टीम को भी साक्ष्य संकलन के लिए मौके पर बुलवाया। पुलिस ने किशोरी के शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सूचना पाकर सीओ भरथना अतुल प्रधान भी मौके पर पहुँचे। गांव में रासलीला कार्यक्रम चल रहा था। किशोरी व उसके घर वाले भी रासलीला देखने गए थे। लक्ष्मी 11 बजे घर वापस आ गयी थी लेकिन उसके परिजन रासलीला देखते रहे। अंदाजा लगाया जा रहा हैं कि किशोरी में अंदर के कमरे में रासलीला से आने के बाद ही फंदा डालकर आत्महत्या कर ली थी। परिजन भी देर रात आकर सो गए। सुबह जागने पर उन्हें जानकारी हुई। थाना प्रभारी बकेवर भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का ही है। शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर उसके अनुसार कार्यवाई की जाएगी।

पावन पर्व वैसाखी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शहर में धम्म यात्रा धूमधाम से निकली गई

छिबरामऊ । कन्नौज शहर के नहर कोठी से धाम यात्रा का शुभारंभ पूर्व सांसद सुब्रत पाठक जिला पंचायत अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने किया। बुद्ध धम्म ;बौद्ध धर्मद्ध का संदेश जीवन के दुखों से मुक्तिए मानसिक शांतिए और नैतिक जीवन जीने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह संदेश न केवल व्यक्तिगत उन्नति के लिएए बल्कि समाज और मानवता के कल्याण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शहर में दर्जनों स्थान पर धर्म यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया धाम यात्रा का स्वागत पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे के पुत्र राहुल रतन पांडे ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कुछ वर्ष कर किया यात्रा में शामिल लोगों ने राहुल रतन पांडे को फूल मालाओं से स्वागत किया उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कन्नौज श्रीमती प्रिया शाक्य ए प्रतिनिधि ;जिला पंचायत अध्यक्ष कन्नौजद्ध ओमकार शाक्य पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नरेन्द्र सिंह राजपूत पूर्व सांसद सुब्रत पाठक॰तिनिधि ; ब्लाक प्रमुख तालग्रामद्ध राजीव सिंह पुच्ची ठाकुर जीए प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख छिबरामऊ बादाम सिंह पाल नगर पालिका अध्यक्ष छिबरामऊ मनोज दुबे पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत सिकंदरपुर रजनीकांत दुबे जिला पंचायत सदस्य प्रमोद राजपूत पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य गौरव शाक्य नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी दिलीप गुप्ता आनंद गुप्ता एवं हजारों सम्मानित नागरिकगण उपस्थित रहे ।

गर्मी छुट्टी को लेकर समर कैम्प का आयोजन 21 से 10 जून तक

इटावा। जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण समिति की बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टी को लेकर जनपद में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 21 मई से 10 जून तक जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है इसमें कुल 283 विद्यालयए 54 एडिट स्कूलए 21 सरकारी स्कूल हैं। उन्होंने कहा कि कैंप में विद्यार्थी नियमित पढ़ाई से भिन्न रोचक गतिविधियों का आनंद ले सके। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा की समर कैंप को लेकर प्रतिदिन गर्मी को देखते हुए एंबुलेंस आदि की व्यवस्था एवं स्कूल बस की व्यवस्था सभी विद्यालय में सुनिश्चित की जाए। कैंप का समय 7 से 11 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने कहा कि 21 कॉलेज में समर कैंप का आयोजन आवश्यक किया जाएगा जिसमें 50 प्रतिशत बच्चे उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि संबंधित अध्यापक को कार्यक्रम के पहले चार्ट भिजवाया जाए। उन्होंने कहा कि जलपान के लिए बच्चों को समय.समय पर छाछए पानी आदि दिया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में कंप्यूटर के टीचर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि लड़कियों के साथ.साथ लड़कों को भी खाद्य सामग्री की जानकारी होनी चाहिए एवं सभी को बनाना आना चाहिए। बैठक के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारीए क्रीडा अधिकारीए स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रखण्ड कानपुर।

पत्रांक– 131 /ल0सिं0/लेखा0/निविदा सूचना/2025–26 दिनांक– 06.05.2025

ई–निविदा सूचना संख्या– 03/EE/2025-26

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से लघु सिंचाई खण्ड कानपुर अन्तर्गत जनपद कानपुर नगर में जियोयोजनान्तर्गत चेकडैम निर्माण कार्यो एवं वर्षा जल संचयन एवं भूजल संवर्द्धन योजनान्तर्गत तालाब जीर्णोद्धार कार्य हेतु ऑनलाईन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नानुसार अनुभव रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष कार्य करने का अनुभव रखते हो, उनके विरूद्ध कोई जाँच लम्बित न हो, से प्रतिशत दर पर ई0 निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र एवं निविदा नियम व शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 18.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 28.05.2025 के पूर्वान्ह 11.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in वेबसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड दिनांक 28.05.2025 को पूर्वान्ह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त लखनऊ के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा डाउनलोड किया जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्सियल बिड दिनांक 28.05.2025 के अपरान्ह 3.30 बजे डाउनलोड किये जायेंगे। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय डाउनलोड किया जायेगा। विशेष परिस्थितियों में निविदा डाउनलोड की तिथि/समय आदि में यदि परिवर्तन होता है तो उसकी सूचना ऑनलाईन/नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी।

कार्य का विवरण

क्र0 सं0	कार्य का नाम व विवरण	जनपद/विकास खण्ड	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	मात्रा	कार्य पूर्ण करने की अवधि	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य व स्टेशनरी चार्ज जीएसटी0 सहित(रू0 में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	ग्राम देवपुरा में रिन्द नदी पर चेकडैम निर्माण कार्य	कानगर भीतरगांव	68.91	BOQ के अनुसार	4 माह	6.90	2714/-
2	ग्राम पालपुर में गड़रहा नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य	कानगर भीतरगांव	29.05	BOQ के अनुसार	4 माह	2.90	944/-
3	ग्राम माली में बड़ा तालाब जीर्णोद्धार कार्य	काननगर चौबेपुर	42.44	BOQ के अनुसार	4 माह	4.25	2714/-
4	ग्राम इब्राहीमपुर रौथ में बड़ा तालाब जीर्णोद्धार कार्य	काननगर ककवन	58.89	BOQ के अनुसार	4 माह	5.90	2714/-
5	ग्राम धरमंगतपुर में भिटवा तालाब जीर्णोद्धार कार्य	काननगर घाटमपुर	23.52	BOQ के अनुसार	4 माह	2.35	944/
6	ग्राम हिरनी में रामपुर गांव काली मन्दिर तालाब जीर्णोद्धार कार्य	काननगर पतारा	22.70	BOQ के अनुसार	4 माह	2.27	944/
7	ग्राम रायपुर नर्वल में राऊ तालाब जीर्णोद्धार कार्य	काननगर सरसौल	29.31	BOQ के अनुसार	4 माह	2.93	944/

उ0प्र0 233699 दिनांक- 14.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड, कानपुर।

चौकी प्रभारी पर लगाया एसी लगवाने का आरोप

छिबरामऊ। फर्रूखाबाद रोड स्थित साईमीर कालेज ऑफ ईस्टीट्र्यूशंस द्वारा निर्मित पुलिस चौकी पर गभीर आरोप लगे हैइसको लेकर संस्था ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेज कार्यवाही की मांग की हैाचौकी प्रभारी ने जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के लिए विधुत ट्रांसफार्मर लगाने के काम को रोक दिया और इसे अनुमति देने के बदले मे चौकी मे एसी व इनवर्टरएबडी बैटरीएएस्कार्ट्स फैन सहित कई समान की मांग की हैासाईमीर ग्रुप ने अपने खर्चे पर पुलिस चौकी के भवन का निर्माण कराया हैासंस्था के कार्यकारी निदेशक ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार को पत्र लिखकर शिकायत की है कि चौकी ईचाज न केवल ट्रांसफार्मर लगवाने मे बाधा डाल रहोबल्कि अन्य सुविधाओ की भी मांग कर रहे है।

पूर्व राज्य मंत्री विधायक ने नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया

छिबरामऊ। कन्नौज पूर्व राज्य मंत्री विधायक अर्चना पांडे ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग मंत्री से मुलाकात कर लिखित रूप से समस्याओं से अवगत कराया

नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री । ज्ञ्ौंतउं जी से आवास पर भेंट कर विधानसभा क्षेत्र की नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग से संबंधित समस्याओं के संबंध में अवगत कराया । मंत्री जी प्राथमिकता से निस्तारण करने का आश्वासन दिया।नगर पंचायतों में अधिशासी अधिकारियों के नियुक्ति पेयजल एवं जल निकासी योजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण कराना। 132 केवी पारेषण उपकेंद्र का नवनिर्माण ण् अतिभारित गुरसहायगंज व बहवलपुर उपकेंद्र के अंतर्गत समधन व कसावा में आवंटित भूमि पर उपकेंद्रों का नवनिर्माण नगर विकास ऊर्जा मंत्री ने आश्वासन दिया की प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सड़क पर सियासी श्रेय का संघर्ष

सैन्य कार्रवाई की कामयाबी का श्रेय लेने से भाजपा को रोकने के लिए तमाम हथकंडे आजमा रहे विरोधी

नई दिल्ली, ब्यूरो। पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिए गए सांप्रदायिक नरसंहार का बदला लेने के लिए आरंभ किए गए ऑपरेशन सिंदूर में पहले सीमा पार स्थिति आतंक के नौ सबसे बड़े अड्डों को जमींदोज करने और फिर आतंकियों पर हुई कार्रवाई का बदला लेने के लिए मैदान में उतरी पाकिस्तान की फौज को निर्मम और घातक प्रहार के द्वारा महज दो दिन में ही सीजफायर की गुहार लगाने के लिए मजबूर कर देने में मिली ऐतिहासिक कामयाबी को लेकर अब देश की घरेलू राजनीति में भारी घमासान का माहौल दिखाई दे रहा है। जहां एक ओर देश के दुश्मनों और विरोधी तत्वों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को झुठलाने व कम करके दिखाने के लिए भ्रम का वातावरण बनाने की कोशिश का मुकम्मल जवाब देते हुए अप्रतिम शौर्य व पराक्रम का प्रदर्शन करके भारत को गौरवान्वित करने वाली सैन्य शक्ति के सम्मान में सत्तारूढ़ भाजपा की ओर से देश भर में ग्यारह दिवसीय तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है वहीं दूसरी ओर इस पूरे माहौल का राजनीतिक विश्लेषण करने के बाद विपक्षी दलों में भारी अकुलाहट और तिलमिलाहट साफ झलक रही है। विपक्षी दलों को साफ तौर पर यह एहसास हो चला है कि अगर समय रहते मौजूदा माहौल में हस्तक्षेप नहीं किया गया तो आगामी चुनावों में इसका पूरा एकतरफा लाभ उठाने से भाजपा को रोक पाना संभव नहीं हो पाएगा। यही वजह है कि विपक्षी दलों ने भी ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कूटनीतिक चालें चलनी आरंभ कर दी हैं ताकि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम प्रकरण से लेकर 10 मई को युद्धविराम की औपचारिक घोषणा तक के बीच में सुरक्षा और कूटनीति के मोर्चे पर सामने आई कमियों, खामियों और समस्याओं के लिए केंद्र की मोदी सरकार को जवाबदेह बनाया जा सके और ऑपरेशन सिंदूर का पूरा और एकतरफा श्रेय लेती दिख रही भाजपा को सवालों के कठघरे में खडा किया जा सके। सियासी मोर्चे पर भाजपा को ऑरेशन सिंदूर का पूरा एकतरफा श्रेय लेने से रोकने के लिए मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से अमल में लाई जा रही रणनीतियों को देखें तो उसने जहां एक ओर केन्द्र सरकार की नाक नीची करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाकर पहलगाम से संघर्ष विराम तक के तमाम मामलों पर विस्तृत चर्चा कराए जाने की मांग की है वहीं दूसरी ओर अमेरिका के दबाव में सीजफायर स्वीकार करके भारत की संप्रभुता से खिलवाड़ किए जाने का आरोप भी लगाया है। कांग्रेस की कोशिश तो पहलगाम में वारदात को अंजाम देने में आतंकियों को मिली कामयाबी की नैतिक जिम्मेदारी थोपकर गृहमंत्री अमित शाह का इस्तीफा कराने की भी है लेकिन लगे हाथों मोदी विरोध को भारत का विरोध बताए जाने की आशंका से सहमी कांग्रेस ने भी भाजपा की तर्ज पर सेना के सम्मान में अगले सप्ताह से दस दिनों तक पंद्रह सूबों में जयहिंद सभाएं आयोजित करने का ऐलान कर दिया है। दूसरी ओर भाजपा के हाथों दिल्ली की सत्ता गंवाने के बाद पंजाब में अपना वर्चस्व बचाए रखने की जद्दोजहद में जुटी आम आदमी पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर में हासिल सैन्य सफलता को जनअपेक्षाओं के बोझ तले दबाने की रणनीति बनाई है। इसी के तहत उसकी ओर से यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि सेना तो पीओके पर कब्जा करने की कगार पर पहुंच चुकी थी लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव और अमेरिका के दबाव में सरकार ही पीछे हट गई। ऐसी ही लाईन शरद पवार से लेकर उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने भी पकड़ी है और अपने मुखपत्र सामने में उसने भाजपा और केन्द्र सरकार की जमकर मजम्मत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यानी समग्रता में समझें तो मामला अब सियासी श्रेय की खींचतान पर आ गया है जिसमें तय रणनीति को संतुलन के साथ कामयाबी से अमली जामा पहनाने में नाकाम रहने का नतीजा विपक्ष के लिए उम्मीद से कहीं अधिक नुकसानदायक साबित हो सकता है।

संत थामस स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

चुनार(मिर्जापुर)। वर्ष2025 मे केन्द्रीय शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा जारी कक्षा12 व 10 के परीक्षा परिणाम मे नगर के लोवर लाइन मुहल्ले मे स्थित संत थामस स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इण्टरमीडिएट में स्कूल के छात्र विज्ञान वर्ग मे अमन दीप सिंह 91.2 प्रतिशत अकं प्राप्त कर प्रथम स्थान,87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आदित्य कुमार दुसरे स्थान पर रहे वही छात्रा जयाराईन 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। वही वाणिज्य वर्ग में प्रथम स्थान समित कुमार ने 96.6 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पर रहे व द्वितीय स्थान पर हेमंत सिंह 71.6 प्रतिशत पाकर रहे व 69 प्रतिशत अंक पाकर अदिति सिंह तिसरे स्थान पर रहे। वही दसवी मे प्रथम स्थान कार्तिक सिंह 96.4 प्राप्त किया और दुसरे स्थान पर अभिनाश दास95.8 प्रतिशत व95. 6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सृष्टी वर्मा तृतीय स्थान पर रही। खुशी के इस अवसर पर प्रधानाचार्य फादर संतोष कुमार ने बच्चों को आशिर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम व लगन के साथ अपने गुरुजन, अभिभावकों का मान सम्मान बढ़ा सकते हैं।

अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से गिरने से मौत

चुनार (मिर्जापुर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जमुई अंडरपास के आगे पोल संख्या 699/23 के पास एक अज्ञात व्यक्ति (40) ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो गई। मृतक व्यक्ति के दाहिने बाजू पर अंग्रेजी अक्षर में ममता लिखा हुआ है। ब्लैक कलर का टी-शर्ट व ब्लू कलर का जींस पहन रखा है। ट्रेन दीनदयाल रेलवे स्टेशन मुगलसराय से चुनार की तरफ जा रही थी उसी ट्रैक पर मृतक गिट्टी पर गिरा हुआ रात्रि 12.30 बजे के आस पास की है। स्थानीय लोगों द्वारा सुबह 6 बजे शव को देखा गया। चुनार पुलिस को सूचना दी मौके पर चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य मय फोर्स पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए मिर्जापुर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

बाइक सवार दो युवक असंतुलित होकर गिरे, घायल

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बरी गांव स्थित विद्युत उपकेंद्र के पास गुरुवार की दोपहर बाइक सवार असंतुलित होकर सड़क पर गिरकर दो युवक घायल हो गए। मौके पर पहुँचे एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल मंगला ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक के चेहरे पर गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। एसआई रामशंकर ने घायलों की परिजनों को सूचना दे दिया है हलिया थाना क्षेत्र के राजपुर निवासी 28 वर्षीय लवकुश अपने साथी सोनगढ़ा गांव निवासी 30 वर्षीय राजेश के साथ बाइक से लालगंज की तरफ से हलिया की तरफ आ रहे थे की जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग बरी गांव विद्युत उपकेंद्र के पास पहुँचे की बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिरकर बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। बैंक डयूटी पर तैनात एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल मंगला ने घायलो को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर सूचना दिया। मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 के ईएमटी कुलदीप सिंह सेंगर व पायलट सुधाकर दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक रीना पटेल ने प्राथमिक उपचार करने के बाद लवकुश के चेहरे पर गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। घटना की सूचना दोनों घायलों के परिजनों को पुलिस ने दे दिया है। इस संबंध में एसआई रमाशंकर ने बताया की बाइक असंतुलित होने से बाइक सवार दो युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एम्बुलेंस सेवा वाहन से दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया।जहां से चिकित्सक ने एक युवक की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दिया गया है।

सूचना

मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी मीना कुमारी की जन्मतिथि 09.09.1985 गलत अंकित हो गई है सही जन्मतिथि 20.06.1976 है जो कि शैक्षणिक अभिलेखों, आधारकार्ड, पैनकार्ड में दर्ज है। पहले पुत्र लक्ष्य सिंह की जन्मतिथि 14.03.2008 दर्ज है जबकि सही 14.03.2009 है। दूसरे पुत्र आर्यन सिंह की जन्मतिथि 06.03.2009 दर्ज है जबकि सही जन्म तिथि 06.03.2010 है जिसे अंकित किया जाना न्याय संगत होगा। आर्मी नं. 6945656 एक्स हवलदार ब्रजेन्द्र सिंह पुत्र श्री राम बहादुर निवासी त्योर पो. बमरौली थाना तालग्राम जिला कन्नौज।

सी.आर.-319/K

अदालती सूचना

न्यायालय असिस्टेंट कलेक्टर प्रथम श्रेणी रसूलाबाद कानपुर देहात
मुकदमा नम्बर 364/23
वादी –उमाशंकर बनाम गणेश शंकर आदि
साकिन असालतगंज धारा 116 यूपी आर सी

तलबी पक्ष –1. राकेश कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी ग्राम चौविन निवादा मौजा असालतगंज तहसील रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात 2. कुसमा शुक्ला पत्नी स्वर्गीय चक्रपाणि निवासी ग्राम चौविन निवादा मौजा असालतगंज तहसील रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 26.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-319/K-CN

अदालती सूचना

न्यायालय किराया प्राधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक), कानपुर नगर
आवेदन संख्या. डी202403410005045/2024
धारा–21 (2) अधिनियम उ.प्र.न.परि. कि. वि. अधि. 2021
ता. पेशी 30.05.2025
सूरज गुप्ता बनाम श्रीमती रीता देवी

सूरज गुप्ता पुत्र श्री रामदीन गुप्ता निवासी मकान नंबर 318ए–2, ओमपुरवा चकेरी रोड कानपुर नगर .....आवेदक/भूस्वामी

बनाम–श्रीमती रीता देवी पत्नी स्व० राकेश सोनी निवासी मकान नं०–327ए ओमपुरवा चकेरी, कानपुर नगर व किरायेदार दुकान स्थित भूमिखण्ड जुज भाग आराजी नं0–953 मि० मौजा चन्दारी परगना व जिला कानपुर नगर ....विरोधी पक्षकार (किरायेदार)

कारण बताओ नोटिस– वादी ने उ.प्र. नगरीय किराएदारी विनियमन अधिनियम 2021 की धारा–21(2) अधिनियम के अधीन अनुसूची में विवरणित परिसर के सम्बन्ध में एक आवेदन प्रस्तुत किया है कानपुर नगर को सूचना दी जाती है कि उपर्युक्त आवेदन में दिनांक 30.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे अपरान्ह का समय किराया प्राधिकारी के समक्ष उसके कार्यालय में नियत किया गया है, अतएव उपर्युक्त दिनांक को कारण बताने के लिए, कि क्यों न उपर्युक्त आवेदन स्वीकार किया जाये, आप स्वयं या अपने प्राधिकृत व्यक्ति या काउंसेल के माध्यम से उपस्थित हों। आप या आपके प्राधिकृत व्यक्ति या कांउसेल के उक्त दिनांक को समय पर कारण बताने के लिये उपस्थित न होने की दशा में आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय किया जायेगा जिसे कृपया ध्यान दें। आज दिनांक 14.05.2025 को न्यायालय मुहर से दी गयी। आज्ञा से, किराया प्राधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) कानपुर नगर।

सी.आर.-319/K-CN

अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 3990/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410003990
सुधीर कुमार साहू आदि बनाम श्रीमती आशा पासी आदि
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. सुधीर कुमार साहू वयस्क पुत्र स्व. श्याम बिहारी साहू आदि दोनों निवासीगण म.नं. 88/1ए, प्रेम नगर कानपुर नगर ...आवेदकगण/भूस्वामीगण

बनाम– 1. श्रीमती आशा पासी वयस्क पत्नी स्व. राम मनोहर पासी 2. उमा शंकर पासी वयस्क पुत्र स्व. राम मनोहर पासी दोनो निवासीगण 104/308 सीसामऊ बड़ा चौराहा कानपुर नगर .....विरोधी पक्षकारगण/किरायेदार

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 21(2)(क)(ख) व 21(2)एम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 16 सन् 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 02.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-319/K-CN

अदालती सूचना

न्यायालय किराया प्राधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक), कानपुर नगर
आवेदन संख्या– डी202403410006822/2024
धारा–21 (2) अधिनियम उ.प्र.न.परि. कि.वि. अधि.–2021
ता० पेशी–30–05–2025
सूरज गुप्ता बनाम सन्तोष गुप्ता

सूरज गुप्ता पुत्र श्री रामदीन गुप्ता निवासी मकान नं०–318 ए–2 ओमपुरवा चकेरी रोड कानपुर नगर .....आवेदक/भूस्वामी

बनाम– संतोष गुप्ता पुत्र नामालूम निवासी भूमिखण्ड मकान नं०–327ए ओमपुरवा चकेरी कानपुर नगर स्थित जुज भाग आराजी नं०–953 मि०. मौजा चन्दारी परगना व जिला कानपुर नगर...विरोधी पक्षकार/(किरायेदार)

कारण बताओ नोटिस– वादी ने उत्तर प्रदेश नगरीय किराएदारी विनियमन अधिनियम 2021 की धारा–21(2) अधिनियम के अधीन अनुसूची में विवरणित परिसर के सम्बन्ध में एक आवेदन प्रस्तुत किया है कानपुर नगर को सूचना दी जाती है कि उपर्युक्त आवेदन में दिनांक 30.05.2025 को प्रातः 11 बजे अपरान्ह का समय किराया प्राधिकारी के समक्ष उसके कार्यालय में नियत किया गया है. अतएव उपर्युक्त दिनांक को कारण बताने के लिए, कि क्यों न उपर्युक्त आवेदन स्वीकार किया जाये, आप स्वयं या अपने प्राधिकृत व्यक्ति या काउंसेल के माध्यम से उपस्थित हों। आप या आपके प्राधिकृत व्यक्ति या कांउसेल के उक्त दिनांक को समय पर कारण बताने के लिये उपस्थित न होने की दशा में आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय किया जायेगा जिसे कृपया ध्यान दें। आज दिनांक 14.05.2025 को न्यायालय मुहर से दी गयी। आज्ञा. से, किराया प्राधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) कानपुर नगर।

सी.आर.-319/K-CN

अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 3729/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410003729
श्रीमती शीबा शकील बनाम हामिद खॉं
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. श्रीमती शीबा शकील पत्नी शकील अहमद नि.म.नं. 97/342 तलाक महल कानपुर नगर ...आवेदक/भूस्वामी

बनाम– मो. हामिद खॉं पुत्र मो. हनीफ खॉं दुकान स्थित साकिन म.नं. 97/342 तलाक महल कानपुर एवं नि.म.नं. 97/134 तलाक महल कानपुर नगर .....विरोधी पक्षकार/किरायेदार

दावा अन्तर्गत धारा 4, 21(2)(क)(ख) उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 29.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-319/K-CN

अदालती सूचना

न्यायालय किराया प्राधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक), कानपुर नगर
आवेदन संख्या– डी202403410006821/2024
धारा–21(2) अधिनियम उ०प्र०न०परि० कि० वि० अधि०–2021 ता.पेशी 30.05.2025
सूरज गुप्ता बनाम राम रतन

सूरज गुप्ता पुत्र श्री रामदीन गुप्ता निवासी मकान नं.–318 ए–2 ओमपुरवा चकेरी रोड कानपुर नगर ....आवेदक/भूस्वामी

बनाम–राम रतन पुत्र नामालूम निवासी भूमिखण्ड मकान नं०–327 ए ओमपुरवा चकेरी कानपुर नगर स्थित जुज भाग आराजी नं०–953 मि० मौजा चन्दारी परगना व जिला कानपुर नगर...विरोधी पक्षकार/ किरायेदार

कारण बताओ नोटिस–वादी ने उत्तर प्रदेश नगरीय किराएदारी विनियमन अधिनियम 2021 की धारा–21(2) के अधीन अनुसूची में विवरणित परिसर के सम्बन्ध में एक आवेदन प्रस्तुत किया है कानपुर नगर को सूचना दी जाती है कि उपर्युक्त आवेदन में दिनांक 30.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे अपरान्ह का समय किराया प्राधिकारी के समक्ष उसके कार्यालय में नियत किया गया है, अतएव उपर्युक्त दिनांक को कारण बताने के लिए, कि क्यों न उपर्युक्त आवेदन स्वीकार किया जाये, आप स्वयं या अपने प्राधिकृत व्यक्ति या काउंसेल के माध्यम से उपस्थित हों। आप या आपके प्राधिकृत व्यक्ति या कांउसेल के उक्त दिनांक को समय पर कारण बताने के लिये उपस्थित न होने की दशा में आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय किया जायेगा जिसे कृपया ध्यान दें। आज दिनांक 14.05.2025 को न्यायालय मुहर से दी गयी। आज्ञा सें, किराया प्राधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) कानपुर नगर।

सी.आर.-319/K-CN

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

NER-LJN-2025-45

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है – **ई–निविदा संख्याः** NER-LJN-2025-45, **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडलः–व.म.ई.–तृतीय/ल.ज. के अधीन गोंडा रेलवे स्टेशन पर 40 के.एल.डी. क्षमता के 02 और बादशाहनगर रेलवे स्टेशन पर 08 के.एल. डी. क्षमता के मॉड्यूलर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का प्रावधान और संबंधित सिविल कार्य। **अनुमानित लागत (रू):** 31138611.04, **अग्रिम धन (रू)** : 305700.00, **समापन / अवधि** : 12 माह • उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-45 के लिये ई–निविदा दिनांक 04.06.2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। • उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/(इन्जी0) लखनऊ
मुजाधि/डब्लू–62

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 4001/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410004001
सुधीर कुमार साहू आदि बनाम श्रीमती कृष्णा साहू ...आदि
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. सुधीर कुमार साहू वयस्क पुत्र स्व. श्याम बिहारी साहू आदि दोनों निवासीगण म.नं. 88/1ए, प्रेम नगर कानपुर नगर ...आवेदकगण/भूस्वामीगण

बनाम– 1. श्रीमती कृष्णा साहू वयस्क पत्नी स्व. लक्ष्मी नारायन साहू 2. संजय साहू वयस्क पुत्र स्व. लक्ष्मी नारायन साहू दोनो निवासीगण 104/308 सीसामऊ बड़ा चौराहा कानपुर नगर .....विरोधी पक्षकारगण/किरायेदार

धारा 21(2)(क)(ख) व 21(2)एम उ.प्र.नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 16 सन् 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 02.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से,

सी.आर.-319/K-CN

अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 3646/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410003646
श्री राहुल शुक्ला आदि बनाम श्री शंकर लाल आर्या
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. श्री राहुल शुक्ला पुत्र राजीव शुक्ला नि. 46/154 हालसी रोड कानपुर नगर–208001 आदि ..वादीगण/भूस्वामी

बनाम– 1. श्री शंकर लाल आर्या पुत्र स्व. रामचन्द्र आर्या म.नं. 75/109 हालसी रोड कानपुर नगर 208001 .....विरोधी पक्षकार/किरायेदार

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 9(5) एवं 21(2)(ए),(बी) एवं (एम) उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021 थाना बादशाही नाका कानपुर नगर

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 29.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-319/K-CN

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, डी–2 तालपुरा योजना झांसी

सर्वसाधारण सूचना– उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद की नन्दनपुरा योजना झांसी में अ०आ०वर्ग भवन ए–342 श्री रण विजय सिंह पुत्र स्व० श्री जगन्नाथ सिंह को प्रदेशन पत्र संख्या–1135 दिनांक 10.07.1981 द्वारा आवंटित हुआ था। आबंटी श्री रण विजय सिंह द्वारा उक्त भवन का पट्टा/विक्रय विलेख निष्पादित/निबन्धित कराने के पश्चात् उक्त भवन का विक्रय श्री सक्षम सिंह पुत्र श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह के पक्ष में दिनांक 06.01.2009 को कर दिया गया तत्पश्चात् श्री सक्षम सिंह द्वारा भवन संख्या ए–342 का विक्रय जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक 28.12.2021 को श्री महेश साहू पुत्र श्री तुलसीराम साहू एवं श्रीमती विनीता साहू पत्नी श्री महेश साहू निवासी ए–138/2 आवास विकास कालोनी नन्दनपुरा योजना झांसी के पक्ष में संयुक्त रूप से कर दिया गया है। उनके द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण संयुक्त रूप से कराये जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि यदि सन्दर्भित भवन ए–342 को श्री महेश साहू पुत्र श्री तुलसीराम साहू एवं श्रीमती विनीता साहू पत्नी श्री महेश साहू के पक्ष में नामान्तरित करने में किसी को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपना आपत्ति पत्र कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, डी–2, तालपुरा योजना झांसी में प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात दावा कर्ता (Claiment) के पक्ष में नामान्तरण कर दिया जायेगा। जिसके लिये परिषद उत्तरदायी नहीं होगा।

सम्पत्ति प्रबन्धक कृते आवास आयुक्त FMG

सी.आर.-309/K-CN

कानपुर विकास प्राधिकरण कानपुर — आवश्यक सूचना

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राधाकान्त त्रिपाठी पुत्र स्व० राम कृष्ण त्रिपाठी द्वारा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आदि प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 47 ब्लाक एच योजना तात्याटोपे नगर क्षेत्रफल 50.00 व०मी० का नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कानपुर प्राधिकरण द्वारा भूखण्ड संख्या 47 ब्लाक एच योजना तात्याटोपे नगर क्षेत्रफल 50.00 व०मी० का आवंटन श्रीमती सरोज त्रिपाठी पत्नी श्री राम कृष्ण त्रिपाठी के पक्ष में दिनांक 25.11.1999 को किया गया था। प्राधिकरण द्वारा भूखण्ड का फ्री–होल्ड निष्पादन दिनांक 23.06.2003 को श्रीमती सरोज त्रिपाठी पत्नी श्री राम कृष्ण त्रिपाठी के पक्ष में निष्पादित किया गया था। प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार मूल आवंटी श्रीमती सरोज त्रिपाठी पत्नी श्री राम कृष्ण त्रिपाठी की मृत्यु दिनांक 11.05.2007 को हो चुकी है एवं इनके पति श्री राम कृष्ण त्रिपाठी पुत्र श्री राम कुमार त्रिपाठी की मृत्यु दिनांक 25.09.2024 को हो चुकी है व इनके पुत्र श्री विनोद कुमार उर्फ नारायण तिवारी पुत्र श्री राम कृष्ण त्रिपाठी की मृत्यु दिनांक 24.09.2013 को हो चुकी है। कार्यालय उपजिलाधिकारी (सदर), कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण संख्या 2025011326440020/दिनांक 13.02.2025 के अनुसार निम्नलिखित वारिसान अंकित है–क्रम सं. 1., मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम– श्री राधाकान्त त्रिपाठी, मृतक से सम्बन्ध– पुत्र, आयु (वर्ष)– उम्र 36 वर्ष। प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार मृतक का कोई अन्य उत्तराधिकारी नहीं है। अतः उपरोक्त तालिका के क्रमांक 1 पर अंकित वारिसान द्वारा फोटोयुक्त शपथ पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री राधाकान्त त्रिपाठी पुत्र स्व० राम कृष्ण त्रिपाठी के पक्ष में किया जाना है। उक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय (विक्रय जोन–3) में प्रस्तुत कर दें. निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन–3) कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर

सी.आर.-319/K

उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0
पनकी, कानपुर
वेबसाइट www.uprvunl.org

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

1. **ई–निविदा सं0– ET-07/PTEP/CCC/CCD-I/2025-26** पनकी तापीय विस्तार परियोजना के रेलवे साइडिंग के अन्तर्गत अस्थायी व्यवस्था के रूप में R&D Yard की 01 अतिरिक्त पुरानी लाइन (Line No.-01) को कोल रैकों के लिए परिचालन योग्य बनाये जाने हेतु आवश्यक अनुरक्षण, मरम्मत एवं सुरक्षात्मक कार्य।
अनुमानित लागत– 14,51,563.00 **निविदा शुल्क**– 1,180.00 **धरोहर धनराशि**– 30,000.00 **ई–निविदा खुलने की तिथि** : 26.05.2025
2. **ई–निविदा सं0– ET-05/PTEP/CCC/CCD-3/2025-26** पनकी तापीय विस्तार परियोजना पनकी, कानपुर में 90 कि0ली0 ओवर हेड वाटर टैंक का मरम्मत, एवं अनुरक्षण का कार्य।
अनुमानित लागत– 10,22,385.00 **निविदा शुल्क**– 1,888.00 **धरोहर धनराशि**– 20,500.00 **ई–निविदा खुलने की तिथि** : 31.05.2025
3. **ई–निविदा सं0– SET-03/EMCC-II/EMCD-IV/PTEP/2025-26,** पनकी तापीय विस्तार परियोजना पनकी, कानपुर में पनकी धाम रेलवे स्टेशन से कोल रैक आने/जाने हेतु सहायता सम्बन्धी कार्य।
अनुमानित लागत– 28,15,000.00 **निविदा शुल्क**– 1,180.00 **धरोहर धनराशि**– 56,000.00 **ई–निविदा खुलने की तिथि** : 31.05.2025

अधिशासी अभियन्ता (के0क्र0ख0)

पत्रांक : 23/1x660 मे0वा0 पनकी विस्तार/मु0अभि0/सी0पी0डी0/विज्ञापन/2025 दिनांकः 15.05.2025

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

अदालती सूचना

न्यायालय असिस्टेंट कलेक्टर प्रथम श्रेणी रसूलाबाद कानपुर देहात
मुकदमा नम्बर 363/23
वादी–उमाशंकर बनाम चक्रपाणि आदि
साकिन असालतगंज धारा 116 यूपी आर सी

तलबी पक्ष–1.राकेश कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी ग्राम चौविन निवादा मौजा असालतगंज तहसील रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात 2. कुसमा शुक्ला पत्नी स्वर्गीय चक्रपाणि निवासी ग्राम चौविन निवादा मौजा असालतगंज तहसील रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 26.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-319/K-CN

अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 3645/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410003645
श्री राहुल शुक्ला आदि बनाम मुरब्बा भडार आदि
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. श्री राहुल शुक्ला पुत्र राजीव शुक्ला नि. 46/154 हलसी रोड कानपुर नगर–208001 आदि ..वादीगण/भूस्वामी

बनाम– 1. मुरब्बा भडार म.नं. 75/109 हालसी रोड कानपुर नगर 208001 द्वारा शशि गुप्ता 2. श्री शशि गुप्ता पुत्र स्व. रामलाल गुप्ता म.नं. 75/109 हालसी रोड कानपुर नगर .....विरोधी पक्षकार/किरायेदार

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 9(5) एवं 21(2)(ए),(बी) एवं (एम) उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021 थाना बादशाही नाका कानपुर नगर

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 29.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-319/K-CN

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम MOHAMMAD TAREEF से बदलकर MOHD TAREEF रख लिया है MOHD TAREEF S/O ABDUL RASHEED R/O 10/203 MADNI NAGAR SHUKLAGANJ UNNAO. 209861(23)

सी.आर.-319/K-25

सूचना

मैने अपने दोनो बेटो अविनाश व कृष्णा से सम्बन्ध विच्छेदकर चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है इनके किसी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी ना होगी। बबली पत्नी स्व. रमेश नि. जगईपुरवा आनन्दनगर लालबंगला कानपुर।(26)

सी.आर.-319/K-26

सूचना

मै अपनी माँ, बहन व भाई से विगत कई वर्षो से अलग रहा हूँ उनके किसी भी कार्य व लेनदेन की जिम्मेदारी मेरी नही होगी। अविनाश कुमार पुत्र स्व. रमेश लाल बंगला कानपुर।(24)

सी.आर.-319/K-25

अदालती सूचना

न्यायालय असिस्टेंट कलेक्टर प्रथम श्रेणी रसूलाबाद कानपुर देहात
मुकदमा नम्बर 362/23
वादी–उमाशंकर बनाम चक्रपाणि आदि
साकिन टिपटिया धारा 116 यूपी आर सी

तलबी पक्ष–1. राकेश कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी ग्राम चौविन निवादा मौजा असालतगंज तहसील रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात 2. कुसमा शुक्ला पत्नी स्वर्गीय चक्रपाणि निवासी ग्राम चौविन निवादा मौजा असालतगंज तहसील रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात 3. गणेशशंकर पुत्र मोहन लाल निवासी ग्राम चौविन निवादा मजरा असालतगंज तहसील रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात ।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 26.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-319/K-CN

अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 2725/2023
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202303410002725
ब्रजेश कुमार वर्मा आदि बनाम मो. नसीम आदि
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. बृजेश कुमार वर्मा वयस्क पुत्र स्व. विजय कुमार वर्मा आदि निवासी भवन सं. 105/712ए, आनन्द बाग कानपुर नगर ...आवेदकगण/भवन स्वामीगण

बनाम– 1. मो. नसीम वयस्क पुत्र जुमराती मैनेजर निवासी भवन सं. 84/52ई, हाता नूर मोहम्मद जरीब चौकी कानपुर नगर 2. मो. जलील उर्फ अच्छू वयस्क पुत्र स्व. जुमराती मैनेजर निवासी भवन सं. 84/52ई, हाता नूर मोहम्मद जरीब चौकी कानपुर नगर .....विरोधी पक्षकार/किराएदार

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 21(2)(ख) उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021 थाना शीशामऊ

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 23.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-319/K-CN

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212, 0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, शुक्रवार, 16 मई, 2025

ट्रंप उड़ा रहे अपने दोस्त नेतन्याहू की नींद

तेल अवीव। मध्य पूर्व दौरे पर निकले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया घोषणाओं ने इजरायल को चौंका दिया है। इजरायल जिन्हें

इजरायल के दुश्मनों से हो रहीं गलबहियां

मध्य पूर्व के दौरे में पूरी तरह किया नजरअंदाज

अपना कट्टर दुश्मन मानता है, ट्रंप उनसे नजदीकियां बढ़ा रहे हैं। ट्रंप का यह कदम इजरायल के लिए इसलिए भी हैरान कर देने वाला है, क्योंकि ट्रंप को इजरायल का सबसे भरोसेमंद सहयोगी माना जाता है, वहीं अब उनके फैसलों से नेतन्याहू सरकार में बेचैनी दिख रही है। ट्रंप ने इस बार अपने दौरे में इजरायल को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया, जो कि संकेत है कि उनका ध्यान अब अरब देशों, खासकर अमीर खाड़ी देशों–जैसे कतर के साथ आर्थिक साझेदारी पर है। इजरायल कतर पर लंबे समय से हमास को समर्थन देने का आरोप लगाता रहा है। दौरे से पहले ही अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत ने इजरायल को बेचैन कर दिया था। ट्रंप का यमन में ईरान-समर्थित हूती विद्रोहियों पर बमबारी रोकने का फैसला भी इजरायल को चुभा है, क्योंकि हूती लगातार इजरायल पर मिसाइल दाग रहे हैं। सबसे बड़ी बात, ट्रंप प्रशासन ने गाजा में फंसे अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर की रिहाई के लिए हमास से समझौता किया, जिसे इजरायल एक आतंकी संगठन मानता है। इस पर भी इजरायल को अलग-थलग ही रहना पड़ा। ट्रंप ने सीरिया पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने का ऐलान भी कर दिया, जिससे खाड़ी देशों को निवेश के रास्ते मिल जाएंगे। जबकि इजरायल सीरिया की नई सरकार को एक छिपा हुआ जिहादी शासन मानता रहा है। नेतन्याहू ने फिलहाल केवल एडन अलेक्जेंडर की रिहाई के लिए ट्रंप का धन्यवाद दिया है, लेकिन अंदरूनी दबाव बढ़ रहा है। इजरायल पहले से ही गाजा युद्ध को लेकर अंतरराष्ट्रीय आलोचना झेल रहा है और सऊदी अरब से रिश्ते सुधारने की कोशिशें ठंडी पड़ी हैं।

'संघर्षविराम के लिए डरे कुत्ते की तरह दुम दबाकर भागा फिरा था पाक'

वॉशिंगटन। भारत के साथ संघर्ष के बाद पाकिस्तानी सेना ने अपने देश की जनता को मुर्ख बनाया और ये दावा किया कि लड़ाई में उनकी

पूर्व शीर्ष अमेरिकी अधिकारी का दावा

जीत हुई है, लेकिन दुनियाभर के रक्षा विशेषज्ञों का साफ कहना है कि भारत ने पाकिस्तान को धूल चटा दी और पाकिस्तानी वायुसेना का भारतीय वायुसेना से कोई मुकाबला ही नहीं था। अब पेंटागन के पूर्व शीर्ष अधिकारी माइकल रुबिन ने भी खुलासा किया है कि भारत ने पाकिस्तान के हमले को भोथरा साबित कर दिया और सैन्य ठिकानों पर हमले के बाद पाकिस्तान इतना घबरा गया था कि डरे हुए कुत्ते की तरह अपनी दुम पैरों में दबाकर संघर्षविराम की मांग कर रहा था। रुबिन ने कहा कि पाकिस्तानी सेना इस हकीकत से नहीं बच सकती कि वे बुरी तरह हारे हैं। भारत पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में कूटनीतिक और सैन्य दोनों तरीकों से विजयी रहा और अब सभी का पूरा फोकस पाकिस्तान के आतंक को बढ़ावा देने पर चला गया है। माइकल रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के साथ हर बार लड़ाई शुरू की और उसे ये भुलावा है कि भारत के खिलाफ लड़ाई में उसकी जीत हो सकती है। पाकिस्तान को ये साबित करने में भी काफी मुश्किल होगी कि चार दिन की हालिया लड़ाई में उसकी जीत हुई है क्योंकि भारत ने सटीक और सुनियोजित तरीके से आतंकी ठिकानों पर हमले किए। पाकिस्तान ने जब जवाबी हमले किए तो भारत ने उसके हर हमले को नाकाम कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान डरे हुए कुत्ते की तरह दुम दबाकर संघर्षविराम के लिए भागता फिरा था।

शेख हसीना के बेटे को मिली अमेरिकी नागरिकता

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे साजिब वाजेद जाय ने अमेरिका नागरिकता हासिल की है। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में नागरिकता की शपथ ली और शनिवार को प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद उन्होंने पासपोर्ट के लिए भी आवेदन किया। शपथ ग्रहण समारोह में विभिन्न देशों के कुल 22 व्यक्तियों ने भाग लिया। उनमें से जाय सहित तीन बांग्लादेशी मूल के लोग शामिल थे। वह अपने साथ एक वकील भी लेकर आए थे। तीन बांग्लादेशियों में से जाय दूसरे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने शपथ ली। अवामी लीग के नेता और पूर्व सूचना राज्य मंत्री मुहम्मद अली अराफात ने कहा कि साजिब का बांग्लादेशी पासपोर्ट यूनुस की अंतरिम सरकार द्वारा अवैध रूप से रद कर दिया गया था।

'भारत की कार्रवाई जरूरी थी'

पाक-आईएसआई को आतंकवाद का पनाहगार बताया



कैलिफोर्निया। अफगानिस्तान की निर्वासित सांसद मरियम सोलेमंखिल ने ऑपरेशन सिंदूर को वाजिब बताया है। उन्होंने कहा कि भारत का ऑपरेशन सिंदूर जरूरी था, क्योंकि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता है और कश्मीर में निर्दोष लोगों की जान लेता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत ने जो किया वह जरूरी था। पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कश्मीर में घुसपैठ की और निर्दोष लोगों की जान ली। आप इसे इतनी आसानी से नहीं जाने दे सकते। भारत जैसा पलटवार किया, वह बहुत जिम्मेदाराना है। वे आतंकवाद की चौकियों, आतंकवादी शिविरों, उन जगहों पर हमला कर रहे थे, जहां सेना पाकिस्तान में आतंकवादियों को और भी ज्यादा पनपने में मदद कर रही है। अफगान नेता सोलेमंखिल ने कहा कि पाकिस्तान दशकों से झूठ फैला रहा है। सरकार और आईएसआई भी यही काम करते हैं। उन्होंने कहा, भारत उन्हीं मुद्दों को उठा रहा है, जिन पर वह पिछले 77 साल से बोल रहा है। पाकिस्तान वही झूठ फैला रहा है।

तुर्की से जुड़े समझौतों की समीक्षा कर रहा भारत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली। भारत और तुर्की के बीच वर्षों से चल रहे व्यापारिक और रणनीतिक संबंध अब एक नई दिशा की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। सरकार के इस कदम के पीछे एक बड़ा कारण तुर्की का लगातार कश्मीर मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बयानबाजी करना और पाकिस्तान के साथ उसकी बढ़ती नजदीकियां हैं।ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार ने तुर्की की कंपनियों से जुड़े सभी समझौते और परियोजनाओं की समीक्षा शुरू कर दी है।

भारत में निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग, एविएशन, मेट्रो रेल और आईटी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय तुर्की की कंपनियों की भूमिका को दोबारा परखा जा रहा है। यह कदम तुर्की के कश्मीर मुद्दे पर बार-बार टिप्पणी और पाकिस्तान के साथ उसकी बढ़ती निकटता के मद्देनजर उठाया गया है। भारत ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन की फरवरी 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में भारत-तुर्की के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। वहीं, अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 तक भारत में तुर्की से कुल 240.18 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई आया है, जिससे तुर्की एफडीआई इक्विटी फ्लो में 45वें स्थान पर रहा। इन निवेशों का विस्तार गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली जैसे राज्यों तक है। मेट्रो रेल, सुरंग निर्माण, और एयरपोर्ट सेवाओं से लेकर शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में कई समझौते और साझेदारियां की गई थीं। उदाहरण के तौर पर, 2020 में अटल टनल के इलेक्ट्रोमैकेनिकल हिस्से का कार्य एक तुर्की कंपनी को सौंपा गया था, जबकि 2024 में रेलवे विकास निगम लिमिटेड ने मेट्रो परियोजना के लिए एक तुर्की कंपनी के साथ समझौता किया।

एक नज़र

डबल गेम : पाक के दोस्त तुर्की को मिसाइलें बेचेंगे ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिका ने तुर्की को 304 मिलियन डॉलर की मिसाइलों की बिक्री को मंजूरी दे दी है। यह कदम नाटो सहयोगी व्यापार और रक्षा संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। हाल के समय में जब भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे, तब तुर्की ने ही पाकिस्तान की मदद की थी। न सिर्फ उसने 350 से ज्यादा तुर्की ड्रोन पाकिस्तान को दिए थे, बल्कि उन्हें ऑपरेट करने के लिए मिलिट्री ऑपरेटिव को भी भेजा था। इसके बाद से ही तुर्की और भारत के संबंध भी खराब होने लगे हैं और भारत की जनता उसे एक दुश्मन देश की तरह मानने लगी है। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि क्या अमेरिका डबल गेम खेल रहा है। एक ओर वह भारत से अच्छे रिश्ते की बात करता है तो दूसरी ओर पाकिस्तान की मदद करने वाले तुर्की को भी हथियार देने से भी पीछे नहीं हटता। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने बताया है कि तुर्की ने 225 मिलियन डॉलर की अनुमानित लागत से 53 एडवाइंस मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और 79.1 मिलियन डॉलर की लागत से 60 ब्लॉक टू मिसाइलों का अनुरोध किया है। आरटीएक्स कॉर्पोरेशन बिक्री के लिए मुख्य ठेकेदार होगा।

समझौता या जंग... ईरान के पास सिर्फ दो रास्ते

कतर। अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे विवाद के बीच ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है। उन्होंने कतर में एक व्यापारिक सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि ईरान के साथ गतिरोध के समाधान के लिए दो ही कदम उठाये जा सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर जारी गतिरोध को हल करने के लिए या तो समझौता किया जा सकता है या फिर जंग की जा सकती है। ट्रंप ने कहा कि क्या हम ईरान की समस्या को क्रूर तरीके के बजाय बुद्धिमानी से हल कर सकते हैं। इसके केवल दो ही विकल्प हैं- बुद्धिमानी दिखाते हुए समझौता और क्रूरता दिखाते हुए जंग का एलान। ट्रंप ने यह भी कहा कि कतर के शासक अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कूटनीतिक समझौते के लिए दबाव डाल रहे थे।

कनाडा में भारतीय मूल के सिख कारोबारी की हत्या

ओटावा। कनाडा में एक सिख कारोबारी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। एक कंसलटेंसी कंपनी चलाने वाले सिख व्यवसायी को कनाडा के मिसिसॉगा में उनके दफ्तर के बाहर गोली मार दी गई। घटना बीते बुधवार को सुबह करीब 11 बजे हुई। मृतक की पहचान हरजीत सिंह ढड्डा के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हमलावरों ने हरजीत सिंह को चार गोलियां मारी, जिसके बाद उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट में बताया गया है कि मूल रूप से उत्तराखंड के बाजपुर के रहने वाले ढड्डा ने मिसिसॉगा के ओंटारियो में एक सफल व्यवसायी के तौर पर जाने जाते थे। जांच में यह खुलासा हुआ है कि हरजीत सिंह ढड्डा को हाल ही में जबरन वसूली करने वालों से धमकी भरे फोन आए थे। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने पुलिस को मामले की जानकारी भी दी थी। हालांकि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

दक्षिण गाजा में 54 और फिलिस्तीनी मरे

गाजा। इजरायल और हमास के जारी संघर्ष के बीच एक बार फिर इस्राइल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर घातक हवाई हमला किया। इस हमले में 54 लोगों की जान चली गई, और इससे ज्यादा कई अन्य घायल हो गए। खान यूनिस के नासर अस्पताल के मुर्दाघर ने बताया कि कुल 54 शव अस्पताल लाए गए। इनमें से कई शव टुकड़ों में थे और कुछ बॉडी बैग्स में एक से ज्यादा लोगों के अवशेष थे। यह लगातार दूसरा दिन था जब गाजा में भारी बमबारी हुई। इससे ठीक एक दिन पहले यानी बुधवार को उत्तरी और दक्षिणी गाजा में हुए हमलों में कम से कम 70 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें लगभग दो दर्जन बच्चे भी शामिल थे।

पाकिस्तान में खंडित की गईं अहमदी समुदाय की 100 कब्रें

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अल्पसंख्यक अहमदी समुदाय की करीब 100 कब्रों के साथ तोड़फोड़ की गई है। इस ताजा घटना के साथ ही अब देशभर में इस साल अहमदी समुदाय की खंडित की गई कब्रों की संख्या 250 से अधिक हो गई है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के प्रवक्ता आमिर महमूद ने बताया कि इस साल अब तक पाकिस्तान के 11 अलग-अलग शहरों में लगभग 269 अहमदी कब्रों को खंडित किया गया है। पिछले साल 21 जगहों पर 319 कब्रों को खंडित किया गया था। इस तरह की घिनौनी हरकतें पाकिस्तान की छवि को खराब कर रही हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी घटनाओं के बावजूद अधिकारियों ने पीड़ितों को अभी तक न्याय नहीं दिया है।

आतंक का समर्थन भारत की पीठ में छुरा घोंपने के बराबर

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति (वीसी) शांतिश्री धुलीपुडी पंडित ने कहा कि

तुर्की विश्वविद्यालय के साथ एमओयू निलंबन पर बोलीं जेएनयू वीसी

केंद्रीय विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर चिंताओं को देखते हुए तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) को निलंबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने ऐसे देश के साथ संबंध नहीं रखने का फैसला किया है जो आतंकवाद का समर्थन करता है और भारत की पीठ में छुरा घोंपता है। जेएनयू वीसी पंडित ने बताया, हमारे पास विभिन्न देशों के साथ 98 समझौता ज्ञापन हैं। जेएनयू तुर्की भाषा पढ़ाता है। प्रशासन ने सोचा कि हमें ऐसे देश के साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहिए जो आतंक का समर्थन करता है और भारत की पीठ में छुरा घोंपता है। यही कारण है कि मुझे लगा कि हमारे लिए भारतीय सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होना महत्वपूर्ण है।

नील आर्मस्ट्रांग की विरासत बढ़ाने को तैयार शुभांशु शुक्ला

वाशिंगटन। बहुप्रतीक्षित मिशन एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। अब यह मिशन 8 जून को शाम 6:41 बजे फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। यह ऐतिहासिक उड़ान कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र के उसी प्रक्षेपण परिसर 39A से होगी, जहां से नील आर्मस्ट्रांग ने 16 जुलाई, 1969 को अपोलो 11 मिशन के लिए उड़ान भरी थी। एक्सिओम स्पेस और नासा ने एक्स पर एक पोस्ट में इस बात की जानकारी दी। अभी तक इस मिशन को लॉन्च करने की तारीख 29 मई तय की गई थी। इस मिशन में भारत के शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं।

नासा ने इस मिशन की लॉन्चिग की तारीख में बदलाव की जानकारी दी है। नासा ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि स्पेस स्टेशन उड़ान कार्यक्रम की समीक्षा करने के बाद, नासा और उसके सहयोगी कई आगामी मिशनों के लिए लॉन्चिग की तारीखों में बदलाव कर रहे हैं। इसी क्रम में अब एक्सिओम मिशन 4 को 8 जून, रविवार को लॉन्च किया जाएगा। एक्सिओम मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और भारत की इसरो की एक संयुक्त पहल है। इस मिशन के साथ ही भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इतिहास रचेंगे। शुभांशु हाल ही में नासा द्वारा घोषित किए गए अंतरिक्ष अभियान एक्सिओम मिशन-4 के लिए फाइनल किए गए चार क्रू मेंबर्स के मुख्य पायलट होंगे। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बनने का कीर्तिमान रचेंगे। शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट की भूमिका निभाएंगे और तीन अन्य अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ दो हफ्ते तक आईएसएस पर रुकेंगे। राकेश शर्मा के बाद शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बनेंगे। शुभांशु शुक्ला की ये यात्रा 1984 में राकेश शर्मा की यात्रा के चार दशक बाद हो रही है। 1984 में राकेश शर्मा ने रूस के सोयुज अंतरिक्ष यान पर अंतरिक्ष की यात्रा की थी।

मोहम्मद यूनुस ने फिर शुरू की भारत के खिलाफ गोलबंदी

ढाका। भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद विवाद खड़ा करने की कोशिश में बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने एक बार फिर भारत के पूर्वोत्तर राज्यों

अब नेपाल और भूटान को साथ लेने का खेल

का मुद्दा उठाया है। उन्होंने नेपाल और भूटान को भी शामिल करते हुए एक आर्थिक एकीकरण योजना प्रस्तावित की है। ढाका में नेपाल के प्रतिनिधि सभा के उपसभापति के साथ बैठक के दौरान यूनुस ने जलविद्युत, स्वास्थ्य सेवा और परिवहन अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सीमा पार सहयोग के महत्व पर जोर दिया। साझा परियोजनाओं के माध्यम से गहरे क्षेत्रीय संबंधों की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और सात बहनों के लिए एक एकीकृत आर्थिक योजना होनी चाहिए।

चर्चा में विशेष रूप से बांग्लादेश और नेपाल के बीच जलविद्युत सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें दोनों पक्षों ने हाल ही में हस्ताक्षरित बांग्लादेश-नेपाल-भारत त्रिपक्षीय बिजली बिक्री समझौते के महत्व को पहचाना। यह सौदा बांग्लादेश को भारत के पावर ग्रिड का उपयोग करके नेपाल से 40 मेगावाट बिजली आयात करने में सक्षम बनाता है। यूनुस ने क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश के प्रयासों को भी रेखांकित किया। उन्होंने उल्लेख किया कि रंगपुर में नियोजित 1,000 बिस्तरों वाला अस्पताल नेपाल और भूटान के रोगियों के लिए खुला रहेगा, जिससे क्षेत्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा और साझा समृद्धि को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

लाइव स्ट्रीम के दौरान टिकटॉक इंफ्लूएंसर की हत्या

मेक्सिको। मेक्सिको से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। मेक्सिको में टिकटॉक पर लाइव-स्ट्रीमिंग के दौरान एक सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। स्थानीय

ब्यूटी सैलून में घुसा हत्यारा और मार दी गोली

पुलिस ने बताया है कि 23 साल की वेलेरिया मार्केज की एक व्यक्ति ने हत्या कर दी है। मेक्सिको के जलिस्को के गुआडालाजारा शहर में हत्यारा गिफ्ट देने के बहाने उसके ब्यूटी सैलून में घुस गया और फिर उस पर गोली चला दी। घटना के समय मार्केज अपने ब्लॉसम द ब्यूटी लाउंज सैलून से लाइवस्ट्रीम कर रही थीं, जिसकी एक क्लिप आरटी में एक्स की तरफ से शेयर की गई थी। फुटेज में, टिकटॉकर को एक टेबल पर बैठे हुए, एक खिलौना पकड़े हुए और अपने फ़ॉलोअर्स से बात करते हुए देखा गया। घटना से कुछ सेकंड पहले, उन्हें यह कहते हुए सुना गया, वे आ रहे हैं। इससे पहले कि बैकग्राउंड में एक आवाज ने पूछा, अरे, वेले? हां, मार्केज ने लाइव स्ट्रीम पर आवाज बंद करने से ठीक पहले जवाब दिया। कुछ समय बाद, बैकग्राउंड में शॉट्स सुनाई देते हैं, जब मार्केज टेबल पर गिरने से पहले अपनी पसलियों को पकड़ती हैं। एक व्यक्ति उनका फोन उठाता हुआ दिखाई देता है, जिसका चेहरा वीडियो समाप्त होने से पहले लाइवस्ट्रीम पर कुछ देर के लिए दिखाई देता है।

ट्रंप का नया दावा भारत ने दिया जीरो टैरिफ का प्रस्ताव

दोहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क को शून्य करने की पेशकश की है, हालांकि भारत की ओर से अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई है। ट्रंप ने पश्चिम एशिया की यात्रा के दौरान कतर की राजधानी दोहा में आयोजित व्यापारिक गोलमेज सम्मेलन में यह बात कही। इससे पहले उन्होंने एप्पल द्वारा वहां अपने आईफोन के लिए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना पर चर्चा की। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, 'भारत में बिक्री करना बेहद कठिन है और उन्होंने हमें एक ऐसा समझौता पेश किया है जिसके तहत वे मूलतः हमसे कोई शुल्क नहीं लेने को तैयार हैं।'

रचना मिस्त्री का एक सपना हुआ साकार!

सपने अक्सर वक्त, मेहनत और खामोश जज़्बे से पूरे होते हैं... और एक्ट्रेस रचना मिस्त्री का भी एक बेहद प्यारा सपना हाल ही में हकीकत बन गया है। ज़ी टीवी के प्रेरणादायक शो 'जागृति - एक नई सुबह' में जागृति का दमदार किरदार निभा रहीं लोकप्रिय एक्टर रचना ने अपनी पहली नई कार खरीद ली है। यह खुशी सिर्फएक चीज़ हासिल करने की नहीं है, बल्कि उस जुनून, लगन और सालों की मेहनत का नतीजा है जो रचना ने अपने काम में झोंक दी है। यह कॉम्पैक्ट एसयूवी अपने बोल्ड डिज़ाइन और आराम के लिए जानी जाती है, लेकिन रचना के लिए इसकी अहमियत कहीं ज्यादा है। यह कार उनके आत्मनिर्भर बनने, खुद को साबित करने और उस खामोश जीत की निशानी है, जिसका उन्होंने सालों से ख्वाब देखा था। अपने लिए गाड़ी खरीदना रचना के लिए सिर्फ एक एक्साइटिंग मोमेंट नहीं था। यह एक बेहद भावुक एहसास था। रचना मिस्त्री ने कहा, ''अपनी पहली कार का सपना मैं बहुत वक्त से देखती आ रही थी, और अब जब वो सपना पूरा हुआ है तो यकीन ही नहीं हो रहा। मेरे लिए यह सिर्फएक गाड़ी नहीं है, यह उन सालों की मेहनत, जज़्बे और एक्टिंग के सफर की एक खूबसूरत पहचान है। मैंने इस पल के लिए जाने कब से दुआ की थी, और अब जब यह पल आया है, तो दिल बहुत भावुक और संतुष्ट महसूस कर रहा है।'' रचना ने कहा कि ''जागृति - एक नई सुबह' का हिस्सा बनना मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट रहा है। और ठीक उसी वक्त जब शो ने लीप के बाद 100 एपिसोड्स पूरे किए हैं, यह निजी उपलब्धि और भी खास लगती है। जो प्यार, सहयोग और मौके मुझे मिले हैं, उसके लिए मैं दिल से आभारी हूं।''

ड्रामा, इमोशंस और कॉमेडी का रोल रकोस्टर

न्याय पाने के लिये साहसिक लड़ाइयों से लेकर हंसाते हुए लोट-पोट कर देने वाली गड़बड़ियों और आकस्मिक ट्विस्ट्स तक, आपके चहेते एण्डटीवी शोज में ड्रामा, इमोशंस और कॉमेडी का रोलरकोस्टर आ रहा है। 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में हो रही नई-नई घटनाओं की झलक नीचे दी जा रही है। 'भीमा': पढ़ाई की कोशिश करने के दौरान भीमा (तेजस्विनी सिंह) को अपमान और जातिगत बाधाओं का सामना करना पड़ता है। डॉ. आम्बेडकर (अथर्व) के विचारों से प्रेरित होकर वह सशक्त महसूस करती है और गांव वालों को एकजुट करने के लिये खामोशी तथा प्रतीकों का इस्तेमाल करती है। धीरे-धीरे उसे उनका समर्थन मिलने लगता है और वह गर्व से स्कूल लौटती है। चंदा के रोका में भीमा बालविवाह के खिलाफ आवाज उठाती है और चंदा को शिक्षा का आशीर्वाद देती है। हप्पू की उलटन पलटनः कानपुर में जानलेवा लू चल रही है और शहर में एसी की कमी हो गई है! बाजार में एयर कंडीशनर्स उपलब्ध नहीं है और दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) समेत शहर के लोगों को गर्मी तथा मजबूरी का एहसास हो रहा है। उसके घर में काम कर रहा एकमात्र एसी बेडरूम में है और इसलिये हर रात पूरा परिवार वहीं सोता है! कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी), बच्चे और बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) भी वहाँ आ जाते हैं। भाबीजी घर पर हैं: मॉडर्न कॉलोनी में तेज हीटवेव चल रही है और तापमान के साथ लोगों का पारा भी चढ़ रहा है! इस गर्मी के बीच, तिवारी (रोहिताश्व गौड़) पर सभी का ध्यान जाता है, क्योंकि वह नब्बे हजार रूपये का एक शानदार और विदेश में बना एसी लाया है। उसका घर एक नया टूरिस्ट स्पॉट बन जाता है, उसके कारण नहीं, बल्कि उसके सुपर कूल एसी के कारण! इस बीच विभूति (आसिफशेख) का पसीना बहता ही जा रहा है, क्योंकि गर्मी तेज होने के साथ-साथ उसका दिल भी टूटा है।

बाजार दर्पण